door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 232 | गुवाहाटी | रविवार, 19 मार्च, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

तेतेलिया से अगवा दो बच्चे बिहार से बरामद पेज 3
भारत के 'श्री अन्न' अभियान से ढाई करोड़ छोटे व सीमांत किसानों का होगा... पेज 4
व्यापारियों के हितों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी : राजनाथ पेज 5
जल्द मिलेगा राजस्थानी को राजभाषा का दर्जा पेज 8

*अडानी मामले पर अमित शाह ने तोड़ी चुप्पी, बोले-*


## गलत किया तो बख्शा नहीं जाना चाहिए



**नई दिल्ली।** देश में अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर विपक्ष लगातार हंगामा कर रहा है। अब इस मामले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुप्पी तोड़ी है। इस विवाद की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) बनाने की विपक्ष की मांग पर अमित शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से पहले ही इस मामले का संज्ञान लिया जा चुका है और कोर्ट ने एक जांच समिति का गठन भी किया है। उन्होंने कहा कि अगर कुछ गलत हुआ है तो किसी को बख्शा नहीं जाना चाहिए। एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार को इस विवाद पर कोई भ्रम नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए एक जांच समिति का गठन किया है। अब लोगों को न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास इस मामले से जुड़े सबूत हैं तो उसे सुप्रीम कोर्ट की कमेटी के सामने पेश करना चाहिए। अमित शाह ने आगे कहा कि अगर कुछ गलत हुआ है तो किसी को नहीं बख्शा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) पहले ही सुप्रीम कोर्ट को बता चुका है कि वह इस मामले की जांच कर रहा -शेष पृष्ठ दो पर


*मोदी और हसीना ने मैत्री पाइपलाइन का किया उद्घाटन*

## भारत-बांग्लादेश संबंधों में एक नए अध्याय की शुरूआत हुई : पीएम




**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन (आईबीएफपीएल) को दोनों देशों के बीच संबंधों को एक नये अध्याय की शुरूआत बताया और कहा कि इस पाइपलाइन के माध्यम से उत्तरी बांग्लादेश को प्रति वर्ष एक मिलियन टन डीजल की आपूर्ति की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को वीडियो-कांफ्रेंस के माध्यम से भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन का उद्घाटन किया। यह भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा पार पहली ऊर्जा पाइपलाइन है, जिसे 377 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से बनाया गया है, जिसमें से पाइपलाइन के बांग्लादेश में निर्मित हिस्सें पर लगभग 285 करोड़ रुपए की लागत आई है जिसे अनुदान सहायता के तहत भारत सरकार ने वहन किया है। पाइपलाइन में प्रति वर्ष 1 मिलियन मीट्रिक टन हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) पहुंचाने की क्षमता है। यह शुरुआत में उत्तरी बांग्लादेश के सात जिलों में हाई स्पीड डीजल की आपूर्ति करेगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत-बांग्लादेश संबंधों में आज एक नए अध्याय की शुरूआत हुई है। भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन की नींव हमने सितंबर 2018 में रखी थी। कोविड के बावजूद इस प्रोजेक्ट पर काम चलता रहा और खुशी है कि आज प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ इसका उद्घाटन करने का अवसर आ गया। उन्होंने कहा कि इस पाइपलाइन से उत्तरी बांग्लादेश के विभिन्न जिलों को एक मिलियन मीट्रिक टन हाई स्पीड डीजल की आपूर्ति की जा सकेगी। विश्वास है कि यह पाइपलाइन बांग्लादेश के विकास को और गति देगी, और दोनों देशों के बीच बढ़ती कनेक्टिविटी का भी उत्कृष्ट उदाहरण रहेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रधानमंत्री शेख हसीना -शेष पृष्ठ दो पर

## असम में लगातार दो भूकंप के झटके




**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर राज्य असम में शनिवार को लगातार दो भूकंप के झटके आए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.6 और 2.8 आंकी गई। दोनों ही भूकंप में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि रिक्टर स्केल पर 3.6 तीव्रता का पहला भूकंप सुबह 9.03 बजे दर्ज किया गया, जिसका केंद्र ब्रह्मपुत्र नदी के दक्षिणी किनारे पर जोरहाट जिले के तिताबर के पास 50 किमी की गहराई में था। भूकंप के झटके पड़ोसी शिवसागर, कार्बी आंगलोंग और गोलाघाट जिलों में महसूस किए गए। -शेष पृष्ठ दो पर

## बालाघाट में चार्टर प्लेन क्रैश दोनों पायलटों की मौत



**बालाघाट।** मध्यप्रदेश के बालाघाट में शनिवार दोपहर को एक चार्टर प्लेन क्रैश हो गया। विमान में एक पायलट और एक ट्रेनी पायलट सवार थे। दोनों की मौत हो गई। एक की बॉडी दो चट्टानों के बीच जलती हुई नजर आई। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर रवाना हो गई है। हादसा बालाघाट जिले के लांजी और किरनापुर के बीच भक्कुटोला-कोसमारा की पहाड़ी पर हुआ। एटीसी गोंदिया के एजीएम कमलेश मेश्राम ने बताया कि घटना में ट्रेनी पायलट रुकशंका वरसुका और इंस्ट्रक्टर मोहित की मौत हो गई है। बालाघाट एसपी समीर सौरभ ने बताया कि यह प्लेन ट्रेनी विमान था, जो महाराष्ट्र के गोंदिया जिले -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वांचल केশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## लद्दाख में चीन के साथ स्थिति बेहद नाजुक : एस जयशंकर



**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लद्दाख के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में भारत और चीन के बीच स्थिति नाजुक और खतरनाक है। कुछ हिस्सों में सैन्य बल एक-दूसरे के बहुत करीब तैनात हैं। 2020 के मध्य में क्षेत्र में दोनों पक्षों के संघर्ष में 24 सैनिक मारे गए थे, लेकिन कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के दौर के माध्यम से स्थिति को शांत कर दिया गया था। दिसंबर में दोनों देशों के बीच अचिह्नित सीमा के पूर्वी क्षेत्र में हिंसा -शेष पृष्ठ दो पर

## साथियों के साथ पकड़ा गया खालिस्तान समर्थक अमृतपाल

### पंजाब में इंटरनेट सेवा बंद



**मोगा।** खालिस्तान समर्थक अमृतपाल और उसके 9 साथियों को पंजाब पुलिस ने शनिवार को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारियां अजनाला थाने पर हमले से जुड़े केस में की गईं। अमृतपाल के 6 साथियों को शनिवार दोपहर जालंधर से मोगा की तरफ जाते समय पकड़ा गया। यहां पंजाब पुलिस के घेरा डालते ही अमृतपाल खुद गाड़ी में बैठकर भाग निकला। पुलिस की करीब 100 गाड़ियों ने लगभग डेढ़ घंटा पीछा करने के बाद उसे जालंधर के नकोदर एरिया से दबोच लिया। हालांकि उसकी गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई। 2 लोगों को अमृतसर और एक को मोगा में उसके खेतों से गिरफ्तार किया गया। इस बीच माहौल बिगढ़ने की आशंका के चलते पंजाब में 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। राज्य में रविवार दोपहर 12 बजे तक मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाएं बंद रहेगी। समूचे पंजाब में पुलिस-प्रशासन अलर्ट पर है। अमृतसर, फाजिल्का, मोगा और मुक्तसर समेत कई जिलों में धारा 144 लगा दी गई है। हालांकि इसकी वजह 19 और 20 मार्च को अमृतसर में होने वाला जी-20 देशों का सम्मेलन बताया जा रहा है। बता दें कि पूर्व सूचना के आधार पर पुलिस ने पहले से ही घेराबंदी कर रखी थी। पुलिस की तीन टीमें इनका पीछा करने में लगी हुई थी। जैसे ही बाजार में दोआबा अस्पताल के पास इनकी गाड़ी पहुंची पुलिस ने इन्हें घेर लिया। पुलिस ने इन्हें घेर कर लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि 7 जिलों की पुलिस अमृतपाल सिंह का पीछा कर रही थी। खबर अमृतपाल के भी साथ में होने की थी। बताया जा रहा है -शेष पृष्ठ दो पर

## साल का पहला सूर्य ग्रहण 20 अप्रैल को



**भोपाल (हि.स.)।** अंतरिक्ष में होने वाली इस खगोलीय घटना का वैज्ञानिक दृष्टि से अत्याधिक महत्व होता है लेकिन पुराणों-वेदों एवं धर्मशास्त्रों में इसे शुभ नहीं माना जाता। साल 2023 का पहला सूर्यग्रहण अगले महीने 20 अप्रैल को लगेगा, जो भारत में दिखाई नहीं देगा। यह पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा। इसे ऑस्ट्रेलिया, पूर्व और दक्षिण एशिया, प्रशांत महासागर, अंटार्कटिका और हिंद महासागर से देखा जा सकता है। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं वैदिक विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ मृत्युंजय तिवारी ने शनिवार को बताया कि जहां समूचे विश्व में खगोलीय दृष्टि से ग्रहण एक महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है, वहीं धर्म प्राण देश भर सहित अन्य देशों में धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जब राहु और केतु द्वारा सूर्य या चंद्रमा का ग्रास करने का प्रयास किया जाता है तो ग्रहण लगता है। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*जब तक भारत दुनिया का सामना नहीं करता, उसकी कोई इज्जत नहीं करेगा। इस संसार में डर के लिए कोई जगह नहीं है। ताकत सिर्फ ताकत का ही सम्मान करती है।*

\- एपीजे अब्दुल कलाम

## प्रशासनिक कार्यों के चलते न्यायाधीश को करना पड़ेगा आलोचना का सामना : रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने शनिवार को कहा अगर न्यायाधीश प्रशासनिक नियुक्तियों का हिस्सा बनते हैं तो न्यायिक कार्य कौन करेगा। उन्होंने कार्यपालिका और न्यायपालिका सहित विभिन्न संस्थानों को निर्देशित करने वाली संवैधानिक *लक्ष्मण रेखा* का भी जिक्र किया। केंद्रीय मंत्री ने अदालत द्वारा सरकार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों का चयन करने के लिए प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यायपालिका पर कोई दवाब नहीं है : सीजेआई

**नई दिल्ली।** देश के चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को न्यायाधीशों की नियुक्ति करने वाली न्यायाधीशों से बनी कॉलेजियम प्रणाली का बचाव करते हुए कहा कि कोई प्रणाली पूर्ण नहीं होती, लेकिन यह हमारे पास उपलब्ध सबसे बेहतरीन प्रणाली है। कॉलेजियम प्रणाली केंद्र सरकार और न्यायपालिका के बीच विवाद का एक प्रमुख वजह रही है। इंडिया टुडे कॉन्क्लेव-2023 में बोलते हुए सीजेआई ने कहा कि यदि न्यायपालिका को स्वतंत्र रहना है तो इसे बाहरी प्रभावों से बचाना होगा। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि हर प्रणाली पूर्ण -शेष पृष्ठ दो पर

## कर्नाटक : भाजपा और कांग्रेस में मचा घमासान, खूब चले लाठी डंडे



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में चुनावी सरगर्मी तेज है। गेटवे ऑफ साउथ इंडिया कहे जाने वाले इस राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि मार्च के आखिरी सप्ताह तक कर्नाटक विधानसभा चुनावों का एलान हो सकता है। लेकिन उससे पहले भाजपा और कांग्रेस में घमासान मचा हुआ है। जुबानी जंग अब हाथापाई में बदल गई। कर्नाटक के उगादी त्योहार के दौरान भाजपा कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। कर्नाटक का मशहूर त्योहार है उगादी। बेंगलुरु में इस त्योहार को मनाने के लिए ही -शेष पृष्ठ दो पर

### न्यूज गैलरी

#### परिसीमन को लेकर 26 को असम आएगा चुनाव आयोग का दल

**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की तीन सदस्यीय टीम असम के तीन दिवसीय दौरे पर 26 मार्च को गुवाहाटी पहुंचेगी। टीम के दो अन्य सदस्यों में चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय और अरुण गोयल भी होंगे। इस दौरे में चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारी असम में विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन को लेकर समीक्षा करेंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार चुनाव आयोग 27 मार्च को सुबह 9 से 12 बजे तक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और क्षेत्रीय दलों के साथ चर्चा करेगा। इसके बाद दोपहर 01 बजे से नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक होगी। यह बैठक होटल रेडिसन ब्लू में होगी। निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे पर भारत निर्वाचन आयोग राज्य के सभी जिलों के निर्वाचन अधिकारियों और राज्य प्रशासन के प्रमुखों के साथ भी बैठक करेगा।

## पुलिस ने इमरान के घर पर चलाया बुलडोजर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की तोशाखाना मामले में शनिवार को इस्लामाबाद में पेशी हुई। इस दौरान उनके समर्थकों ने पुलिस पर पथराव किया। हालात बिगड़ते देख जज ने कहा कि ऐसे माहौल में केस की सुनवाई कर पाना संभव नहीं है। इसके बाद जज ने इमरान को हाजिरी लगाने के बाद वापस जाने की इजाजत दे दी। अब रविवार को सुप्रीम कोर्ट में उनके मामले की सुनवाई होगी। इधर, शनिवार सुबह इमरान खान के इस्लामाबाद के लिए निकलने के बाद पुलिस ने उनके जमान पार्क वाले घर पर रेड की। पुलिस बुल्डोजर से गेट तोड़कर इमरान के घर में दाखिल हुई थी। करीब ढाई घंटे तक घर की सर्चिंग के बाद पुलिस लौट गई। इस्लामाबाद जाने से पहले शनिवार सुबह रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में पूर्व पीएम ने अपनी गिरफ्तारी की आशंका जताई थी। इमरान ने कहा था कि अगर मुझे गिरफ्तार किया जाता है, तो (पीटीआई) को संभालने के लिए मैंने एक कमेटी बना -शेष पृष्ठ दो पर

### कोरोना को लेकर नया दावा

## वुहान में बिकने वाले रेकून कुत्ते से फैला वायरस



**बीजिंग।** चीन के जिस बाजार से मनुष्य में कोविड-19 के पहले मामले की पहचान की गई थी वहां के नजदीक से एकत्रित अनुवांशिक नमूने से पता चला है कि रैकून कुत्ते का डीएनए वायरस के साथ मिश्रित हुआ। इससे इस सिद्धांत को बल मिला है कि वायरस की उत्पत्ति प्रयोगशाला से नहीं बल्कि पशुओं से हुई थी। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने दी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम गेब्रेयेसस ने कहा कि ये आंकड़े इस बात का निश्चित जवाब नहीं देते कि महामारी की शुरुआत कैसे हुई, लेकिन उस जवाब के करीब ले जाने के लिए प्रत्येक आंकड़ा महत्वपूर्ण है। कोरोना वायरस की उत्पत्ति कैसे हुई, यह स्पष्ट नहीं है। कई वैज्ञानिकों का मानना है कि सबसे अधिक संभावना यह है कि यह चीन के वुहान में पशुओं से मनुष्यों में फैला, जैसा पूर्व में कई वायरस फैले हैं। दूसरी ओर, वुहान में कई प्रयोगशालाएं हैं जहां कोरोना वायरस नमूने एकत्रित किया जाता है और उनका अध्ययन किया जाता है। ऐसे में कुछ वैज्ञानिकों के इस सिद्धांत को बल मिलता है कि हो सकता है कि ये वायरस उन्हीं में से किसी प्रयोगशाला से फैला हो। नये निष्कर्ष से सवाल का समाधान नहीं होता और इन्हें औपचारिक रूप से अन्य विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा नहीं की गई -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc.
**ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01,
**Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# पीएफआई पर एनआईए का एक्शन, 40 बैंक खाते किए फ्रीज




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 19 नेताओं पर भारत के खिलाफ आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया है। एनआईए ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर शिकंजा कसने के लिए एनआईए ने पीएफआई के 37 बैंक खातों राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 19 नेताओं पर भारत के खिलाफ आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया है। एनआईए ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर शिकंजा कसने के लिए एनआईए ने पीएफआई के 37 बैंक खातों के साथ-साथ पीएफआई से जुड़े 19 लोगों के 40 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। एनआईए के अपनी जांच में खुलासा किया है कि पीएफआई ने देश को सांप्रदायिक आधार पर बांटने की साजिश रच रहा था। एजेंसी के अनुसार पीएफआई देश की वर्तमान शासन व्यवस्था को उखाड़ चाहता था। भारत को इस्लामिक राज्य बनाने की दिशा में काम कर रहा था। जांच में ये भी खुलासा हुआ है कि पीएफआई देश भर में अपने आतंकी गुर्गों और हथियार के साथ वेतन दे रहा था। पीएफआई ने भारत सरकार के खिलाफ साजिश रचने के लिए मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश रची थी। वो इन युवकों को पीएफआई से जोड़ने के लिए विचारधारा के प्रति निष्ठा और वफादारी की शपथ दिलाता था। यहीं नहीं उन्हें हथियारों की ट्रेनिंग से लेकर बम बनाने और फंड जुटाने की भी ट्रेनिंग भी दे रहा था। बताते चले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर यूएपीए एक्ट के तहत पांच साल के लिए बैन लगा रखा है। इस संगठन के पक्ष दुनिया का सबसे खतरनाक आतंकी संगठन आईएसआईएस, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया है। पीएफआई ने अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए कई तरह की विंग और यूनिटें बना रखी थीं। इन्होंने फिटनेस ट्रेनिंग नाम का एक ग्रुप भी बना रखा है। इसमें फिजकिल ट्रेनिंग के साथ हथियारों का भी प्रशिक्षण दिया जाता है।

# शोभायात्रा के बाद थार महोत्सव में बीएसएफ का कैमल टैटू शो रहा आकर्षण का केंद्र



**बाड़मेर (हिंस)।** लोक कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय थार महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को भव्य शोभायात्रा के साथ हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लिए शामिल हुईं। हाथी, घोड़े, ऊंट वाली शोभायात्रा को विधायक मेवाराम जैन, जिला कलक्टर लोक बंधु ने गांधी चौक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा ढोल नगाड़ों के साथ नाचते-गाते विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए आदर्श स्टेडियम पर पहुंची। आदर्श स्टेडियम में बीएसएफ की ओर से कैमल टैटू शो का आयोजन किया गया, जो आकर्षण का केन्द्र रहा। इस दौरान सजे-धजे रौबीले बीएसएफ के जवानों ने ऊंटों पर सवार होकर हैरतअंगेज करतब दिखाए। बीएसएफ के बैंड ने देशभक्ति एवं संस्कृति से ओतप्रोत गीतों पर प्रस्तुतियां दी। डिप्टी कमांडेंट मनोहर सिंह खींची की अगुवाई में कैमल टैटू शो का प्रदर्शन किया गया। विधायक मेवाराम जैन ने कहा कि बाड़मेर में हर साल थार महोत्सव मनाया जाता है। इस आयोजन में आमजन शामिल होकर यहां की कला और संस्कृति को जान सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय थार महोत्सव को लेकर लोगों में जबरदस्त जोश और उत्साह है। विधायक ने आमजन से इस महोत्सव में शामिल होने का आह्वान किया। जिला कलेक्टर लोक बंधु ने कहा कि इस आयोजन में पर्यटकों के साथ ही बड़ी संख्या में लोग शामिल होने पहुंचे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि यहां की लोक कला और संस्कृति को बढ़ावा मिले, इससे ज्यादा से ज्यादा पर्यटक यहां आएं और जिले को विश्व स्तर पर पहचान मिले।

# हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर देंगे 6 हजार बुढ़ापा पेंशन : सुभाष जोधपुरिया

**सिरसा, 18 मार्च( हि.स. )।** हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र रानियां में पिछले 1 महीने से कांग्रेस कमेटी के जिला कार्डिनेटर सुभाष जोधपुरिया द्वारा रानियां के गांव-गांव पहुंच निरंतर चलाऐ जा रहे डोर टू डोर अभियान के तहत शनिवार को गांव फतेहपुरिया नियमित खां में पहुंच राहुल गांधी द्वारा सम्पन्न की गई ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा का संदेश हर घर पहुंचाने का कार्य कर गांव वासियों में कांग्रेस पार्टी की चिट्ठी वितरित की। उन्होंने हरियाणा में होने वाले आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों की चर्चा करते हुए बताया कि आज हरियाणा में रहने वाला हर वर्ग में मौजूदा भाजपा जजपा सरकार के प्रति भारी रोष है और हरियाणा प्रदेश की जनता बेसब्री से चुनावों का इंतजार कर रही है और आने वाले समय में हरियाणा मेंहोने वाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में निश्चित रूप से कांग्रेस सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर फिर से जनकल्याणकारी नीतियां आरंभ होंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर पहली कलम से बुढ़ापा पेंशन 6000 रुपए करने का काम किया जाएगा। युवाओं कोरोजगार मिलेगा तथा महंगाई पर नियंत्रण होगा। इस अवसर पर राम प्रताप ढिढ़ारिया, भरत सिंह ढिढ़ारिया, डॉ. दयाराम, जयमल ढुकिया, रमेश बिजारणियां, रामकुमार सहारण, सुखराम बिजारणियां, राम किशन ढुकिया, बंटी सेतिया, दीपचंद जांगड़ा, मोहन लाल ईटकाण, गोपाल ऐंचरा, बिरज लाल गोस्वामी, जुगा लाल, राय सिंह मेरड़ा, पाला राम सैन, भजन लाल ढुकिया, विजय ढुकिया, विपिन ढिढ़ारिया, ओमईटकाण, मुला राम ईटकाण सहित सेंकड़ों गांववासी मौजूद रहे।




# हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के 16 सदस्यों ने की नई चुनाव की मांग

**कैथल (हिंस)।** शनिवार को गुरुद्वारा नीमसाहब में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के 16 सदस्यों ने बैठक कर सरकार पर सिखों के मामले में दखलअंदाजी करने का आरोप लगाया। सभी सदस्यों ने नई कमेटी को सिखों पर धक्के से थोपी गई कमेटी करार दिया। एचएसजीएमसी के सदस्य जसवीर सिंह पार्टी ने कहा कि सरकार ने उन लोगों को नई कमेटी में शामिल किया है जिन्हें गुरु घर की मर्यादा का कोई ज्ञान ही नहीं है। नई कमेटी के लोग गुरु घरों की गोलकों को जबरदस्ती काट रहे हैं। प्रशासन के अधिकारी जूतों समेत गुरुद्वारा में दाखिल हो कर उनकी मदद कर रहे हैं। करनैल सिंह ने निम्नाबाद ने कहा कि नई कमेटी प्रदेश के सिखों को मंजूर नहीं है। जिन लोगों ने नई कमेटी के लिए संघर्ष किया। उनके हाथों में गुरुद्वारों की बागडोर सौंपी जाए। 11 सदस्यों की एक कमेटी बनाई जाए जो गांव-गांव जाकर सिखों को जागरूक करे। अपार सिंह ने कहा कि कुर्बानियों के बाद महंतों के हाथों से गुरुद्वारे खाली कराए गए थे। सरकार ने फिर से गुरुद्वारों को महंतों के हवाले कर दिया है। सभी ने मांग की कि सरकार जल्द से जल्द हरियाणा सिख गुरद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के चुनाव करवाए। उसके बाद संगत जिसको गुरुद्वारों की सेवा सोंपेगी। वह सिखों का फैसला होगा। लोगों को जागरूक करने के लिए 11 सदस्यों की कमेटी बनाई जाएगी। आगामी मीटिंग में संघर्ष करने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। मीटिंग में एचएसजीएमसी के सदस्य अवतार सिंह चक्कू, सुरेंद्र सिंह शाह, करनैल सिंह निम्नाबाद, अजीत सिंह खालसा, सरताज सिंह, हरप्रीत सिंह नरूला करनाल चनदीप सिंह खुराना, बलदेव सिंह बल्ली व हाकम सिंह केसरी के अतिरिक्त छह अन्य लोगों ने हिस्सा लिया।

Memo No. DJHI/23/675-77

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

Tender for annual supply of **"File Board and File Cover"** for the establishment of the District & Sessions judge, Hojai vide Memo No. DJHj/I/22/2656-58 dated 11th November, 2022 is hereby cancelled due to insufficient qualified bidders.

Fresh tender shall be invited shortly through the website https://districts.ecourts.gov.in/hojai and local newspaper publication.

District & Sessions Judge
Hojai, Assam
District & Sessions judge
Hojal

***-- Janasanyog/ C/23171/22***

अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई
चेन्नई
Apollo Cancer Centres

पलमोनेलोजिस्ट और एलेर्जिस्ट
**डॉ. जेबिन रोजर एस**
MD-PUlmonology (CMC Vellore), DND-Respiratory Med, Diploma in Allergy & Asthma (CMC Vellore)
गुवाहाटी में केवल परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे

**1 एवं 2 अप्रैल, 2023 को**

जिस मरीज को धूल-मिट्टी से एलर्जी है, खांसी (कफ)/सर्दी (कोल्ड) स्वीलिंग, सांस लेने में दर्द, छाती-दर्द, फेफड़ा में संक्रमण, फेफड़ा में पानी या मवाद (पस), टीवी/न्यूमोनिया, नींद आने में गड़बड़ियां, सांस लेने में परेशानी इत्यादि है, वे अपना अपना नाम अग्रिम में रजिस्टर करवा सकते हैं।

**APOLLO HOSPITAL INFORMATION CENTER**
Bora Commercial Complex, Housing Bus Stop,
Bashisthapur By Lane No-4 Beltola, Survey Guwahati
**Contact : 03612223663/9678769107/8134095156**

## पृष्ठ एक का शेष

### गलत किया तो ...

है। वहीं, कार्यक्रम में अमित शाह ने कहा कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) साल 2024 में भी सरकार बनाएगा और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद तीन अहम मुद्दों जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सली समस्या को मोटे तौर पर सुलझा लिया गया है। अमित शाह ने 2024 लोकसभा चुनावों को लेकर कहा कि जनता तय करेगी कि देश का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा। मैंने देश के सभी हिस्सों का दौरा किया और महसूस किया है कि भाजपा ही देश में अगली सरकार बनाएगी और मोदी लगातार तीसरी बार पीएम बनेंगे। उन्होंने कहा कि 1970 के बाद पहली बार होगा, जब किसी पीएम को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए चुना जाएगा। हमें 303 से ज्यादा सीटें मिलेंगी।

### भारत-बांग्लादेश संबंधों...

के कुशल नेतृत्व में बांग्लादेश ने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। इसी का परिणाम है कि कोविड महामारी के दौरान हमें रेल नेटवर्क के द्वारा बांग्लादेश को ऑक्सीजन आदि भेजने में सुविधा रही। उनके इस दूर-दृष्टि भरे विजन के लिए वे प्रधानमंत्री शेख हसीना का हृदय से अभिनंदन करता हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की वैश्विक स्थिति में कई विकासशील अर्थव्यवस्थाएं खाद्य और ऊर्जा सुनिश्चित करने के लिए जूझ रही है। इस संदर्भ में आज के इस आयोजन का महत्व और भी अधिक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कई वर्षों पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 1965 से पहले की रेल कनेक्टिविटी बहाल करने के अपने विजन के बारे में चर्चा की थी। उसी समय से दोनों देशों ने मिल कर इस पर बहुत प्रगति की है। इसी का परिणाम है, कि कोविड महामारी के दौरान हमें रेल नेटवर्क के द्वारा बांग्लादेश को ऑक्सीजन आदि भेजने में सुविधा रही। उन्होंने कहा कि आज भारत, बांग्लादेश को 1100 मेगावाट से अधिक बिजली की आपूर्ति कर रहा है। मैत्री सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की पहली इकाई शुरू हो गई है। इसका उद्घाटन पिछले साल प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत यात्रा के दौरान किया गया था। अब जल्द ही दूसरी यूनिट शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री ने इसे शुभ संयोग बताते हुए कहा कि आज का यह उद्घाटन, बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की जयंती के एक दिन बाद हो रहा है। बंगबंधु के *शोनार बांग्ला* विजन में पूरे क्षेत्र का मैत्रीपूर्ण विकास तथा समृद्धि शामिल था। यह संयुक्त प्रोजेक्ट उनके इस विजन का उत्तम उदाहरण है।

### असम में लगातार ...

ब्रह्मपुत्र के उत्तरी तट पर स्थित लखीमपुर में भी झटके आए। रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप नागालैंड के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में भी कई क्षेत्रों में महसूस किया जा सकता है। दूसरा भूकंप सुबह 11.02 बजे महसूस किया गया। इसकी तीव्रतता 2.8 तीव्रता मापी गई, जिसका केंद्र ब्रह्मपुत्र के उत्तरी तट पर दरंग जिले के डलगांव के पास नौ किमी की गहराई पर था। इस भूकंप को उदालगुड़ी, बक्सा और शोणितपुर जिले में रहने वाले लोगों ने महसूस किया, जबकि शक्तिशाली नदी के दक्षिणी तट पर स्थित मोरीगांव के लोगों को भी झटका लगा। उत्तरपूर्वी क्षेत्र उच्च भूकंपीय क्षेत्र में आता है, इस क्षेत्र में अक्सर भूकंप आते रहते हैं।

### बालाघाट में चार्टर ...

की बिरसी एयरस्ट्रीप से उड़ा था। घटनास्थल बालाघाट जिला मुख्यालय से करीब 40 किमी दूर है। घटना दोपहर करीब 3.20 बजे की है। ये विमान हादसे से करीब 15 मिनट पहले ही बिरसी हवाई पट्टी से उड़ा था। फिलहाल बचाव दल वहां पहुंच गया है। अभी हादसे की वजह पता नहीं चली है। बालाघाट जिले में जहां प्लेन गिरा है, वहां दोनों ओर पहाड़ हैं। पहाड़ों के बीच में करीब 100 फीट गहरी खाई में प्लेन का मलबा मिला है। घना जंगल और पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण रेस्क्यू टीम और अफसरों को मौके पर पहुंचने में समस्या हो रही है।

### लद्दाख में चीन के ...

भड़क उठी थी, लेकिन किसी की मौत नहीं हुई। एक मीडिया कॉन्क्लेव में जयशंकर ने कहा कि मेरे दिमाग में स्थिति अभी भी बहुत नाजुक बनी हुई है, क्योंकि ऐसी जगहें हैं, जहां हमारी तैनाती बहुत करीब है और सैन्य आकलन में काफी खतरनाक है। उन्होंने कहा कि भारत-चीन संबंध सामान्य नहीं हो सकते, जब तक कि सितंबर 2020 में अपने चीनी समकक्ष के साथ हुए सैद्धांतिक समझौते के अनुसार सीमा विवाद का समाधान नहीं हो जाता। जयशंकर ने कहा कि हालांकि दोनों पक्षों की सेनाएं कई क्षेत्रों से हट गई हैं और अनसुलझे बिंदुओं पर चर्चा जारी है। उन्होंने कहा कि हमने चीनियों को यह बहुत स्पष्ट कर दिया है कि हम शांति भंग नहीं कर सकते। आप समझौते का उल्लंघन नहीं कर सकते हैं। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने इस महीने भारत द्वारा आयोजित जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर चीन के नए विदेश मंत्री किन गैंग के साथ स्थिति पर चर्चा की। इस साल जी-20 में भारत की अध्यक्षता के बारे में, जयशंकर ने उम्मीद जताई कि नई दिल्ली फोरम को वैश्विक जनादेश के लिए और अधिक सच बना सकता है। जयशंकर ने कहा कि जी-20 को केवल वैश्विक उत्तर का एक बहस क्लब या एक क्षेत्र नहीं होना चाहिए। वैश्विक चिंताओं की संपूर्णता पर ध्यान देने की आवश्यकता है। हमने पहले ही उस बिंदु को बहुत मजबूती से रखा है। पिछले तीन हफ्तों में भारत में जी-20 की दो मंत्रिस्तरीय बैठकें यूक्रेन पर रूस के 13 महीने के आक्रमण से प्रभावित रही हैं।

### साथियों के साथ ...

कि हथियारों के साथ करीब आधा दर्जन अमृतपाल के हथियारबंद समर्थकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि अमृतपाल सिंह को आज चार बजे जिले के कस्बा भदौड़ के बेसाखी वाला गुरुघर में धार्मिक समारोह में शिरकत करने आना था। इसी बीच उसके साथियों की गिरफ्तारी के विरोध के चलते कार्यक्रम नहीं हुआ। करीब एक हजार लोगों सहित सिक्ख संगठनों ने भदौड़ मेन हाईवे पर जाम कर दिया है। अमृतपाल के समर्थकों की गिरफ्तारी और पुलिस की कार्रवाई का लोग विरोध कर रहे हैं। अमृतपाल सिंह और उसके समर्थकों पर हो रही कार्रवाई के बाद पंजाब में माहौल तनावपूर्ण है। किसी भी अनहोनी से बचने के लिए पंजाब में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। राज्य में इंटरनेट सेवाएं कल दोपहर 12 बजे तक के लिए बंद कर दी गई हैं। पंजाब के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में सभी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं, सभी एसएमएस सेवाएं (बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज को छोड़कर) और वॉयस कॉल को छोड़कर मोबाइल नेटवर्क पर प्रदान की जाने वाली सभी डोंगल सेवाएं 18 मार्च से 19 मार्च तक निलंबित रहेंगी। तनावपूर्ण स्थिति के बीच पंजाब पुलिस ने लोगों से शांति बनाने की अपील की है। पुलिस ने कहा सभी नागरिकों से अनुरोध है कि शांति और सद्भाव बनाए रखें। पंजाब पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए काम कर रही है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे घबराएं नहीं या फर्जी समाचार या अभद्र भाषा न फैलाएं। पुलिस दर्जनभर गाड़ियां, जिसमें अमृतपाल के समर्थक बताए जा रहे हैं, जालंधर सीआईए स्टाफ पहुंचे हैं। पुलिस ने गाड़ियों के शीशे तौलिए रख कर ढक रखे थे। वहीं मीडिया को इस सारे मामले से दूर रखा जा रहा है।

### साल का पहला ...

बताया कि वर्ष 2023 में कुल 4 ग्रहण लगने वाले हैं, जिसमें से 2 सूर्यग्रहण और 2 चंद्रग्रहण हैं। ज्योतिषाचार्य डॉ. तिवारी के अनुसार, साल 2023 में कुल चार ग्रहण पड़ने हैं। इनमें दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण हैं। पहला ग्रहण अप्रैल के महीने में पड़ेगा। ये पूर्ण सूर्य ग्रहण है। इसके बाद मई में चंद्र ग्रहण लगेगा। फिर अक्तूबर के महीने में सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण दोनों लगेंगे। भारतीय ज्योतिष शास्त्र के अनुसार साल का पहला ग्रहण 20 अप्रैल को लगेगा। दिन गुरुवार पड़ेगा, जो कि सूर्यग्रहण के रूप में लगेगा। भारत में दिखाई नहीं देने के कारण इस यहां सूतक इत्यादि मान्य नहीं होंगे। ये ग्रहण सुबह 7 बजकर 4 मिनट से शुरू होगा और दोपहर 12 बजकर 29 मिनट तक रहेगा, चूंकि मकर राशि भारत वर्ष की भी है, जिसके कारण अराजकतत्वों का हौसला बढ़ेगा। देश में आगजनी तथा हिंसा बढ़ेगी। इसके साथ ही उज्जैन एवं समूचे मध्य भारत के लिए यह ग्रहण अशुभ संकेत दे रहा है। उन्होंने बताया कि याज्ञवल्क्य एवं अन्य स्मृति ग्रंथों के अनुसार सूतक काल सूर्य ग्रहण से 12 घंटे पूर्व और चंद्र ग्रहण से 09 घंटे पूर्व प्रारंभ हो जाता है। सूतक काल को अशुभ समय माना जाता है, जिसमें किसी भी शुभ कार्य को करना वर्जित होता है। इस साल लगने वाले दोनों सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देंगे, इसलिए उनका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।

### प्रशासनिक कार्यों के ...

न्यायाधीश और लोकसभा में विपक्ष के नेता को शामिल करने का निर्देश देने के मामले में एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियां संविधान में निर्धारित की गई है। संसद को इस मामले में कानून बनाना है, जिसके अनुसार नियुक्ति की जानी है। मैं मानता हूं कि संसद में इसके लिए कोई कानून नहीं बनाया गया है और यह अब तक खाली है। उन्होंने आगे कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आलोचना नहीं कर रहे हैं और न ही इस बारे में सरकार क्या करने वाली है इसपर किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत के मुख्य न्यायाधीश हर महत्वपूर्ण नियुक्ति का हिस्सा बनते हैं, तो न्यायपालिका का काम कौन करेगा। देश में कई सारे प्रशासनिक मामले हैं। हमें यह देखना होगा कि भारत का न्यायधीश मुख्य रूप से न्यायिक कार्य करने के लिए हैं। वे लोगों को न्याय देकर न्यायिक आदेश देने के लिए हैं। उन्होंने अगे कहा कि मुझे लगता है कि अगर न्यायाधीश प्रशासनिक कामों में लगते हैं तो उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एक उदाहरण के तौर पर मान लीजिए कि आप मुख्य न्यायाधीश या न्यायाधीश हैं। आप एक प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं, जो सवालों के घेरे में आ जाती है और यह मामला कोर्ट में आ जाता है, तो क्या आप उस मामले पर निश्पक्ष रूप से निर्णय दे सकते हैं, जिसका आप हिस्सा थे? इस दौरान न्याय के सिद्धांत से ही समझौता किया जाएगा। यही कारण है कि संविधान में लक्ष्मण रेखा बहुत ही स्पष्ट है।

### न्यायपालिका पर कोई ...

नहीं होती, लेकिन यह सबसे बेहतरीन प्रणाली है जिसे हमने विकसित किया है। लेकिन मकसद न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सुरक्षित करना था, जो एक प्रमुख मूल्य है। अगर न्यायपालिका को स्वतंत्र रखना है तो हमें न्यायपालिका को बाहरी प्रभावों से अलग रखना होगा। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम प्रणाली को लेकर कानून मंत्री किरेन रीजीजू की ओर से नाखुशी जताने पर भी प्रधान न्यायाधीश ने जवाब दिया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि धारणाओं में अंतर होने में क्या गलत है? लेकिन, मुझे अलग-अलग धारणाओं से एक मजबूत संवैधानिक अगुआ की भावना के साथ निपटना होगा। मैं इन मुद्दों में कानून मंत्री से नहीं उलझना चाहता, हम अलग-अलग धारणा रखने के लिए बाध्य हैं। कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ रीजीजू काफी मुखर रहे हैं और वह एक बार इसे *संविधान के परे* की चीज बता चुके हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि उन पर सरकार से इस बात के लिये कोई दबाव नहीं है कि मामलों में किस तरह से निर्णय लिया जाये। सीजेआई ने कहा कि मैं 23 सालों से न्यायाधीश हूं, लेकिन किसी ने कभी मुझसे यह नहीं कहा कि मामले में किस तरह निर्णय लेना है। यहां सरकार से कोई दबाव नहीं पड़ा। चुनाव अयोग का फैसला इस बात का प्रमाण है कि न्यायापालिका पर कोई दबाव नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में फैसला दिया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सलाह पर की जाएगी जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और देश के प्रधान न्यायाधीश शामिल होंगे।

### कर्नाटक : भाजपा और ...

दोनों पार्टी के कार्यकर्ता लाठी लंडे चला बैठे। सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। जिसमें साफ देखा जा सकता है कि कैसे कार्यकर्ता एक दूसरे के पीछे भाग रहे हैं। उनमें से कुछ के हाथों में डंडे भी दिख रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कांग्रेस वर्कर ने 19 मार्च को विजयनगर के बीजीएस मैदान में उगादी त्योहार मनाने के लिए नगर निकाय विभाग से परमिशन मांग रहे थे। भाजपा कार्यकर्ताओं का उनका त्योहार मानना मंजूर नहीं था। वो लगातार उनका विरोध कर रहे थे। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने त्योहार के लिए सारी तैयारियां कर लीं थीं। बैनर, पोस्टर भी तैयार हो गए थे। जैसे ही ये पोस्टर चिपकाए गए वैसे ही विवाद शुरू हो गया। इसके बाद ही भिड़ंत शुरू हो गई। पहले तो दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद दोनों गुट आपस में भिड़ गए। फिर क्या था आसपास पड़े पत्थर एक दूसरे पर बरसाए जाने लगे। इसके बाद लाठी-डंडों की एंट्री हो गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। एक वीडियो में दिखाया गया कि कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि झड़प में कुछ लोग घायल हुए हैं। उनको पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनको इलाज देकर छोड़ दिया गया। कर्नाटक में भाजपा की सरकार है। लेकिन कुछ ही महीनों में यहां चुनाव होने वाले हैं। कांग्रेस को उम्मीद है कि इस बार वो सत्ता बदलने में कामयाब हो जाएगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने सबसे ज्यादा साउथ इंडिया में ही समय बिताया है। पार्टी को विश्वास है कि इसका असर चुनाव में भी देखने को मिलेगा।

### पुलिस ने इमरान के ...

दी है। हालांकि, कमेटी में शामिल लोगों को लेकर खान ने कोई जानकारी नहीं दी। पाकिस्तान की इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी (पीईएमआरए) ने इस्लामाबाद के ज्यूडीशियल कॉम्प्लेक्स में जारी हलचल के मीडिया कवरेज पर रोक लगा दी थी। वहीं, पुलिस ने हिंसा फैलाने और कानूनी कार्रवाई में दखल देने के आरोप में इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 40 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। उन पर लाठीचार्ज भी किया गया। इधर, इस्लामाबाद जाने के रास्ते में इमरान के काफिले की 3 गाड़ियां कल्लर कहार के पास आपस में टकरा गईं। बताया जा रहा है कि हादसा तेज रफ्तार की वजह से हुआ। यह जगह राजधानी से करीब 135 किमी दूर है। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर है। हादसे के बाद पूर्व पीएम ने कहा कि मुझे रोकने की कोशिश की जा रही है। वे मुझे गिरफ्तार करना चाहते हैं। ये सब लंदन प्लान का हिस्सा है। नवाज शरीफ की डिमांड है कि इमरान को जेल में डाला जाए। वे नहीं चाहते कि मैं किसी भी चुनाव में हिस्सा लूं। मैं कानून पर विश्वास रखता हूं इसलिए कोर्ट में पेश होने जा रहा हूं। इस्लामाबाद में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे। पुलिस ने शहर में धारा 144 लगा दी थी। पाकिस्तान के दूसरे शहरों से करीब एक हजार पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था के लिए इस्लामाबाद बुलाया लिया गया था। जुडीशियल कॉम्प्लेक्स के पास मौजूद किसी गार्ड को भी कोई हथियार रखने की इजाजत नहीं दी गई थी। वहां से गुजरने वाले सभी लोगों का आईडी कार्ड भी चेक किया जा रहा था। इसके अलावा पुलिस ने इलाके में कंटेनर्स भी रखे हुए थे। इससे पहले शुक्रवार को शाम करीब साढ़े 6 बजे इमरान खान लाहौर हाईकोर्ट पहुंचे थे। यहां कोर्ट ने उन्हें 9 केस में प्रोटेक्टिव बेल दे दी थी। इस्लामाबाद में चल रहे 5 केस के लिए कोर्ट ने खान को 24 मार्च तक जमानत दी है। वहीं लाहौर में चल रहे 3 केस के लिए उन्हें 27 मार्च तक जमानत दी गई थी। 14-15 मार्च को इमरान की गिरफ्तारी को लेकर जमान पार्क के बाहर पीटीआई कार्यकर्ता और पुलिस के बीच झड़प हुई थी।

### वुहान में बिकने वाले ...

है, ना ही इसे किसी समीक्षा पत्रिका में प्रकाशित ही किया गया है। चीन के वुहान शहर के एक वन्यजीव बाजार में कई अन्य वायरस इसी तरह पशुओं से मनुष्यों में फैले थे। टेड्रोस ने अनुवांशिक जानकारी पहले साझा नहीं करने के लिए चीन की आलोचना की। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह जानकारी तीन वर्ष पहले साझा की जानी चाहिए थी। नमूने वुहान के हुआनन सीफूड बाजार से 2020 की शुरुआत में एकत्रित किए गए थे जहां 2019 के अंत में मनुष्यों में कोविड-19 के शुरुआती मामले सामने आए थे। टेड्रोस ने कहा कि अनुवांशिक अनुक्रमण हाल ही में चीनी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक वायरस डेटाबेस पर अपलोड किये गए, जिसे बाद में हटा लिया गया। उन्होंने कहा कि हालांकि उन्हें हटाए जाने से पहले ही इन जानकारी पर एक फ्रांसीसी जीवविज्ञानी की नजर पड़ गई और उसने इसे चीन से बाहर के उन वैज्ञानिकों के समूह से साझा कर दिया, जो कोरोना वायरस की उत्पत्ति का पता लगाने में जुटा है। वैज्ञानिकों के अनुसार आंकड़ों से पता चलता है कि वन्यजीव व्यापार में शामिल एक दुकान से एकत्र किए गए कोविड के नमूनों में रैकून कुत्ते के जीन भी शामिल हैं, जिससे संकेत मिलता है कि हो सकता है कि जानवर वायरस से संक्रमित हुए हों। उनका विश्लेषण पहली बार द *अटलांटिक* में आया था।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **नवम अध्याय**

**(संत)**

**दुर्लभ गति अवधूत है, छका सोमरस पान।**
**क्षण क्षण पल पल झरत है, अन्तर अमिय महान॥ 31॥**

**शब्दार्थ :** (अवधूत) त्यागी, जो गांव-घर में न रहकर सदैव एकाकी वन-पर्वत में रहकर योगाभ्यास कर परमानंद में निमग्न रहता है (झरत) स्रवित (अमिय) अमृत।

**भाष्य :** वीतरागी अवधूत की दुर्लभ गति होती है। वह सोमरस पान कर छका रहता है। उसको प्रत्येक क्षण, पल-पल में अंतर महान शब्दामृत झरता रहता है।

**मस्तान अवधूत है, पूरण कला सम्हार।**
**गति भय चन्द्र चकोर की, शब्द सुरति धर धार॥ 32॥**

**शब्दार्थ :** (मस्ताना) ब्रह्मानंद में मस्त (घर) पकड़ (धार) प्रवाह (पूरण कला) पूर्ण शक्ति, चेतन, युक्ति।

**भाष्य :** अवधूत योगी, अपनी सारी शक्तियों को योग की पूर्ण युक्ति द्वारा संभाल कर ऊर्ध्वमुख हो करके, सुरति को पकड़ कर चंद्रमा-चकोर की तरह स्थित हो शब्दामृत धार को पी कर मस्ताना हो जाता है।

तापमान
अधिकतम 31⁰ न्यूनतम 16⁰

# तेतेलिया से अगवा दो बच्चे बिहार से बरामद



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी के तेतेलिया इलाके से अगवा हुए दो बच्चों को बिहार के वैशाली जिला के माहुर पुलिस थानांतर्गत इलाके से शनिवार की सुबह पुलिस ने बरामद किया है। दोनों बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ हैं। लेकिन अभी तक बच्चों को अगवा करने वाले आरोपित सुधीर कुमार को पुलिस पकड़ नहीं पायी है। इस संदर्भ में शनिवार पश्चिम गुवाहाटी के डीसीपी पद्मनाथ बरुवा ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपरोक्त जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस की संयुक्त पहल से दोनों बच्चे विवेक कुमार (8) और अजीत कुमार (5) को सकुशल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में 165/2023 नंबर की प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इसके आधार पर ही पुलिस दोनों बच्चों को बरामद किया। हालांकि, अपहर्ता सुधीर कुमार अभी तक फरार है। बच्चों के परिजन मदन राय के परिवार वालों का कहना है कि मदन राय और ड्राइवर सुधीर के बीच व्यवसाय को लेकर झगड़ा चल रहा था। दोनों बच्चों को अगवा करने के बाद मदन राय से पांच लाख रुपए की मांग की गयी थी। उन्होंने बताया है कि इस मामले की जांच गुवाहाटी पुलिस और बिहार पुलिस की संयुक्त पहल के तहत की जा रही है। पुलिस का कहना है कि बहुत जल्द अपहर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गत गुरुवार को दोनों बच्चे अजीत कुमार और विवेक कुमार को सुधीर कुमार ने तेतेलिया स्थित उनके किराए के आवासीय परिसर से उस समय अगवा कर लिया, जब वे खेल रहे थे। बच्चों के परिजनों ने गौशाला पुलिस चौकी में शुक्रवार को एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया।

## अवैध शराब की बिक्री के विरोध में हैलाकांदी में महिलाओं ने निकाली रैली

**हैलाकांदी ( हि.स. )।** अवैध शराब की बिक्री के विरोध में हैलाकांदी जिला में महिलाओं ने प्रदर्शन किया। हैलाकांदी जिला के पांचग्राम इलाके में करीब 200 महिलाओं ने प्रदर्शन किया। पांचग्राम क्षेत्र में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। आज (शनिवार) हाथों में विभिन्न तख्तियां लिए, अवैध शराब और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री को बंद करने की मांग करते हुए नारे लगाते हुए, महिलाओं ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-6 पर धलेश्वर पॉइंट से पांचग्राम बाजार तक एक रैली निकाली।
गौरतलब है कि पांचग्राम इलाके में लंबे समय से अवैध शराब और नशे के कारोबार के आरोप लगते रहे हैं। शराबियों की संख्या में लगातार वृद्धि ने महिलाओं के सांस्कृतिक जीवन को भी प्रभावित किया है। नतीजतन, आज वे अपने घरों से बाहर निकली और विरोध प्रदर्शन किया।

# होजाई में एक लाख से अधिक व्यक्ति उच्च रक्तचाप से संक्रमित : जीएनआरसी




**होजाई ( होसं )।** गुवाहाटी स्थित मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल जीएनआरसी अस्पताल द्वारा होजाई में स्वास्थ्य संबंधित की गई एक अध्ययन में चौंकाने वाले आंकड़े सामने देखने को मिले हैं। जीएनआरसी के अध्ययन के मुताबिक होजाई के 1,73,863 लोग उच्च रक्तचाप से संक्रमित हैं। वहीं 49,725 हृदय रोगों से और 68,253 व्यक्ति किडनी संबंधित बीमारी से पीड़ित हैं, वहीं 63,253 हाई ब्लड शुगर, 7235 लोग मिर्गी की बीमारी से पीड़ित हैं। होजाई में स्ट्रोक और अन्य न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से 5,012 बुजुर्ग प्रभावित हैं और 35,227 बुजुगों को उच्च रक्तचाप और अन्यहृदय संबंधी समस्याओं से पीड़ित होने का अनुमान है। 47,947 बुजुर्ग मस्कुलोस्केलेटल समस्याओं से पीड़ित हैं। 9,235 बुजुगों के गठिया और चलने-फिरने संबंधी विकारों से पीड़ित होने की आशंका थी। 12,576 लोग मधुमेह और 11,127 लोग कैंसर से पीड़ित थे। उक्त अध्ययन के मुताबिक कई स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं जिनका उपचार या रोकथाम किया जा सकता है के बारे में कम जागरूकता होने के कारण होजाई वासियों को काफी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। गौरतलब है की जीएनआरसी के संस्थापक डॉ. नुमल चंद्र बोरा ने रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि खराब स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल की कमी के कारण भारत में लगभग 33 प्रतिशत आबादी विभिन्न प्रकार के संक्रामक रोगों से ग्रस्त है। जीएनआरसी अस्पताल के संस्थापक के अनुसार होजाई में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, गुर्दे की बीमारी, चोट और उम्र से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं सहित उच्च रक्तचाप से पीड़ित 1,73,863 लोग हैं। डॉ. नुमल चंद्र बोरा आगे बताते हैं कि उक्त समस्याओं से लोगों को निजात दिलाने हेतु जीएनआरसी अस्पताल ने कई अहम कदम उठाए हैं। हमारा लक्ष्य है स्वास्थ्य सबके लिए, खुशियां सबके लिए। इस दौरान डॉ बोरा ने जीएनआरसी के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक किफायती स्वास्थ्य अभियान शुरू करने के लिए निवारक स्वास्थ्य सेवाओं और मानकों और सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में व्यापक जागरूकता के महत्व को समझाया। जीएनआरसी ने अपनी स्थापना के बाद से होजाई में 37,106 रोगियों की सेवा की है। उन्होंने कहा कि जीएनआरसी ने अटल अमृत अभियान और आयुष्मान भारत- पीएमजेएवाई के तहत होजाई में 700 से अधिक रोगियों को सेवा प्रदान की है और 1280 लोगों ने मुफ्त आपातकालीन सेवाएं प्राप्त की हैं और 786 लोगों को मुफ्त सीटी स्कैन प्राप्त हुआ है। डॉ. बोरा ने कहा कि आने वाले वर्षों में 1,550 स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती की जाएगी। आधुनिक दवाओं और उचित जीवन शैली से मिर्गी, स्ट्रोक, किडनी रोग, उच्च रक्तचाप और अधिकांश रोगों को जल्दी रोका जा सकता है या उनका इलाज किया जा सकता है। समाज की अज्ञानता के कारण बहुत से लोग मर जाते हैं या विकलांग हो जाते हैं। इस दौरान डॉ बोरा ने उपस्थित सभी संवाददाताओं से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा इस विषय पर जागरूकता फैलाएं जिससे जीएनआरसी का लक्ष्य स्वास्थ्य सबके लिए, खुशियां सबके लिए पर और तेजी से काम किया जा सके। वहीं संवाददाता सम्मेलन में जीएनआरसी के कार्यकारी निदेशक डॉ. माधुर्य बोरा, स्वास्थ्य मित्र परियोजना के प्रमुख अभिजीत भट्टाचार्य, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी मृणाल अली हजारिका मौजूद थे।

## पुलिस पर हमला करने के आरोप में 14 लोग गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** कामरूप (ग्रामीण) जिलांतर्गत बोको के बदला के रंगापानी में पुलिस टीम पर बीती रात हमला किये जाने का मामला सामने आया है। कामरूप पुलिस ने बीती रात हुई इस घटना में अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि बीती रात पुलिस की टीम अपराधियों की तलाश में रंगापानी इलाके में पहुंची थी, जहां पर एक वर्ग के लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। बोको की सोंतली पुलिस के साथ रंगापानी के एक समूह ने हमला किया था। सूत्रों ने बताया है कि पुलिस अपराधी मुन्नाफ अली को गिरफ्तार करने गई थी। इस बीच कथित तौर पर रंगापानी के कुछ लोगों के द्वारा पुलिस टीम को घेर कर हमला किया गया। इस घटना में होमगार्ड सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। गिरफ्तार किए गए लोगों को फिलहाल बोको पुलिस स्टेशन में रखा गया है। जिनसे पुलिस टीम पूछताछ कर रही है। इस घटना से इलाके में सनसनी व्याप्त है।

# संघ कार्य को मंडल, बस्ती और प्रत्येक गांवों तक पहुंचाना लक्ष्य : खगेन सैकिया

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सभा और प्रदर्शनों के बदले अपने समाजसेवा कार्यों के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का कार्य करता है। दैनंदिनी लगने वाली शाखाओं के जरिए व्यक्ति निर्माण और देश को मजबूत बनाने के लिए उद्यम किये जाते हैं। हमारा उद्देश्य संघ कार्य को मंडल, बस्ती और प्रत्येक गांवों तक पहुंचाना है। ये बातें शनिवार को संघ के उत्तर असम प्रांत के कार्यवाह खगेन सैकिया ने संवाददाता सम्मेलन में कही। प्रांत कार्यालय केशव धाम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उत्तर असम प्रांत के प्रचार प्रमुख किशोर शिवम भी मौजूद थे। सैकिया ने कहा कि हरियाणा के पानीपत जिले के समालखा में हाल ही में संपन्न हुई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में अहम प्रस्ताव पारित किये गये। उन प्रस्तावों के साथ ही अन्य कई अहम बिंदुओं पर खगेन सैकिया ने प्रकाश डाला। प्रस्ताव में स्व आधारित राष्ट्र के नवोत्थान के संकल्प लेने पर जोर दिया गया है। वहीं विदेशी आक्रमणों तथा संघर्ष के काल में भारतीय जनजीवन अस्त-व्यवस्त हुआ तथा सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं



धार्मिक व्यवस्थाओं को गहरी चोट पहुंची। इस कालखंड में पूज्य संतों एवं महापुरुषों के नेतृत्व में संपूर्ण समाज ने सतत संघर्षरत रहते हुए अपने स्व को बचाए रखा। इस संग्राम की प्रेरणा स्वधर्म, स्वदेशी और स्वराज की स्व त्रयी में निहित थी, जिसमें समस्त समाज की सहभागिता रही। स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर सूंर्ण राष्ट्र ने इस संघर्ष में योगदान देने वाले जननायकों, स्वतंत्रता सेनानियों तथा मनीषियों का कृतज्ञतापूर्ण स्मरण किया है। सैकिया ने प्रस्ताव में शामिल अन्य प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि असम में हमारे 26 से 27 संगठन हैं। उन्होंने पूर्व में हुए ईसाई और मुस्लिम धर्मांतरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विभिन्न कारणों से धर्मांतरण पूर्व में हुए, उन सभी कमजोर पक्षों को बेहतर बनाकर समाज में जागरुकता लाने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि वर्तमान में ऐसी किसी भी गतिविधि को रोका जा सके। सैकिया ने बताया कि अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के दौरान श्रद्धांजलि सभा में असम के दिवंगत हुए संघ से जुड़े लोगों को भी श्रद्धांजलि दी गयी। धर्मांतरण के सवाल पर उन्होंने कहा कि धर्म जागरण के जरिए लोगों के बीच जन जागरण फैलाया जा रहा है, ताकि भविष्य में पुन: धर्मांतरण न हो। वहीं लव जेहाद को रोकने के लिए कुटुंब प्रबोधन के जरिए सामाजिक विभेद को दूर किया जा रहा है। स्कूलों-कॉलेजों में कुटुंब प्रबोधन की बैठक में बच्चियों को सचेत करने जैसे कदम भी उठाये जा रहे हैं। जनजातियों के विकास के लिए भी प्रयास किये जा रहे हैं।

## किसान का मोटर चुराने के आरोप में चार शातिर चोर गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** कामरूप (ग्रामीण) जिला के हाजो पुलिस ने एक किसान के पानी के मोटर चोरी करने के आरोप में चार शातिर चोरों को एक कार समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि बीती रात हाजो के बंगालपारा इलाके में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान चोरी के मोटर समेत चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार चोरों की पहचान शहीदुल इस्लाम, जहीरुल इस्लाम, रबीउल जमात और युसूफ अली के रूप में की गई है। गिरफ्तार चारों चोरों के पास से पुलिस ने चुराए गये मोटर के अलावा एक कार (एएस-13एफ-4660) को भी जब्त किया है। पुलिस इस संबंध में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# बीएनआई एंकर के एंकरेज के पोस्टर का अनावरण




**गुवाहाटी।** महानगर के पलटन बाजार के आशी अप्सरा बैंक्विट हॉल में बीएनआई एंकर की ओर से एंकरेज नामक दो दिवसीय मेगा बिजनेस प्रदर्शनी का आयोजन आगामी 25 मार्च से किया जाएगा। एंकरेज नामक इस मेगा इवेंट के पोस्टर का अनावरण शनिवार को बीएनआई गुवाहाटी के कार्यकारी निदेशक सिद्धार्थ गरोडिया ने किया। इस मौके पर बीएनआई एंकर के अध्यक्ष रोहित सरावगी, एंकरेज कार्यक्रम के संयोजक अंकित जाजोदिया, सुकांता विश्वास, अंकित जैन, पवन खाटूवाला मौजूद थे। अध्यक्ष सरावगी ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन 25 मार्च कि सुबह 10 बजे होगा, जिसमें गुवाहाटी की कई नामचीन हस्तियां मौजूद रहेंगी। एंकरेज शहर के सबसे बड़े बिजनेस इवेंट में से एक है, जिसे लेकर सभी में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। इसमें लोगो की सभी जरूरतें को एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रारूप तैयार किया गया हैं, जो बहुत सारे व्यवसायो को कारोबार में आदान-प्रदान करने में मदद करेंगा। इस दौरान अद्वितीय श्रेणियों के 50+ व्यापार प्रदर्शक अपने विभिन्न उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे। बीएनआई गुवाहाटी के कार्यकारी निदेशक सिद्धार्थ गाड़ोदिया ने कहा की इस मेगा प्रदर्शनी के जरिए मैं आने वाले लोगों को अलग-अलग व्यापार से जुड़े लोगों के साथ बातचीत कर अपने कारोबार को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। चैप्टर के अध्यक्ष उपाध्यक्ष अंकित जाजोदिया ने कहा कि बीएनआई एंकर हमेशा अपने नवाचार और रचनात्मकता कार्यों के लिए पहचाना जाता है और इस बार एंकरेज से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। एंकरेज के संयोजक सुकांता विश्वास, अंकित जैन, पवन खाटूवाला ने कहा की यह दो दिवसीय कार्यक्रम प्रदर्शकों और आगंतुकों के लिए एक दूसरे के लिए सहयोग, कनेक्ट और नए व्यवसाय उत्पन्न करने के लिए काफी संभावनाएं प्रदान करेगा। हमारे पास विभिन्न श्रेणियों जैसे- म्यूचुअल फंड, रियल एस्टेट, सॉफ्टवेयर, सिक्योरिटी सिस्टम, कंप्यूटर आदि के प्रदर्शक हैं, जो अपने कई उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन एंकरेज के माध्यम से करेंगे। हमारे पास आगंतुकों के लिए प्रदर्शकों के साथ अलग-अलग वन टू वन सत्र सहित देश के कई नामचीन वक्ता द्वारा सत्रों का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें 25 की शाम को जाने माने बिजनेस कोच राजीव तलरेजा मौजूद रहेंगे। वहीं वित्तीय कोच अमित त्रिवेदी सहित कई प्रख्यात वक्ता भी आयोजित सत्रों को संबोधित करेंगे। आयोजकों ने कहा कि एंकरेज अपनी तरह की एक अनूठी व्यावसायिक प्रदर्शनी है और हमें उम्मीद है कि इस आयोजन में 5000 से अधिक आगंतुक आएंगे। प्रदर्शनी के अलावा कई तरह के अन्य मनोरंजन से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों ने सभी से इस दो दिवसीय कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आह्वान किया है। एंकरेज को सफल बनाने में बीएनआई एंकर के सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

## साइबर अपराध में शामिल महिला समेत दो गिरफ्तार

**मोरीगांव ( हि.स. )।** मोरीगांव पुलिस ने साइबर अपराध में शामिल एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मोरीगांव जिला पुलिस के अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सामीरन वैश्य के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान साइबर अपराध में शामिल एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जियाउर रहमान और कहिनूर अख्तर के रूप में की गई है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने दिल्ली के सुधीर कुमार नामक व्यक्ति से साइबर अपराध के जरिए 26 लाख रुपए लूटे थे। पुलिस इस संबंध में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार दोनों आरोपियों से सघन पूछताछ कर रही है।

# एसएसबी की पहल पर शैक्षणिक भ्रमण दल पहुंचा गुवाहटी



**चिरांग ( हि.स. )।** चिरांग जिला के काजलगांव स्थित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 15वीं वहिनीं के द्वारा भारत-भूटान से सटे असम के सीमावर्ती क्षेत्रों के 16 स्कूली छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के उदेश्य से गुवाहटी के लिए गत 16 मार्च को रवाना किया गया था। एसएसबी सूत्रों ने शनिवार को बताया है कि शैक्षणिक भ्रमण के दूसरे दिन काजलगांव स्थित 15वीं वहिनीं के उप कमांडेंट नवीन कुमार साह के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने विधानसभा अध्यक्ष बिश्वजीत दैमारी से मुलाकात की तथा बजट सत्र, लाइब्रेरी, साइंस म्यूजियम, मछलीघर, तितली पार्क आदि स्थानों का भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान बच्चों ने बहुत कुछ सीखा तथा नई-नई जीचों को देखकर काफी आनंदित हुए।

# महानगर में आज मनाया जाएगा जलसा कार्यक्रम

**गुवाहाटी।** रविवार को महानगर में जलसा मनाई जाएगी। जिसकी जानकारी कमिटी के ओर से मोहम्मद सैमुदीन मंसूरी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी है। खानकाह कादरिया मुजादादिया तेगिया द्वारा कांटाबाड़ी-दतालपाड़ा मिलननगर पथ गुवाहाटी में मनाई जाएगी। इस जलसे को पीर ए तरिकत सुफी शाह मोहम्मद नजमुल्लाह साहब की सौजन्य से आयोजित किया जाता है। यह 11वां जलसा मनाया जाएगा।
जिसमें मुख्य अतिथि के रूप पीर मोहम्मद नजमुल्लाह, ऊलूबाड़ी मजार के खादीम शैयद अब्दुल करीम, शायर अशहर गौहाटवी, जेनरल सेक्रेटरी लाल मोहम्मद, ज्वाईनट सेक्रेटरी मो. मैनुल हक, टरेजरर मो: बैतुल्ला अंसारी सलाहकार मो: मुस्तफा अली व समाज सेवी तथा अंजुमन मिल्लत ए इस्लामिया गुवाहाटी के सलाहकार मोहम्मद सैमुदीन मंसूरी शामिल रहेंगे। इसके अलावा जलसे की रहनुमाई व तकरिर करने के लिए मुख्य रूप से मौलाना व मुफ्ती मुकिबुर रहमान अजहरी जिला (दरंग) असम व मुफ्ती अफताब रस्क मिसवाही (बिहार) तथा शुफी शमिमुल कादरी नेवरा शरिफ बिहार से तसरिफ ला रहे हैं। आगे मोहम्मद सैमुदीन मंसूरी ने बताया कि जलसा सुबह आठ बजे से शाम तीन बजे तक चलेगा। जिसमें आठ बजे से दस बजे तक कुरान खानी दस बजे से कुरान ए तिलावत व तकरिरें व तीन बजे शाम को देश व दुनियां में अमन-चैन के लिए दुआएं की जाएगी तथा जलसा संन्न होगी व सिरनी के रूप में पुलाव तकसिम की जाएगी।
जलसे में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए खास इन्तजाम किया गया है। आप तमाम हजरात से गुजारिश है कि जलसे में शामिल होने के लिए आप लोगों को दावत के लिए गुजारिश कि जाति है ताकि इस जलसे में शामिल होकर नेकी हासिल करें व पून्य की भागी बने।

## वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी के जोराबाट यातायात पुलिस चौकी अंतर्गत दस माइल इलाके से एक वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद किए जाने का मामला सामने आया है। जोराबाट यातायात पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि सुबह 3:30 बजे हमें सूचना मिली थी कि दस माइल आदर्श नगर इलाके में एक वृद्ध व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल भेज दिया। वृद्ध व्यक्ति की मौत खानापाड़ा से जोराबाट की ओर आने वाले किसी वाहन की चपेट में आने से हुई है। दुर्घटना इतना जबरदस्त था कि वृद्ध व्यक्ति के शरीर के परखच्चे उड़ गए। वृद्ध व्यक्ति की उम्र लगभग 55 के आसपास बताई गई है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मृत व्यक्ति की शिनाख्त करने के लिए शव को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल के शव गृह में शव को 72 घंटे के लिए रखा है।

# पूर्वोत्तर के लिए भारत गौरव ट्रेन 21 मार्च से चलेगी

**गुवाहाटी ( निसं )।** देश का सबसे बड़ा ट्रांसपोर्टर भारतीय रेल भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन द्वारा भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को करीब से जानने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए यात्रा का संचालन करेगी। यह ट्रेन यात्रा 21 मार्च, 2023 को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से शुरू होगी और 15 दिवसीय यात्रा के दौरान असम के गुवाहाटी, शिवसागर, फरकाटिंग और काजीरंगा, त्रिपुरा के उनाकोटी, अगरतला और उदयपुर, नागालैंड के डिमापुर और कोहिमा और मेघालय के शिलांग और चेरापूंजी को कवर करेगी। भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन सं. 00412 दिल्ली सफदरजंग स्टेशन से 21 मार्च, 2023 को 15.20 बजे प्रस्थान करेगी। पर्यटक गाजियाबाद, अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर और लखनऊ स्टेशनों पर चढ़ और उतर सकते हैं। 14 रात और 15 दिन तक चलने वाली इस ट्रेन का पहला पड़ाव 23 मार्च, 2023 को गुवाहाटी में होगा, जहां पर्यटक कामाख्या मंदिर और उसके बाद उमानंद मंदिर एवं ब्रह्मपुत्र पर एक सूर्यास्त क्रूज का दर्शन कर पायेंगे। आगे, यह ट्रेन 25 मार्च, 2023 को नाहरलगुन रेलवे स्टेशन पहुंचने के लिए रात भर की यात्रा के लिए रवाना होगी जो अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर इस अगले गंतव्य से 30 किलोमीटर दूर है। इसके बाद, 26 मार्च, 2023



को अगला शहर शिवसागर होगा, जो असम के पूर्वी भाग में आहोम साम्राज्य की पुरानी राजधानी रहा है। शिवसागर में प्रसिद्ध शिवदौल अन्य विरासत स्थलों के अलावा यात्रा कार्यक्रम का एक हिस्सा है। इसके अलावा जोरहाट में चाय बागान और काजीरंगा में रात्रि ठहराव के बाद काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में सुबह की जंगल सफारी का अनुभव पर्यटक कर पायेंगे। डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन 27 मार्च, 2023 को फरकाटिंग रेलवे स्टेशन से त्रिपुरा राज्य के लिए रवाना होगी, जहां के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल उज्जयंत पैलेस सहित उनाकोटी और अगरतला के प्रसिद्ध विरासत स्थल हैं। अगले दिन उदयपुर के नीरमहल पैलेस और त्रिपुरा सुंदरी मंदिर को यात्रा कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। त्रिपुरा के बाद, 29 मार्च, 2023 को ट्रेन नागालैंड राज्य की यात्रा के लिए डिमापुर को रवाना होगी। डिमापुर स्टेशन से पर्यटकों को स्थानीय स्थलों पर जाने के लिए बसों से कोहिमा लाया जाएगा। टूरिस्ट ट्रेन का अंतिम पड़ाव 01 अप्रैल, 2023 को गुवाहाटी में होगा। पर्यटकों को सड़क मार्ग से मेघालय की राजधानी शिलांग ले जाया जाएगा, जहां मार्ग में राजसी उमियम झील पर एक पिट स्टॉप होगा। अगले दिन की शुरुआत पूर्वी खासी हिल्स में बसे चेरापूंजी के भ्रमण से होगी। शिलांग पीक, एलिफेंट फॉल्स, नवखलिकाई फॉल्स और मवसमाई गुफा इस दिन के दर्शनीय स्थलों का हिस्सा हैं। चेरापूंजी से पर्यटक 02 अप्रैल, 2023 को वापसी ट्रेन यात्रा के लिए गुवाहाटी स्टेशन में ट्रेन पर चढ़ेंगे और दिल्ली सफदरजंग स्टेशन 04 अप्रैल, 2023 को 13.30 बजे पहुंचेंगे। आधुनिक डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन में दो बेहतरीन डाइनिंग रेस्तरां और एक किचन है। पूर्ण रूप से वातानुकूलित ट्रेन तीन प्रकार के आवास-व्यवस्था यथा एसी-1, एसी-2 और एसी-3 प्रदान करती है। ट्रेन में प्रत्येक कोच के लिए सीसीटीवी कैमरे, इलेक्ट्रॉनिक सेफ्स और तैनात समर्पित सुरक्षा कर्मी जैसे सुरक्षा सुविधाओं को बढ़ाया गया है। भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन की शुरूआत घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की पहल एक भारत श्रेष्ठ भारत और देखो अपना देश के अनुरूप है।

# भारत के 'श्री अन्न' अभियान से ढाई करोड़ छोटे व सीमांत किसानों का होगा लाभ : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को केंद्र सरकार के श्री अन्न (मोटा अनाज) अभियान को भारत में समग्र विकास का माध्यम बताते हुए कहा कि इससे 2.5 करोड़ छोटे और सीमांत किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि भारत एक वैश्विक आंदोलन के रूप में मोटे अनाज या 'श्री अन्न' को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली के पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (एनएएससी) स्थित सुब्रमण्यम हॉल में ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने ग्लोबल मिलेट्स सम्मेलन पर स्मारक डाक टिकट और मिलेट्स 2023 के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के आधिकारिक सिक्के का भी अनावरण किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के प्रस्ताव और प्रयासों के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष' घोषित किया है, यह बड़े सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि आज विश्व जब अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष मना रहा है, तो भारत इस अभियान की अगुवाई कर रहा है। भारत के 75 लाख से ज्यादा किसान आज इस समारोह में वर्चुअली हमारे साथ मौजूद हैं, जो इसके महत्व को दशार्ता है। प्रधानमंत्री ने अपने





संबोधन में कहा कि भारत के मोटे अनाज अभियान से 2.5 करोड़ छोटे और सीमांत किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा, ह्णभारत का बाजरा मिशन 2.5 करोड़ सीमांत किसानों के लिए वरदान बनेगा।

आजादी के बाद यह पहली बार है कि कोई सरकार बाजरा उत्पादक किसानों की जरूरतों पर ध्यान दे रही है। जब मोटे अनाज का बाजार बढ़ेगा, तो इससे 2.5 करोड़ सीमांत किसानों की आय में वृद्धि होगी। सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने श्रीअन्न को भारत में समग्र विकास का एक माध्यम बताते हुए कहा कि भारत एक वैश्विक आंदोलन के रूप में मोटे अनाज या 'श्री अन्न' को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में मोटे अनाज को अब श्री अन्न केवल खेती या खाने तक सीमित नहीं है। हमारे यहां किसी के आगे श्री ऐसे ही नहीं जुड़ता है। जहां श्री होती है, वहां समृद्धि भी होती है। समग्रता होती है। श्री अन्न भी भारत में समग्र विकास का एक माध्यम बन रहा है। इससे गांव और गरीब भी जुड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मिलेटस मानव और मिट्टी दोनों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने की गारंटी देते हैं। इसे प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में और बिना रसायनों और उर्वरकों के आसानी से उगाया जा सकता है। इसकी पैदावार में अपेक्ष-ाकृत पानी भी कम लगता है, जिससे जल संकट वाली जगहों के लिए ये एक पसंदीदा फसल बन जाती है। उन्होंने कहा, जलवायु रिजिल्यन्ट (लचीला) होना मिलेट्स की ताकत है। बहुत प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में भी मिलेट्स का आसानी से उत्पादन हो जाता है। उन्होंने कहा कि भारत में बाजरा मुख्य रूप से 12-13 राज्यों में उगाया जाता था। हालांकि, इन राज्यों में प्रति व्यक्ति घरेलू खपत 2-3 किलोग्राम प्रति माह से अधिक नहीं थी। आज यह बढ़कर 14 किग्रा प्रति माह हो गया है।

इससे पूर्व सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र की ओर से 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स (मोटा अनाज) वर्ष घोषित करने के परिणामस्वरूप श्री अन्न की घरेलू और वैश्विक मांग में वृद्धि हुई है। दो दिनों तक चलने वाले वैश्विक सम्मेलन में उत्पादकों, उपभोक्ताओं और अन्य हित धारकों के बीच पोषक अनाज के प्रचार और जागरूकता, पोषक अनाज की मूल्य श्रृंखला का विकास, पोषक अनाज के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी पहलू, बाजार संपर्क, अनुसंधान और विकास आदि जैसे पोषक अनाज से संबंधित सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन में विभिन्न देशों के कृषि मंत्री, अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक, पोषण विशेषज्ञ, स्वास्थ्य विशेषज्ञ, स्टार्ट-अप उद्योग के दिग्गज और अन्य हित धारक भाग ले रहे हैं।

## राष्ट्रभाषा हिन्दी के लिए वैदिक ने संसद को हिलाया, श्रद्धांजलि में मीडिया ने नहीं दी पूरी जगह : शान्ता कुमार

**पालमपुर, (हि.स.)।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने वरिष्ठ पत्रकार डा. वेदप्रताप वैदिक के निधन को देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य था कि लम्बे समय से उनसे सम्पर्क रहा और कई कार्यक्रमों में उनके साथ जाने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि डा. वैदिक ने हिन्दी के लिए 13 साल की उम्र में सत्याग्रह किया था और पटियाला जेल में बंद रहे। बाद में छात्र नेता और हिन्दी के आन्दोलनकारी के तौर पर कई बार जेल की यात्राएं कीं। एक दौर में उन्होंने राष्ट्रभाषा हिन्दी को लेकर देश की संसद को हिला दिया था। शान्ता कुमार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि डा. वैदिक जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय से अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पीएचडी कर रहे थे। वे अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर अपना शोध ग्रंथ हिन्दी में लिखना चाहते थे लेकिन उनको अनुमति नही



मिली। इस प्रश्न पर उन्होंने आन्दोलन किया और कहा कि देश की राष्ट्रभाषा पर मुझे शोध ग्रंथ लिखने और पीएचडी करने की अनुमति मिलनी चाहिए। मामला न्यायालय में गया। देश की ससंद में भी गूंजा। डा. राममनोहर लोहिया, अटल बिहारी वाजपेयी, मधु लिमये, चन्द्रशेखर, प्रकाश वीर शास्त्री, रामधारी सिंह दिनकर, डा. धर्मवीर भारती और डा. हरिवंशराय बच्चन जैसे विद्वानों ने उनका प्रबल सर्मथन किया। लोकसभा हिल गई। डा. वैदिक पहले भारतीय छात्र बने, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर हिन्दी में शोध लिख कर पीएचडी प्राप्त की। इस प्रकार उन्होंने भारत में एक नया इतिहास रचा। उन्होंने कहा कि वे कई प्रमुख पत्रों के सम्पादक रहे। समाचार एजेंसी भाषा के संस्थापक संपादक रहे। उन्हें कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। शान्ता कुमार ने कहा कि मुझे भारतीय मीडिया से एक शिकायत है। किसी नेता या सिनेमा जगत के हीरो के निधन पर जिस प्रकार मीडिया में श्रद्धांजलि दी जाती है, डा. वैदिक जैसे विद्वान को उससे भी अधिक श्रद्धांजलि मिलनी चाहिए थी परन्तु मीडिया ने इस मामले में उनकी अनदेखी की। हिन्दी मीडिया को तो इस कमी को पूरा करना चाहिए था, जो नहीं किया गया। इस पर मुझे और भी दुख है।

## आप के विधायकों को भाजपा धमका रही है : राघव चड्ढा

राकेश शर्मा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने शनिवार को आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी उनके विधायकों को धमकी दे रही है कि उन्हें भी उपमुख्यमंत्री की तरह जेल पहुंचा दिया जाएगा। आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने यहां प्रेस वार्ता कर कहा कि भाजपा कई बार उनके विधायकों को तोड़ने की कोशिश करती रही है, लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो पाई। आप के पास बड़ा बहुमत है, लेकिन भाजपा अविश्वास प्रस्ताव के नाम पर विधायकों को खरीदकर सरकार गिराना चाहती है।



उल्लेखनीय है कि भाजपा विधायकों ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव पेश करना चाहा था। उनका आरोप है कि अरविंद केजरीवाल भी दिल्ली शराब नीति घोटाले में शामिल हैं और उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।

## टीएमसी ने अकेले चुनाव लड़ने का किया ऐलान


**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की विपक्षी एकता की कोशिश को बड़ा झटका लगा है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने पार्टी नेताओं की एक बैठक के बाद कहा कि पार्टी, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों से दूरी बनाए रखते हुए अपने रास्ते पर चलेगी। बंदोपाध्याय ने हालांकि कहा कि पार्टी फिलहाल तीसरे मोर्चे की बात नहीं कर रही और चेतावनी दी कि कांग्रेस को यह नहीं मानना चाहिए कि वह विपक्ष की बिग बॉस है। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के आवास पर बैठक के बाद, बंदोपाध्याय ने कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने की रणनीति बनाने के लिए शक्तिशाली क्षेत्रीय दलों के साथ विचार-विमर्श करेगी। उन्होंने कहा कि हम अपने



रास्ते पर चलेंगे, कांग्रेस और भाजपा से दूरी बनाए रखेंगे। हम कोई तीसरा मोर्चा बनाने की फिलहाल बात नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस को यह नहीं लगना चाहिए कि वह विपक्षी मोर्चे की बिग बॉस है। बंदोपाध्याय ने कहा कि ममता बनर्जी भाजपा से लड़ने के लिए शक्तिशाली क्षेत्रीय दलों के साथ बैठक करेंगी। उन्होंने कहा कि इस साल होने वाले पंचायत चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव, दोनों में पार्टी देश को साबित करेगी कि वह भाजपा को अकेले दम पर पश्चिम बंगाल में कैसे रोक सकती है।

## विपक्ष वार्ता के लिए आगे आए तो संसद में जारी गतिरोध किया जा सकता दूरः अमित शाह

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर विपक्ष वार्ता के लिए आगे आए तो संसद में जारी मौजूदा गतिरोध को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष दो कदम आगे बढ़ाए तो सरकार उससे भी दो कदम आगे बढ़ेगी। शाह ने एक कार्यक्रम में कहा कि ऐसे कई मुद्दें हैं, जो राजनीति से ऊपर हैं। यहां तक कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी विदेशी धरती पर घरेलू राजनीति पर चर्चा करने से इनकार कर दिया था। शाह ने कहा कि दोनों पक्ष लोकसभा अध्यक्ष के साथ बैठें। उन्हें दो कदम आगे आना चाहिए और हम उससे भी दो कदम आगे बढ़ाएंगे, तब संसद चलेगी, लेकिन आप केवल संवाददाता सम्मेलन कीजिए और कुछ न कीजिए, ऐसा नहीं चलता। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि संसद केवल सत्ता पक्ष या केवल विपक्ष से नहीं चलती और दोनों को एक-दूसरे से बात करनी ही होती है। उन्होंने कहा कि हमारी पहल के बावजूद विपक्ष की ओर से बातचीत का प्रस्ताव नहीं आया। हम किससे बात करें? वे मीडिया से बातचीत कर रहे हैं। वे नारेबाजी कर रहे हैं कि संसद में बोलने की आजादी होनी चाहिए। संसद में बोलने की पूरी आजादी है। आपको बात करने से कोई नहीं रोक रहा। शाह ने हालांकि कहा कि सभी को नियमों का पालन करना चाहिए



और उन्मुक्त नहीं होना चाहिए तथा प्रत्येक को नियमावली पढ़नी चाहिए और उन्हें समझना चाहिए। अमित शाह ने कहा कि संसद में बहस नियमों के तहत होती है। आप सड़क चलते व्यक्ति की तरह संसद में नहीं बोल सकते। अगर उनको इन मूल बातों की जानकारी नहीं है तो हम क्या करें। शाह ने दो घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि इंदिरा गांधी आपातकाल के बाद इंग्लैंड गई थीं और उस वक्त शाह आयोग का गठन हुआ था, तब इंदिरा गांधी को जेल में भेजने के प्रयास चल रहे थे। उन्होंने इंदिरा गांधी का हवाला देते हुए कहा कि उस समय कुछ पत्रकारों ने इंग्लैंड में उनसे सवाल किया कि उनका देश कैसा चल रहा है, जिस पर उन्होंने कहा था कि हमारे बीच कुछ समस्याएं हैं, लेकिन मैं उन पर यहां कुछ नहीं कहना चाहती। मेरा देश ठीक चल रहा है। मैं कुछ भी अपने देश के बारे में नहीं कहूंगी। यहां मैं एक भारतीय हूं। अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 2024 में भी सरकार बनाएगा और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। शाह ने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद तीन अहम मुद्दों जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सली समस्या का मोटे तौर पर समाधान कर दिया गया है। गृह मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करने के बाद कोई विदेशी ताकत ने देश के आतंरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की हिम्मत नहीं की। उन्होंने कहा कि जनता तय करेगी कि कौन देश का अगला प्रधानमंत्री होगा। मैंने देश के सभी हिस्सों का दौरा किया है और महसूस किया है कि भाजपा अगली सरकार बनाएगी और मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। अमित शाह ने जोर देकर कहा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय जैसी एजेंसियां निष्पक्ष काम कर रही हैं। केवल दो को छोड़ अधिकतर जांच किए जा रहे मामले पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में दर्ज किए गए थे। शाह ने कहा कि जांच एजेंसियां जो भी कर रही हैं, उसे अदालतों में चुनौती दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि साल 2017 में हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस की एक बड़ी महिला नेता ने कहा था कि अगर वे भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं तो जांच क्यों नहीं होती। वह हमसे सवाल कर रही थीं, अब जब कार्रवाई की जा रही है तो वह शोर मचा रहे हैं।

## भाजपा ने शराब नीति घोटाला मामले में केजरीवाल सरकार के खिलाफ बांटे पत्रक

आशीष वर्मा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई ने शनिवार को बंगाली मार्केट इलाके में निवासियों और कारोबारियों के बीच केजरीवाल सरकार की कथित शराब नीति घोटाले मामले की जानकारी देने वाले पत्रक बांटे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता में भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर आक्रोश का माहौल है। भाजपा उनके इस्तीफे की



मांग करती है। इस अवसर पर उनके साथ दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी भी थे। दोनों नेताओं ने मार्केट एसोसिएशन के लोगों को भी पत्रक बांटे।

# दिल्ली में मास्क लगाना फिर होगा जरूरी

अजय त्यागी


**नई दिल्ली।** दिल्ली पर एच3एन2 इन्फ्लुएंजा वायरस का खतरा बढ़ सकता है। एच3एन2 इन्फ्लुएंजा वायरस के संक्रमण को देखते हुए एक बार फिर देश की राजधानी में लोगों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य हो सकता है। एच3एन2 इन्फ्लुएंजा वायरस संक्रमण को लेकर शनिवार को दिल्ली में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक कल बुलाई गई है। शनिवार को उपराज्यपाल की अगुवाई में बैठक होगी। हालांकि दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को ही हेल्थ एडवाइजरी जारी कर दी है दिल्ली में एच3एन2 इन्फ्लुएंजा वायरस के खतरे को लेकर शुक्रवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा किइन्फ्लुएंजा वायरस के मामले मार्च के अंत तक आमतौर पर कम हो जाते हैं। हालांकि इसबार बड़ी संख्या में मामले सामने आए हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को कहा कि शहर की सरकार ने अधिकारियों को राष्ट्रीय राजधानी में इन्फ्लूएंजा वायरस के मामलों का पता लगाने के लिए शीघ्र जांच करने का निर्देश दिया है। देश में बढ़ते एच3एन2 इन्फ्लुएंजा खतरे को लेकर केंद्र सरकार की



ओर से एडवायजरी जारी की गई है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को कहा कि ह्यजिन लोगों को गंभीर अस्थमा या कोविड-19 है वे सबसे ज्यादा एच3एन2 इन्फ्लुएंजा की चपेट में आए। एडवायजरी में कहा गया कि पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों और 65 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को ज्यादा एहतियात बरतने की जरूरत है। उधर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभा भारद्वाज ने कहा कि ह्केंद्र सरकार ने छह राज्यों को कोविड एडवायजरी जारी की है उसमें दिल्ली शामिल नहीं है।

## मंडोली जेल में कैदी के पास से मिले 5 मोबाइल फोन तलाशी में खुली पोल

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जेल प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद कैदी चोरी छुपे जेल के अंदर मोबाइल ले जाने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ अपने इंफॉर्मेशन और सतर्कता की मदद से जेल प्रशासन की टीम भी कैदियों पर नकेल कसने और उनके पास से मोबाइल बरामद करने में कामयाब हो रही है। ताजा मामला दिल्ली के मंडोली सेंट्रल जेल का है। यहां से जेल प्रशासन ने कैदी के पास से 5 मोबाइल बरामद किए हैं। तिहाड़ जेल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने बताया कि ये 5 मोबाइल अंडर ट्रायल कैदी अलमस उर्फ अल्लू के पास से बरामद किए गए हैं। यह नासिर गैंग से ताल्लुक रखता है। इसे दिल्ली आर्म्ड पुलिस के थर्ड बटालियन की टीम जेल से कोर्ट में पेशी के लिए ले गई थी। वहां से मंडोली के जेल नंबर 11 में इसे वापस लाया गया। दोपहर



में तलाशी ली गई तो इसके पास से ये मोबाइल बरामद किए गए। बरामद मोबाइल को इसने बैंडेज के अंदर रैप करके छुपा रखा था। जब इसे कोर्ट से मंडोली जेल लाया गया तो इसकी संदिग्ध गतिविधि को देखकर जेल कर्मियों को शक हुआ था। उसके बाद इसकी गहनता से जांच की गई। तलाशी ली गई तो मोबाइल बरामद किए गए।

## एसटीएफ बंगाल व बिहार पुलिस ने किया कटिहार में हथियार के कारखाने का भंडाफोड़

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बिहार पुलिस के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में पश्चिम बंगाल के मालदा और बिहार के कटिहार की सीमा पर मौजूद अहमदाबाद थाना क्षेत्र में एक गैर कानूनी हथियार कारखाने का भंडाफोड़ किया है। बंगाल पुलिस एसटीएफ के एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु ने शनिवार सुबह इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल पुलिस की एसटीएफ को मुखबिरों से पुख्ता सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिला



अंतर्गत रतुआ थाना क्षेत्र और बिहार के कटिहार में अहमदाबाद थाना क्षेत्र के बीच नारू कर्मकार नाम के एक व्यक्ति के घर गैरकानूनी तरीके से बंदूक बनाने का कारोबार चल रहा है। इसके बाद शुक्रवार शाम कटिहार पुलिस और एसटीएफ की टीम ने मिलकर संयुक्त रूप से छापेमारी की। हालांकि, मकान का मालिक मौके से फरार हो गया, लेकिन वहां से दो इंप्रोवाइज बंदूकें, एक अर्ध निर्मित बैरल, एक अर्ध निर्मित बंदूक और बंदूक बनाने के अंदर सामान बरामद हुए हैं। कटिहार में अहमदाबाद थाने की पुलिस ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नारू कर्मकार फिलहाल फरार है। पुलिस ने उसकी तलाशी अभियान को तेज कर दिया है।

## जापान के प्रधानमंत्री सोमवार को आयेंगे भारत

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा सोमवार को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचेंगे। यहां वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे और इंडो पैसिफिक पर केन्द्रित 41वें सप्रू हाउस व्याख्यान भी देंगे। उनका शाम को बुद्धा जयंती पार्क में बाल बोधी-ट्री जाने का भी कार्यक्रम है। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री किशिदा प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के साथ बातचीत करेंगे। दोनों पक्ष आपसी हित के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। वे जी-7 और जी-20 की अपनी-अपनी प्रेसीडेंसी से जुड़ी प्राथमिकताओं पर भी चर्चा करेंगे। मंत्रालय की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार जापान के प्रधानमंत्री आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचेंगे। वे राजघाट पर



महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने जाएंगे। दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इसके बाद प्रेस वक्तव्य जारी किया जाएगा। दोपहर में वे 41वें सप्रू हाउस लेक्चर में भाग लेंगे। शाम को दिल्ली के बुद्धा जयंती पार्क में बाल बोधी वृक्ष जाने का भी कार्यक्रम है। जापानी प्रधानमंत्री अगले दिन स्वदेश रवाना होंगे। उल्लेखनीय है कि बुद्ध जयंती पार्क मध्य दिल्ली स्थित है और 81 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। 25 अक्टूबर 1964 को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री ने पवित्र बोधि वृक्ष का पौधा लगाकर इस पार्क का उद्घाटन किया था। पार्क में बुद्ध की जगमगाती मूर्ति है।

## साढ़े तीन करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में सुकेश चंद्रशेखर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

अजय कुमार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड के पूर्व प्रमोटर मलविंदर सिंह की पत्नी जपना सिंह से 3.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार सुकेश चंद्रशेखर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में ईडी ने सुकेश को 16 फरवरी को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। ईडी ने सुकेश को मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक जपना का पति मलविंदर सिंह जेल में बंद था। उसको लेकर जुलाई 2021 में सुकेश ने जपना को लैंडलाइन नम्बर से कॉल कर खुद की पहचान विनोद राज गोपालन के रूप ने बताई और कहा कि लॉ सेक्रेटरी आप से बात करना चाहते हैं। उसके बाद लैंडलाइन नंबर से फिर एक कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को लॉ सेक्रेटरी बताया और उसने मलविंदर सिंह की तिहाड़ में सुरक्षा का हवाला देकर उनसे सहयोग करने की बात कही थी। ईडी ने कहा कि खुद को लॉ सेक्रेटरी



बताने वाले कॉलर ने कहा कि उसकी होम मिनिस्ट्री में बात हो गई है और होम मिनिस्ट्री मलविंदर की मदद करना चाहते हैं। उसकी मदद के लिए कृष्ण कुमार आपसे मिलेंगे और आगे की बात करेंगे। ईडी ने बताया कि जब शिकायतकर्ता ने उस लैंडलाइन नम्बर को ट्रूकॉलर पर चेक किया तो उसमें भी होम मिनिस्ट्री का ही नंबर दिखाई दिया। उसके बाद ही जपना सिंह को विदेशी नंबर से एक फोन आया, जिसमें उसने खुद को कृष्ण कुमार बताया, जिससे 25 जुलाई, 2021 तक बात हुई। शिकायतकर्ता से करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये सुकेश ने अलग-अलग तारीख पर वसूले और धोखाधड़ी की गई। ईडी ने कहा कि शिकायतकर्ता से पैसा पीएम केअर फंड के नाम से फर्जी एकाउंट में ट्रांसफर करवाये गए, जिसकी बाकायदा रसीद भी शिकायतकर्ता को भेजी गई। इसके अलावा हांगकांग की एक फर्जी कंपनी के खाते में भी पैसा ट्रांसफर करवाया गया। गौरतलब है कि सुकेश के खिलाफ रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिवेंद्र सिंह की पत्नी अदिति सिंह से कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये की ठगी का मामला भी चल रहा है। सुकेश के खिलाफ एआईएडीएमके सिंबल मामले में निर्वाचन आयोग को रिश्वत देने की कोशिश का मामला भी लंबित है।

## अमरावती का टेक्सटाइल पार्क देगा तीन लाख लोगों को रोजगारः फडणवीस

**मुंबई, (हि.स.)।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र के अमरावती में बनने वाले टेक्सटाइल पार्क से करीब तीन लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख परोक्ष रोजगार शामिल हैं। टेक्सटाइल पार्क के रूप में केंद्र से राज्य को मिली सौगात के लिए फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 17 मार्च को ट्विट करते हुए देश के सात राज्यों में टेक्सटाइल पार्क बनाने की घोषणा की। इसके तहत उत्तर प्रदेश के लखनऊ, मध्य प्रदेश के धार, महाराष्ट्र के अमरावती, तेलंगाना के वारंगल, तमिलनाडु के विरधुनगर, कर्नाटक के कलबुर्गी और गुजरात के नवसारी में टेक्सटाइल पार्क बनाए जाएंगे। अमरावती में प्रस्तावित टेक्सटाइल पार्क के बारे में उप मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की वजह से महाराष्ट्र में एक बड़ी परियोजना शुरू होने जा



रही है। अमरावती जिले में 10 हजार करोड़ के निवेश से मेगा टेक्सटाइल प्रोजेक्ट आ रहा है। इससे प्रत्यक्ष रूप से एक लाख और परोक्ष रूप से दो लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। फडणवीस ने कहा यह प्रोजेक्ट महाराष्ट्र के लिए गर्व की बात है। बतौर उप मुख्यमंत्री फडणवीस कॉटन बेल्ट में कॉटन पार्क बनने से कपास किसानों को बड़ा फायदा होगा। इस क्षेत्र में कपास का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है। फडणवीस ने विश्वास जताया कि इस मेगा कॉटन पार्क से राज्य का विकास होगा। राज्यसभा सदस्य डॉ. अनिल बोंडे ने अमरावती में टेक्सटाइल पार्क लाने के लिए उप मुख्यमंत्री फडणवीस के प्रयासों को श्रेय दिया। डॉ. बोंडे ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार भी जताया है। डॉ. बोंडे ने कहा कि इस पार्क की वजह से रोजगार में बढ़ोतरी होगी। टेक्सटाइल पार्क से क्षेत्र का विकास भी होगा।

## मीडिया अपने मंच का दुरुपयोग न होने दे : अनुराग ठाकुर

**कोच्चि, (हि.स.)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शनिवार को मीडिया को सलाह दी कि वह देश का नुकसान पहुंचाने वाली आवाजों और आख्यानों को अपने मंच का इस्तेमाल न करने दें। मलयालम भाषा के दैनिक मातृभूमि के शताब्दी वर्ष के समापन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे मीडिया बिरादरी से आग्रह करते हैं कि जान-बूझकर या अनजाने में ऐसी आवाज और आख्यान को स्थान देने से बचें, जिनसे भारत की अखंडता खतरे में पड़ती हो। साथ ही



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत राष्ट्र की लोकतांत्रिक प्रकृति हमेशा बनी रहेगी। भले ही कोई कितनी ही घटिया या अतार्किक राय स्वतंत्र रूप से भारत या भारत के बाहर रखे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार की पिछले 9 साल की उपलब्धियों को सबके सामने रखा और कहा कि देश आज मदद मांगने वाला नहीं, बल्कि मदद देने वाला बन गया है।

# काशी विश्वनाथ के दरबार में 100 बार दर्शन करने वाले पहले मुख्यमंत्री बने योगी आदित्यनाथ



**वाराणसी, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में 100वीं बार दर्शन करने वाले पहले मुख्यमंत्री भी बन गये हैं। 2017 में प्रदेश की सत्ता संभालने वाले योगी आदित्यनाथ जब भी काशी आते हैं, अमूमन हर बार बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी जरूर लगाते हैं। मुख्यमंत्री योगी मंदिर में षोडषोपचार विधि से दर्शन पूजन कर लोक कल्याण की कामना करते हैं। वर्ष 2017 से अभी तक अपने पहले और दूसरे कार्यकाल में योगी आदित्यनाथ 100 बार बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने वाले पहले मुख्यमंत्री बन गये हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को 113वीं बार वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर आये। दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन कर नया कीर्तिमान बनाया है। योगी आदित्यनाथ महीने में एक बार या कभी-कभी दो बार काशी की यात्रा जरूर करते हैं। अपने हर दौरे में मुख्यमंत्री विकास कार्यों की समीक्षा और स्थलीय निरीक्षण करते हैं। छह साल के हिसाब से देखें तो यह औसतन हर 21 दिन पर काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने पहुंचते हैं। योगी आदित्यनाथ अपने पहले और दूसरे कार्यकाल के 72 महीनों में करीब 100 बार बाबा विश्वनाथ के धाम पहुंचने वाले पहले सीएम बन गये हैं। पहली बार उत्तर प्रदेश की कमान संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ 2017 से मार्च 2022 तक कुल 74 बार भगवान विशेश्वर से आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। श्री काशी विश्वनाथ के अर्चक डॉ. नीरज कुमार पांडेय बताते हैं ये उनकी सनातन धर्म के प्रति और बाबा विश्वनाथ के प्रति अगाध श्रद्धा को दर्शाता है। योगी आदित्यनाथ षोडषोपचार पूजन एवं रुद्र सूक्त से विश्वनाथ जी का अभिषेक करते हैं। साथ ही विश्व के नाथ बाबा विश्वनाथ से लोक कल्याण, देश और प्रदेश के सर्व कल्याण के लिए कामना करते हैं। उल्लेखनीय है कि बीते साल नौ सितम्बर को मुख्यमंत्री ने जब वाराणसी का 100वां दौरा किया था तब उन्होंने 88वीं बार श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन किया था। इसके बाद से लेकर 18 मार्च तक मुख्यमंत्री ने 12 बार बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। बतौर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में 100 बार दर्शन पूजन कर इतिहास तो रचा ही है। इसके अलावा वे काशी के कोतवाल कहे जाने वाले बाबा काल भैरव के दरबार में 100 बार हाजिरी लगाने वाले मुख्यमंत्री भी बन गये हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सुबह बाबा काल भैरव मंदिर में विधि-विधान से दर्शन पूजन और आरती की। इस दौरान मंदिर के बाहर डमरू बजा रहे एक बालक को देख मुख्यमंत्री ने रुककर प्यार से उसका नाम पूछा और उससे उसकी पढ़ाई को लेकर जानकारी ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री योगी ने इससे पहले शुक्रवार शाम को वाराणसी पहुंचने के बाद विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को तमाम दिशा-निर्देश दिये। सीएम ने करखियांव स्थित इंटीग्रेटेड पैक हाउस, 34वीं वाहिनी पीएसी और रोहनिया थाने में बने बैरकों का निरीक्षण करते हुए अफसरों को दिशा-निर्देश दिये थे। वहीं शनिवार सुबह ही योगी ने वाराणसी सर्किट हाउस के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया।

# व्यापारियों के हितों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी : राजनाथ



**लखनऊ, (हि.स.)।** केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को ऐशबाग रामलीला मैदान में आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। हमारी सरकार यह मानती है कि इस देश और प्रदेश में कारोबार की दृष्टि से सबसे ज्यादा भागीदारी छोटे और मझोले व्यापारियों की है। व्यापारी भाइयों के बीच मैं यह कहना चाहता हूँ कि आप सभी के विकास के लिए भी हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। होली मिलन समारोह लखनऊ उद्योग व्यापार मंडल की ओर से आयोजित किया गया था। राजनाथ सिंह ने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों को राहत दी गई है। इसी तरह सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमई) और छोटे व्यापारियों के लिए, ऋण पर ब्याज में एक प्रतिशत की छूट और तीन करोड़ रुपये के कारोबार वाले एमएसएमई को टैक्स में राहत देने का निर्णय लिए गया है। रक्षामंत्री ने कहा कि भारत त्योहारों का देश है। हम उत्सवप्रिय लोग हैं। हर पखवाड़े एक त्योहार पड़ ही जाता है जो एक नई ऊर्जा का संचार कर जाता है। हमारे यहाँ मनाए जाने वाले त्योहार आपसी स्नेह और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। प्रेमपूर्वक और सद्भाव के साथ रहने के लिए प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों और मिठाइयों का उत्सव नहीं है। यह राधा और कृष्ण के दिव्य प्रेम की कहानी है। यह विष्णु अवतार नरसिंह, विष्णु भक्त प्रह्लाद और अहम के प्रतीक हिरण्यकश्यप की भी याद दिलाती है। यह बताती है कि आप कितने भी बड़े क्यों न हो जाएं, अभिमान विनाश का कारण बनता ही है। राजनाथ सिंह ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के तीन राज्यों के चुनावों में हमें बहुत अच्छी सफलता मिली।

जहां त्रिपुरा में हम दुबारा बहुमत की सरकार बनाने में कामयाब रहे वहीं नागालैण्ड और मेघालय में भी भाजपा गठबंधन सरकार में सहयोगी की भूमिका निभा रही है। प्रसिद्ध कवि हरिवंश राय बच्चन जी की एक कविता की एक लाइन है। तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों ने अपने रंग से हम सभी को अपने रंग में रंग लिया। रक्षामंत्री ने कहा कि आज हर तरफ उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में आ रहे निवेशों की बात हो रही है। हम सबको पता है ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट से यूपी सरकार को लगभग 35 लाख करोड़ रुपए का निवेश का प्रपोजल मिला है। विकास की पहली शर्त होती है कानून-व्यवस्था का चुस्त-दुरुस्त होना। योगीजी ने उत्तर प्रदेश में यह काम बखूबी किया है। इस अवसर पर फूलों की होली खेली गयी। होली मिलन समारोह में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा, एमएलसी पवन सिंह चौहान, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, लखनऊ उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री अनुराग मिश्रा, वरिष्ठ महामंत्री उद्योग व्यापार मंडल पवन मनोचा, अभिषेक खरे, सुमित गुप्ता व सतीश अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# लखनऊ कमिश्नरेट में चार राजपत्रित अधिकारी और 16 निरीक्षक हुए इधर से उधर

**लखनऊ, (हि.स.)।** पुलिस कमिश्नरेट में शनिवार को चार राजपत्रित अधिकारी और 16 निरीक्षकों को इधर से उधर किया गया है। इनमें पांच निरीक्षक लाइन हाजिर हुए है। पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर ने मनीषा सिंह को अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी से हटाकर उन्हें अपर पुलिस उपायुक्त मध्य बनाया है। शशांक सिंह को अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी की जिम्मेदारी मिली है, इससे पहले वे मुख्यालय में अपर पुलिस उपायुक्त थे। प्रकाश चन्द्र अग्रवाल को सहायक पुलिस आयुक्त से स्थानांतरण करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त कैसरबाग बनाया गया है। धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी को सहायक पुलिस आयुक्त, लेखा के अलावा यातायात का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर 16 निरीक्षकों को इधर से उधर किया गया है। इनमें पांच निरीक्षकों को लाइन हाजिर किया है तो वहीं लाइन में तैनात निरीक्षकों को थाना की जिम्मेदारी मिली है। सबसे पहले नाका थाना प्रभारी ब्रजेश द्विवेदी को लाइन हाजिर किया गया है। उनकी जगह पर पारा थाना में तैनात तेज बहादुर सिंह को नाका थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिद्धार्थ मिश्रा को सआदतगंज से पुलिस लाइन भेजा गया है। उनकी जगह पर अंजनी कुमार मिश्र को सआदतगंज का नया थानेदार बनाया गया है। इसी तरह बीबीडी थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह को लाइन हाजिर करते हुए अपराध शाखा में तैनात विनय कुमार सरोज को बीबीडी थाने का इंचार्ज बनाया है। सुखबीर सिंह भदौरिया को प्रभारी निरीक्षक दुबग्गा से पुलिस लाइन भेजा गया है। उनकी जगह पर प्रवीण कुमार सिंह को थानाप्रभारी मदेयगंज से हटाकर थाना दुबग्गा की जिम्मेदारी दी है। आलोक राय को गुडम्बा से हटाकर लाइन भेजा गया है और लाइन में तैनात नीतिश श्रीवास्तव को गुडम्बा भेजा गया है। इसके अलावा प्रशांत मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक चौक से निरीक्षक महानगर, केशव तिवारी को महानगर थाना से हटाकर चौक थाना का निरीक्षक बनाया गया है। श्रीकांत राय को पुलिस लाइन से पारा थाना का प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनाती मिली है। सुनील कुमार आजाद को अतिरिक्त निरीक्षक कृष्णानगर मदेयगंज थाना प्रभारी, अनूप सरोज को अतिरिक्त निरीक्षक चौक से अतिरिक्त निरीक्षक थाना नाका और प्रदीप कुमार अतिरिक्त निरीक्षक नाका से चौक बनाया गया है।

# ग्रेटर नोएडा के किसानों को छह फीसदी आबादी भूखंड देने की कवायद हुई तेज

**- 1040 किसानों को लीज डीड के लिए चेकलिस्ट जारी**



**ग्रेटर नोएडा, (हि.स.)।** ग्रेटर नोएडा के किसानों के मसले हल कराने के लिए प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी की कोशिशों का असर दिखने लगा है। प्राधिकरण में छह फीसदी आबादी भूखंड देने की रफ्तार बढ़ गई है। नवंबर से अब तक प्राधिकरण ने 1040 किसानों को छह फीसदी आबादी भूखंड की लीज डीड कराने के लिए चेकलिस्ट जारी कर दिया है। इसके साथ ही 705 नए लीज प्लान भी बन गए हैं। इन किसानों को भी लीज डीड कराने के लिए शीघ्र ही चेकलिस्ट जारी करने की तैयारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी किसानों को छह फीसदी आवासीय भूखंड शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए भूलेख, नियोजन, कृषक आबादी विभाग और परियोजना विभाग के साथ हर सप्ताह खुद समीक्षा करती हैं। जिस विभाग के स्तर पर प्रगति धीमी दिखती है उसे कड़ी फटकार लगाई जाती है। इस प्रयास का असर अब दिखने लगा है। किसानों के छह फीसदी आबादी भूखंड के मसले तेजी से हल हो रहे हैं। प्राधिकरण के भूलेख विभाग की तरफ से लगभग 19210 किसानों की पात्रता तय की गई है, जिसमें से 18008 किसानों के भूखंड नियोजित कर दिए गए हैं। कृषक आबादी विभाग की तरफ से 17074 किसानों को भूखंड आवंटित कर दिए गए हैं, जिसमें से 12435 भूखंडों का लीज प्लान जारी कर चुका है। शेष बचे 5098 भूखंडों का लीज प्लान जारी करने के लिए सीईओ लगातार प्रयास कर रही हैं। दरअसल, भूखंड आवंटित करने के बाद उसे विकसित करने के बाद ही लीज डीड कराने के लिए किसानों को चेकलिस्ट जारी की जाती है। सीईओ की नियमित निगरानी का असर हो रहा है। यही वजह है कि नवंबर से अब तक प्राधिकरण 1040 किसानों की चेकलिस्ट जारी कर चुका है, जिसमें से 475 किसानों ने लीज डीड भी करा ली है। प्राधिकरण लीज डीड कराने के लिए इन सभी किसानों से लगातार संपर्क कर रहा है। इसके अलावा 705 लीज प्लान और तैयार हो गए हैं। प्राधिकरण इनके भी चेकलिस्ट शीघ्र जारी कर देगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी का कहना है कि सभी पात्र किसानों को छह फीसदी आवासीय भूखंड शीघ्र उपलब्ध कराना प्राधिकरण की प्राथमिकता है। इसके लिए प्राधिकरण लगातार कोशिश कर रहा है। इस साल के अंत तक सभी किसानों को आवासीय भूखंड उपलब्ध कराने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। सीईओ ने उन सभी किसानों से लीज डीड कराने की अपील की है, जिनके चेक लिस्ट जारी हो गए हैं।

# सीएसजेएमयू का 37वां दीक्षांत समारोह 22 मार्च को, राज्यपाल करेंगी अध्यक्षता



**कानपुर, (हि.स.)।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) का 37वां दीक्षांत समारोह 22 मार्च को होगा। प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। यह जानकारी शनिवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक ने दी। उन्होंने बताया कि दीक्षान्त समारोह में 59 छात्रों को 91 पदक मिलेंगे। कोरोना संक्रमण का सही आकलन करने वाले आईआईटी के वैज्ञानिक प्रो. मणींद्र अग्रवाल को मानद उपाधि से नवाजा जाएगा। उन्नाव की राधा गुप्ता को कुलाधिपति स्वर्ण समेत छह पदक मिलेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती, विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी रहेंगी। विश्वविद्यालय के 983 छात्र, 808 छात्राओं और महाविद्यालय के 108771 छात्र, 118869 छात्राओं को डिग्री दी जायेगी। इसके साथ ही दीक्षांत समारोह में पहली बार 65 छात्र व 64 छात्राओं को पीएचडी की डिग्री दी जाएगी। इसमें प्राथमिक विद्यालय के अलावा राजकीय बालगृह और टीबी से मुक्त हुए बच्चे भी शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान बेहतर काम करने वाली 25 आंगनबाड़ी की महिलाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि अमृत सरोवर, ऑडिटोरियम का नामकरण वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई, सेवा पार्क, राजकीय बालगृह के कंप्यूटर सेंटर, प्रदेश के 75 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का चित्र व जीवन, ई-ऑफिस, डायवर्सिटी पार्क, 21 भवनों का शिलान्यास व सात का नवीनीकरण के साथ शुभारंभ होगा।

# गाजियाबाद के लोगों को मिलेगी गंदगी और बदबू से निजात

**गाजियाबाद, (हि.स.)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल (रि.) वीके सिंह ने शनिवार को गाजियाबाद की जनता को बड़ी सौगात दी। उन्होंने बेहरामपुर, अकबरपुर स्टेशन के निकट 200 टीपीडी स्मार्ट स्टेशन के निर्माण, अनुरक्षण एवं संचालन के कार्य का उद्घाटन किया। इससे विजयनगर जोन में खुले एरिया में पड़ने वाले कूड़े से बदबू और गंदगी की समस्या से अब बड़ी राहत मिलेगी। शहर के अकबरपुर बहरामपुर क्षेत्र में नगर निगम का स्मार्ट कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन आज जनता की सेवा के लिए समर्पित हो गया है। इसके तहत नगर निगम की गाड़ियां घरों से अकबरपुर बहरामपुर स्टेशन तक कूड़ा लेकर आएंगी। यहां पर कूड़े को कंटेनर में डाला जाएगा और फिर उसको प्रोसेसिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जाएगा। इससे कचरे का बेहतर प्रबंध होगा और यह समस्या न बनकर समाधान बनेगा। नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने बताया कि गाजियाबाद शहर से रोजाना लगभग 1200 से 1500 मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है। इसे सड़क किनारे डलावघरों में डालने से विभिन्न क्षेत्रों में वायु प्रदूषण फैलता था, गंदगी भी बढ़ती थी। इसके कारण गाजियाबाद के लोगों को परेशानियां होती थी।

इसके संबंध में जिला प्रशासन और नगर निगम की कई सार्थक बैठकें हुई और इसके बाद खुले में पड़ने वाले कूड़े को निस्तारित करने के लिए नगर निगम की एक टीम पिछले दिनों इंदौर गई थी। इस टीम ने इंदौर में कूड़ा निस्तारण की तकनीक देखी। वहां से स्मार्ट कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन का मॉडल निकलकर सामने आया। अब घरों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग इकठ्ठा किया जाएगा। गाड़ियां से ये कचरा स्मार्ट कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन पर पहुंचेगा। स्टेशन पर मशीनों के जरिये कूड़े को दबाकर कॉम्पेक्ट किया जाएगा। फिर इसको स्टेशन पर रखे गए कैप्सूलनुमा बंद कंटेनरों में भरकर प्रोसेसिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जाएगा। इन कंटेनरों की क्षमता 150 से 200 टन प्रतिदिन कूड़ा भंडारित करने की है। ये ट्रांसफर स्टेशन इस प्रकार के होंगे कि सामने खड़े होने पर भी आपको कूड़ा दिखाई नहीं देगा। उद्घाटन कार्यक्रम में जिलाधिकारी रकिश कुमार सिंह, गाजियाबाद शहर विधायक अतुल गर्ग, नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ , निवर्तमान मेयर आशा शर्मा, नगर निगम के मुख्य अभियंता एनके चौधरी, नगर स्वास्थ अधिकारी डॉ. मिथलेश कुमार सिंह और कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

# हजारीबाग में नौ के खिलाफ नामजद और 200 अज्ञात लोगों पर एफआईआर




**हजारीबाग, (हि.स.)।** जिले में गत 14 मार्च को रामनवमी के पहले मंगलवारी जुलूस के दौरान हुए उपद्रव के मामले में जिला प्रशासन ने नौ के खिलाफ नामजद और 200 अज्ञात लोगों पर सदर थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। लोगों ने ये जुलूस सरकार के उस आदेश के खिलाफ निकाला था, जिसमें रामनवमी के अवसर पर रिकॉर्डेड संगीत बजाने और लाठी सहित पारंपरिक हथियार ले जाने पर रोक लगाई गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकार जानबूझ कर हिंदू त्योहारों में इस तरह की बाधा डालती है। रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष शशिभूषण केसरी पर भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। उन्होंने प्रशासन और सरकार पर रामनवमी को खत्म करने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल खड़ा किया है कि किसी भी जुलूस-पर्व में धारा-144 लगाने का औचित्य क्या है। जिला प्रशासन का कहना है कि प्रशासनिक आदेश का उल्लंघन करते हुए आंदोलनकारियों ने जुलूस के दौरान रिकॉर्डेड संगीत बजाया और 30 मार्च से शुरू होकर एक अप्रैल को समाप्त होने वाले रामनवमी जुलूस के दौरान भी अशांति पैदा करने की धमकी दी है। एसपी मनोज रतन चोथे ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने प्राथमिकी दर्ज करने का फैसला किया है। त्योहार के दौरान गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।

# अधिवक्ता राजीव कुमार और अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटिशन पर 25 को सुनवाई




**रांची, (हि.स.)।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपित वकील राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर शनिवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 25 मार्च निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई। दोनों ने आरोप गठन से पूर्व मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए अदालत से आरोप मुक्त करने की अर्जी दाखिल की है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 13 अक्टूबर 2022 को राजीव कुमार एवं अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले में अब उनके खिलाफ आरोप गठन होना है। इसके पहले उनकी ओर से डिस्चार्ज पिटिशन दाखिल की गई है।

# मेदिनीनगर में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत 17564 किसानों को होगा भुगतान




**मेदिनीनगर, (हि.स.)।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में शनिवार को कार्यालय कक्ष में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से संबंधित किसानों का भुगतान को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि जिले के 17564 किसानों के बीच 6 करोड़ 14 लाख 74 हजार रुपये की राशि का भुगतान किया जाएगा। जिले के सभी अंचल द्वारा सत्यापित किसानों का भुगतान किया जाना है। बैठक में अपर समाहर्ता, सीएस, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, एसडीपीओ व अन्य उपस्थित थे।

# दिल्ली में गूंजेगी पूर्णिया एयरपोर्ट निर्माण की आवाज, जंतर मंतर पर धरना और संसद मार्च के लिए सैकड़ों लोग दिल्ली रवाना



**पूर्णिया, (हि. स.)।** पूर्णिया एयरपोर्ट की मांग को लेकर जारी जन आंदोलन की आवाज अब दिल्ली में सुनाई देगी। एयरपोर्ट निर्माण को लेकर आगामी 19 मार्च को जंतर मंतर पर होने वाली एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और संसद मार्च के लिए सैकड़ों लोग सीमांचल एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना हुए है। हवाई अड्डा निर्माण की मांग को लेकर दिल्ली के लिए कूच करने से पहले पूर्णिया जंक्शन पर मौजूद युवाओं को पूर्णिया एयरपोर्ट सयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों ने विदाई दी। मसला सीमांचल और कोसी के करोड़ों की आबादी से जुड़ा है, लिहाजा पूर्णिया, अररिया,कटिहार, किशनगंज ,सुपौल ,सहरसा और दरभंगा से धरना प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे युवाओं को फूलों की माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस खास मौके पर उन्हें विदाई देने पूर्णिया एयरपोर्ट संघर्ष समिति के सदस्यों के अलावा बड़ी तादाद में स्थानीय मौजूद रहे। सफर और आंदोलन के दौरान उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो इसे लेकर पूर्णिया एयरपोर्ट सयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों ने खाद्य सामग्री और फल भेंट किया। साथ ही किसी भी प्रकार की दिक्कत महसूस होने पर अविलंब संपर्क करने को कहा। साथ ही सफलता हासिल कर पूर्णिया लौटने की शुभकामनाएं दी। एयरपोर्ट एक्टिविस्ट ने बताया कि आगामी 19 मार्च को पूर्णिया एयरपोर्ट निर्माण की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर होने वाले एक दिवसीय धरना और संसद मार्च में 250 लोग शामिल होंगे। सीमांचल , कोसी और दरभंगा के युवा इसे सफल बनाने के लिए आज सीमांचल एक्सप्रेस से दिल्ली रवाना हो रहे हैं। वहीं पूर्णिया एयरपोर्ट सयुक्त संघर्ष समिति के सदस्य दिलीप कुमार दीपक व गौतम वर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के बीच पूर्णिया एयरपोर्ट का मसला लंबे समय से अधर में अटका है। आंदोलन के जरिए सीमांचल की ये आवाज अब दिल्ली में बैठे हुक्मरानों तक पहुंचेगी। पूर्णिया एयरपोर्ट सयुक्त संघर्ष समिति के सदस्य पंकज नायक और नंदकिशोर सिंह ने कहा कि पूर्णिया एयरपोर्ट का मुद्दा किसी एक व्यक्ति या किसी एक समुदाय से जुड़ा हुआ नहीं है। इस मुद्दे से सीमांचल और कोसी के करोड़ों की आबादी जुड़ी है। ऐसे में लंबे समय से जिस आवाज को दबाया जाता रहा है, किसी भी कीमत पर सीमांचल और कोसी को उनका हक पूर्णिया एयरपोर्ट मिलना चाहिए।

# नीतीश छल करते हैं सीमांचल वासियों से: ओवैसी



**पूर्णियां, (हि. स.)।** सीमांचल की सियासी जमीन को एक बार फिर जिंदा करने के लिए असदुद्दीन ओवैसी आज पूर्णियां पहुंचे। बायसी में सभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार पर वह जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने 22 वर्षों तक भाजपा का साथ दिया और आज उन्हें भाजपा का बी टीम बता रहे है। ओबेसी के निशाने पर भाजपा से ज्याद नीतीश कुमार रहे। उन्होंने कहा कि सीमांचल के चार विधायक को लालू के बेटे ने खरीद लिया लेकिन सीमांचल के साथ न्याय नहीं हुआ। नीतीश कुमार ने सीमांचल के लिए क्या किया।बिहार की भी स्थिति ठीक नहीं है। इनके सियासी आका कोई और है। भारत के इतिहास में जब भी राजनीति की चर्चा होगी तो यह चर्चा जरूर होगी कि बिहार का एक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा को मजबूत किया। पूर्णियां में दोनों ही पार्टी की रैली हुई लेकिन सीमांचल के विकास को लेकर कुछ नहीं बोला। उन्होंने कहा कि सीमांचल के विकास का मुद्दा, सड़क से सदन तक उठाते रहेंगे।

# यूट्यूबर मनीष कश्यप ने प.चंपारण के जगदीशपुर थाने में किया सरेंडर, ईओयू को सौपने की हो रही है तैयारी




**बेतिया/मोतिहारी, (हि.स.)।** तमिलनाडु में बिहारियों के खिलाफ कथित हिंसा और मारपीट मामले में भ्रामक वीडियो बनाकर प्रसारित करने के मामले में आरोपी बनाए गए यूट्यूबर मनीष कश्यप ने प.चंपारण जिले के जगदीशपुर ओ.पी में सरेंडर कर दिया है। कोर्ट के आदेश पर मनीष के घर की कुर्की जब्ती भी की गई। मिली जानकारी के अनुसार बेतिया पुलिस मनीष को आर्थिक अपराध इकाई को सौंपने की तैयारी कर रहा है। जिसके बाद ईओयू उनसे पूछताछ करेगी। कोर्ट के आदेश के बाद शनिवार सुबह करीब पांच बजे मजिस्ट्रेट के साथ कई थानों की पुलिस मनीष कश्यप के घर बेतिया जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र के डुमरी महनवा गांव पहुंची। इस दौरान उनके घर के सामान भी जब्त किए गए। उल्लेखनीय है, कि मनीष पर तमिलनाडु केस के अलावे बेतिया में सात अपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 5 मामलों में चार्जशीट दायर किया गया है। मनीष ने पटना हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। जमानत याचिका रद्द कर दिए जाने के बाद वह फरार चल रहे थे। वही उनकी तलाश पुलिस की 6 टीम लगातार कर रही थी,पुलिस दबिश पर मनीष ने जगदीपुर थाने में सुबह 9 बजे के करीब सरेंडर कर दिया। इसकी पुष्टि करते हुए एसडीपीओ मुकुल परिमल पांडे ने बताया कि काफी दिनो से फरार चल रहे मनीष कश्यप के घर की कुर्की होने के बाद उसने करीब नौ बजे जगदीशपुर थाने में सरेंडर किया है।जिनसे पूछताछ के बाद ईओयू को सौप दिया जायेगा।

## संपादकीय

# राज्यपाल फिर सवालिया

**सर्वोच्च** अदालत की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने राज्यपाल की भूमिका, दायित्व और सदन में बहुमत साबित करने के आदेश सरीखे पहलुओं पर एक तार्किक बहस को सुना है और सभी पक्षों को सचेत भी किया है। बुनियादी संदर्भ महाराष्ट्र के अघाड़ी गठबंधन की सरकार का है। चूंकि शिवसेना में विधायकों के एक बहुमती गुट ने बगावत की थी, नतीजतन तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को इस्तीफा देना पड़ा था, लेकिन राज्यपाल के हस्तक्षेप से बगावती गुट और भाजपा ने साझा तौर पर सरकार बना ली। आज वही सरकार कार्यरत है। उद्धव ठाकरे गुट के वकीलों ने ऐसी सरकार को 'असंवैधानिक' करार दिया है, जबकि न्यायाधीशों का सवाल है कि इस सरकार को कैसे बहाल किया जा सकता है, जिसके मुख्यमंत्री ने सदन में बहुमत साबित करने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था? बहरहाल संविधान पीठ ने दोनों पक्षों के तर्क सुनकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, लेकिन राज्यपाल की भूमिका एक बार फिर सवालिया हुई है। महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी इस्तीफा देकर सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अब रमेश बैस नए राज्यपाल हैं। इसके अलावा, तेलंगाना राज्यपाल को भी मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी है। वहां राज्यपाल ने बीते सितंबर से 7 पारित विधेयकों को स्वीकृति नहीं दी है। वह विधानसभा में पारित बजट पर भी मुहर नहीं लगा रही हैं। यह उनका जानबूझ कर किया जाने वाला व्यवहार है। यकीनन यह असाधारण, संविधान से इतर स्थिति है। संविधान में इस संदर्भ में राज्यपाल के विशेषाधिकारों की स्पष्ट व्याख्या नहीं की है। राज्यपाल किसी भी समय-सीमा तक बिलों पर कुंडली मार कर बैठ सकते हैं। यह कौन-सी संवैधानिक शक्ति हुई? पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित का विवाद भी सर्वोच्च अदालत में है। शीर्ष अदालत की टिप्पणी है कि आपसी बातचीत का स्तर बिल्कुल निचले स्तर तक नहीं ले जाना चाहिए। दोनों संवैधानिक पदों के बीच ऐसी होड़ नहीं लगनी चाहिए। बहरहाल तमिलनाडु, केरल, राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में भी 'मुख्यमंत्री बनाम राज्यपाल' की स्थितियां हैं। टकराव बेहद गहरे हैं, जबकि विवाद संवैधानिक नहीं है। दोनों पदों के बिना हमारा संघीय ढांचा कारगर ही नहीं हो सकता। विडंबना और दुर्भाग्य है कि राज्यपाल विपक्षी दलों की सरकारों वाले राज्यों में ही 'परोक्ष राजनीति' खेलते दीखते हैं। दरअसल हमारी सियासत को एहसास होना चाहिए कि अब ब्रिटिश साम्राज्य का उपनिवेशी भारत नहीं है। भारत आज स्वतंत्र, संप्रभु, लोकतांत्रिक और गणतांत्रिक संविधान वाला देश है। राज्यपाल की भी एक निश्चित और संवैधानिक भूमिका है। एक उदाहरण चुनाव आयोग के फैसले और अनुशंसा का है। आयोग ने झारखंड के मुख्यमंत्री को लेकर अपना फैसला बंद कवर में राज्यपाल को भेजा था। तत्कालीन महामहिम ने करीब 6 माह तक उस पर कोई अंतिम फैसला नहीं लिया। अंततः फरवरी में राज्यपाल बैस महाराष्ट्र स्थानांतरित कर दिए गए। नतीजतन आयोग का महत्वपूर्ण फैसला लटक कर रह गया। पश्चिम बंगाल में भी 'मुख्यमंत्री बनाम गवर्नर' के द्वंद्व जारी रहे। दोनों के ट्वीट-युद्ध सार्वजनिक होते रहे। अब वह राज्यपाल देश के उपराष्ट्रपति हैं। बुनियादी सवाल यह है कि क्या मुख्यमंत्री बनाम राज्यपाल के तमाम मामले सर्वोच्च अदालत में ही जाते रहेंगे, अदालत फटकार लगाती रहेगी और मामले सुलझाने पड़ेंगे? यह लोकतंत्र नहीं है और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों के माकूल माहौल है। अधिकतर विवाद भी संवैधानिक नहीं हैं।

> उद्धव ठाकरे गुट के वकीलों ने ऐसी सरकार को 'असंवैधानिक' करार दिया है, जबकि न्यायाधीशों का सवाल है कि इस सरकार को कैसे बहाल किया जा सकता है, जिसके मुख्यमंत्री ने सदन में बहुमत साबित करने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था? बहरहाल संविधान पीठ ने दोनों पक्षों के तर्क सुनकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, लेकिन राज्यपाल की भूमिका एक बार फिर सवालिया हुई है। महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी इस्तीफा देकर सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अब रमेश बैस नए राज्यपाल हैं। इसके अलावा, तेलंगाना राज्यपाल को भी मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी है। वहां राज्यपाल ने बीते सितंबर से 7 पारित विधेयकों को स्वीकृति नहीं दी है। वह विधानसभा में पारित बजट पर भी मुहर नहीं लगा रही हैं। यह उनका जानबूझ कर किया जाने वाला व्यवहार है।

## कुछ अलग

# उचित कर्म का विज्ञापन

**दुनिया** के सबसे बड़े राजनयिक कृष्ण को एक शिक्षा कोचिंग संस्थान ने अपना ब्रांड एम्बेसडर बना लिया है। बचपन में जो कैलेण्डर देखे थे उनमें उनकी छवि डिज़ाइनर वस्त्र, गहने और जूतों से इतनी ज़्यादा लदी नहीं होती थी। उनके शंख पर भी स्वर्ण मढ़ दिया है। सुदर्शन चक्र स्थिर मुद्रा में नहीं है। गोपियों को रिझाने, नृत्य विभोर करने वाली बांसुरी नहीं दिख रही। शिक्षा जैसे सर्वोच्च कर्म के लिए गीता के श्लोक मुफ्त में उद्धृत करने के लिए, कृष्ण से बेहतर मॉडल नहीं हो सकता। विज्ञापन शुरुआत करता है, 'जिस तरह आत्मा शस्त्र से नष्ट नहीं की जा सकती, अग्नि जला नहीं सकती, जल गीला नहीं कर सकता, वायु सुखा नहीं सकती, आत्मा अमर है, सभी तरह के साधनों से अप्रभावित है, उसी तरह हमारा कोचिंग संस्थान भी समाज में फैली नकारात्मकता से अप्रभावित है'। संस्थान 'कृष्ण' और 'राम' की शाश्वत शिक्षाओं का पालन करने के मार्ग पर चल रहा है। महा समझौतावादी वातावरण में कोई समझौता नहीं करते। विज्ञापन कहता है, 'हम वही करते हैं, जो कहते हैं।' सही कहा, आजकल करने के बाद, कहने का दस्तूर है। विज्ञापन, विकास की नई सांस्कृतिक ऊंचाई से प्रेरित है। कर्मयुग है, जो कर्म करेगा वही फल पाएगा। कर्म करते हुए सतर्क रहते, सुनिश्चित करना होगा कि कौन सा स्वादिष्ट फल मिलेगा। आजकल गीता का प्रसिद्धतम श्लोक 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फ्लेषु कदाचन' विज्ञापित नहीं कर सकते। श्लोक अगर समझ आ गया तो असामयिक उपदेश देगा। श्लोक आत्मसात हो गया तो शांत रह, आंखें मींच, चैन की बंसी बजानी होगी, परिणाम की चिंता नहीं करनी होगी। दरअसल यह श्लोक जंग खाकर कालग्रस्त हो गया है। कोचिंग भी एक विराट श्लोक है, उसका चिंतन मनन करने के बाद कोई ऐसा कैसे सोच सकता है। विज्ञापन के अगले श्लोक के अनुसार फूल और फल निश्चित समय पर दिखते हैं, कभी समय का उल्लंघन नहीं करते। कर्म, अच्छे या बुरे परिणाम दिखा देता है। सन्देश स्पष्ट है, प्रत्येक व्यक्ति को उचित कर्म कर सफल होना ही चाहिए। विज्ञापन समझाता है कि 'कर्म अचूक, अमोघ, अभ्रांत है। ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जो भविष्य बिगाड़ दे क्योंकि कर्म सिद्धांत ही भाग्य का निर्माण करेगा। हमारे संस्थान का कर्म, चरित्र और मूल्य दूसरों से ऊपर हैं। हमने कभी ऐसा कुछ नहीं किया जो नकारात्मकता उगाए। हम शिक्षा को शुद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' एक और श्लोक को मंच पर समझाया गया कि कोयले जैसे काले शैतान व्यक्ति से मित्रता या संबंध रखने से परेशानी पैदा होती है। विज्ञापन ने बुद्धू अभिभावकों को मुफ्त में कोच किया कि शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र में कुछ संस्थान, माफिया डाकुओं जैसी शैली में दूसरे संस्थानों का अच्छा काम लूट रहे, झूठे परिणाम छाप रहे, सफल मेहनती विद्यार्थियों और महंगे अध्यापकों को अवैध रूप से खरीद रहे हैं। उचित कर्म करना आवश्यक है। महाभारत रचयिता के प्रभावशाली चित्र के बहाने कहा कि हमारा संस्थान अद्वितीय है। प्रवचन पढक़र कर शैक्षिक योजना हमसे ही लेना। उचित कर्म के विज्ञापन की आज बहुत ज़रूरत है ताकि कहीं कहीं फैले आध्यात्मिक, नैतिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक व शैक्षिक अंधेरे में श्लोक के नए अर्थ रोशनी कर दें।

> विज्ञापन शुरुआत करता है, 'जिस तरह आत्मा शस्त्र से नष्ट नहीं की जा सकती, अग्नि जला नहीं सकती, जल गीला नहीं कर सकता, वायु सुखा नहीं सकती, आत्मा अमर है, सभी तरह के साधनों से अप्रभावित है, उसी तरह हमारा कोचिंग संस्थान भी समाज में फैली नकारात्मकता से अप्रभावित है'। संस्थान 'कृष्ण' और 'राम' की शाश्वत शिक्षाओं का पालन करने के मार्ग पर चल रहा है। महा समझौतावादी वातावरण में कोई समझौता नहीं करते। विज्ञापन कहता है, 'हम वही करते हैं, जो कहते हैं।'

## उपभोगता की जरूरत से आगे बढ़कर उसके आराम को केंद्र में रखकर ही वस्तुओं का निर्माण किया जा रहा है

# बाज़ारवाद के इस दौर में क्या ग्राहक वाकई राजा है?

डॉ नीलम महेन्द्रा

**आज** हम जिस दौर में जी रहे हैं वो है बाज़ारवाद और उपभोक्तावाद का दौर। अब पहला प्रश्न यह कि इसका क्या मतलब हुआ? परिभाषा के हिसाब से यदि इसका अर्थ किया जाए तो वो ये होगा कि आज उपभोक्ता (यानी किसी भी वस्तु का उपयोग करने वाला) ही राजा है। खास बात यह है कि बाज़ारवाद के इस दौर में उपभोगता की जरूरत से आगे बढ़कर उसके आराम को केंद्र में रखकर ही वस्तुओं का निर्माण किया जा रहा है। मोबाइल है तो यूजर फ्रेंडली। कोई ऐप है तो उसका इस्तेमाल करने वाले की उम्र यानी बच्चे, युवा, अथवा वयस्क के मानसिक विकास, उसकी जरूरतों और क्षमताओं को ध्यान में रखकर उसे कस्टमर फ्रेंड्ली बनाया जा रहा है। अगर रोबोट है तो ह्यूमन फ्रेंड्ली। और पूंजीवाद के इस युग में तो मनुष्य के उपभोग के लिए समान बनाने वाली विभिन्न कंपनियां उसे अपनी ओर आकर्षित करने के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। यहाँ यह कहने की आवश्यकता नहीं कि इसके लिए (ग्राहक को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए) ये कंपनियां मार्केटिंग और पब्लिसिटी का इस हद तक सहारा ले रही हैं कि आज एडवरटाइजिंग अपने आप में एक तेजी से बढ़ता हुआ उद्योग बन चुका है। अब दूसरा प्रश्न यह है कि इसके क्या मायने हैं? नहीं वो नहीं है जो आप सोच रहे हैं कि पूंजीवाद के इस दौर में आप यानी ग्राहक एक राजा है। ये तो हमें एक ग्राहक के रूप में एहसास कराया जा रहा है लेकिन सत्य इसका उलट है। सत्य तो यह है कि उपभोगतावाद के इस दौर में हम बाज़रवाद के गुलाम बनकर रह गए हैं। क्यों चौंक क्यों गए न? चलिए जरा खुल कर बात करते हैं, इसे एक साधारण से उदाहरण से समझते हैं। सच बताइए जब हमारा बच्चा घर की रोटी या दाल चावल या सब्जी के बजाए मैग्गी की जिद करता है और हम यह जानते हुए कि हमारे बच्चे की सेहत के लिए मैगी ठीक नहीं है फिर भी हम मैगी खरीदते ही नहीं हैं बल्कि उसे खाने भी देते हैं तो क्या हम अपने मर्जी के राजा बनकर खरीदते हैं? नहीं नहीं ऊपरी तौर पर नहीं बल्कि जरा गहराई और ईमानदारी से विषय पर सोचिए। अगर आप सोच रहे हैं कि आप अपने बच्चे की जिद के आगे नतमस्तक हो रहे हैं तो माफ कीजिएगा आप गलत हैं। उस कंपनी ने आपके बच्चे को माध्यम बनाकर आपको अपना उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर कर दिया। यह तो एक उदाहरण है। सोचेंगे तो हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में ऐसे कितने ही उदाहरण हमें मिल जाएंगे। लेकिन बात



सिर्फ इतनी सी नहीं है कि उपभोक्तावाद के इस दौर में हमारी खाने पीने की आदतें प्रभावित हो रही हैं। बात इससे काफी आगे बढ़ चुकी है। क्योंकि बात अब एक व्यक्ति के तौर पर, एक परिवार के तौर, पर एक समाज के तौर पर हमारे मूल्यों हमारी नैतिकता हमारे व्यक्तित्व हमारे आदर्शों के कभी "कूल" बनने के नाम पर तो कभी "चिल आउट" के नाम, पर कभी "अपने लिए जीने" के नाम पर तो कभी "हाँ मैं परफेक्ट नहीं हूँ" के नाम पर हमारे विचारों के प्रभावित होने तक पहुंच गई है। परिणामस्वरूप सदियों से चली आ रही हमारी पारिवारिक और सामाजिक संरचना के मूल विचार भी प्रभावित होने लगे हैं। क्योंकि बाज़ारवाद के इस दौर में हम एक उपभोक्ता के रूप में उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के लिए पैसा कमाने का एक साधन मात्र हैं। एक बच्चे के रूप में, एक युवा के रूप में, एक पुरुष के रूप में एक महिला के रूप में एक बुजुर्ग के रूप में हम उनके लिए एक टारगेट कस्टमर से अधिक कुछ नहीं हैं। अपने लक्ज़री उत्पादों को बेचने के लिए किसी समाज को विलासिता की ओर आकर्षित करना बाज़ारवाद की स्ट्रेटेजी का हिस्सा होता है। कोई आश्चर्य नहीं आज इस तरह के वाक्य बहुत प्रचलन में हैं कि "हाँ मैं परफेक्ट नहीं हूँ" या "मैं जैसी हूँ या जैसा हूँ मुझे वैसे ही स्वीकार करो"। आज की पीढ़ी तो इन वाक्यों के प्रति आकर्षित भी होती हैं और सहमत भी। लेकिन क्या हमने कभी सोचा है कि जो बाज़ारवाद अपने भौतिक सुखों को देने वाली वस्तुओं को खरीदने के लिए हमें "ये दिल मांगे मोर" या "डर के आगे जीत है" जैसे संघर्षशील बनने का जज्बा देता है, वो ही बाज़रवाद जब बात हमारे व्यक्तित्व के विकास की आती है, हमारे नैतिक उत्थान की आती है, हमारे भीतर पारिवारिक या सामाजिक मूल्यों के विकास की आती है तो जो "मैं जैसा हूँ या जैसी हूँ वैसा ही स्वीकार करो" या फिर "मैं एक साधारण मनुष्य हूँ भगवान नहीं" जैसे विचार परोस देता है। वो बाज़ारवाद जब बच्चों और माँ से सम्बंधित कोई उत्पाद बेचता है तो अपने विज्ञापन में महिला को एक "परफेक्ट मॉम" से लेकर "सुपर मॉम" तक के रूप में दर्शाता है लेकिन वही बाज़ारवाद जब अपना कोई विलासितापूर्ण उत्पाद बेचता है तो महिला के लिए "हाँ मैं परफेक्ट नहीं हूँ" या फिर "इट्स ओके नॉट टू बी परफेक्ट" का विचार देता है। अब आप कहेंगे कि इन वाक्यों में क्या दिक्कत है। इन वाक्यों में दिक्कत ये है कि ये वाक्य अधूरे हैं और अधूरे वाक्यों के रिक्त स्थान को हर कोई अपने हिसाब से भरने के लिए स्वतंत्र है। वैसे भी कहते हैं कि ज्ञान के न होने से इतना नुकसान नहीं होता जितना कि अधूरे ज्ञान होने से होता है। इन वाक्यों के साथ भी यही हो रहा है। सम्पूर्ण विश्व में आप किसी भी देश या संस्कृति में देखें तो हम पाएंगे कि एक मानव के रूप में जन्म लेने वाला हर व्यक्ति निरंतर अपने उत्थान अपनी तरक्की की सोचता है। वो अपनी पूरी जीवन यात्रा में रोज कुछ नया सीखता है और आगे बढ़ता है। सोशल स्टेटस की बात हो या भौतिक सुखों की, मनुष्य आगे बढ़ना चाहता है। घर बड़ा चाहिए गाड़ी बड़ी चाहिए बैंक बैलेंस बड़ा चाहिए लेकिन जब व्यक्तित्व के विकास की बात आए नैतिक मूल्यों के विकास की बात आए तो इट्स ओके नॉट तो बी परफेक्ट! बात जब व्यक्तिगत या पारिवारिक या फिर सामाजिक मूल्यों की आए तो मैं भगवान नहीं इंसान हूँ! जब इस प्रकार के अधूरे वाक्य समाज के आगे परोस दिए जाते हैं तो इन वाक्यों के रिक्त स्थान मनुष्य को, परिवार को और समाज को उनके मूल्यों से रिक्त कर देते हैं। फलस्वरूप उपभोक्तावाद की संस्कृति का मूल्य हम कुछ ऐसे चुकाते हैं कि हमारे नैतिक और सामाजिक मूल्य बाज़रवाद के आगे नतमस्तक हो जाते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम इन वाक्यों के रिक्त स्थान को सही शब्दों और सही विचारों से भरे। हम कहें कि "हां मैं परफेक्ट नहीं हूँ लेकिन मैं परफेक्ट बनने की कोशिश तो कर ही सकता हूँ।" हम सोचें कि हाँ, इट्स ओके नॉट टू बी परफेक्ट "बट इट्स नॉट ओके नॉट इवन ट्राय टू बिकम परफेक्ट।" क्योंकि मानव जीवन का सार इन शब्दों में सिमटा है, "इस धरती पर जन्म लेते समय हर जीव अज्ञानी होता है लेकिन अपने जीवन काल में ज्ञान अर्जित करके अपनी बुद्धि को ज्ञान और विवेक की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कर्म योग करने वाला जीव ही सही मायनों में मानव कहलाने का अधिकारी होता है।"

> पूंजीवाद के इस युग में तो मनुष्य के उपभोग के लिए समान बनाने वाली विभिन्न कंपनियां उसे अपनी ओर आकर्षित करने के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। यहाँ यह कहने की आवश्यकता नहीं कि इसके लिए ( ग्राहक को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए) ये कंपनियां मार्केटिंग और पब्लिसिटी का इस हद तक सहारा ले रही हैं कि आज एडवरटाइजिंग अपने आप में एक तेजी से बढ़ता हुआ उद्योग बन चुका है। अब दूसरा प्रश्न यह है कि इसके क्या मायने हैं? नहीं वो नहीं है जो आप सोच रहे हैं कि पूंजीवाद के इस दौर में आप यानी ग्राहक एक राजा है। ये तो हमें एक ग्राहक के रूप में एहसास कराया जा रहा है लेकिन सत्य इसका उलट है।

# प्रदेश के लिए ग्रोथ एजेंडे की प्रासंगिकता

**''भारतीय** उद्योग परिसंघ'' (सीआईआई) ने इस बार अपने वार्षिक अधिवेशन में दिनांक 7 मार्च को शिमला में मुख्यमंत्री को अध्यक्षता का न्योता दिया। गत वर्षों की भांति मुझे भी इसमें भाग लेने का अवसर मिला, परंतु इस बार मात्र आयोजन की औपचारिकताएं नहीं थी, अपितु मुख्यमंत्री ने बहुत ही स्पष्ट तरीके से आने वाले पांच वर्षों का सरकार का एजेंडा हिमाचल के विकास के लिए स्पष्ट किया। ऐसा महसूस हुआ कि यह एजेंडा प्रदेश की नैसर्गिक क्षमताओं, कमियों, आने वाले अवसरों व बाधाओं की पहचान कर गहराई से विश्लेषण करने के पश्चात तय किया गया है। मुख्यमंत्री के संबोधन में, जो वह कह रहे थे, उसे चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने का एक विश्वास व प्रतिबद्धता स्पष्ट झलक रही थी, जिसकी वहां उपस्थित उद्यमियों ने मुक्तकण्ठ से सराहना की। हिमाचल के बारे में बात करने पर सामने आता है- यहां का शांत, स्वच्छ वातावरण, कसी हुई कानून व्यवस्था, जनता का कमोबेश कानून के प्रति आदर, सरप्लस व गुणवत्तायुक्त बिजली, सौहार्दपूर्ण लेबर मैनेजमेंट संबंध, प्रशासन तक सहज पहुंच आदि जो निवेशकों को और दूसरे बड़े राज्यों की स्थिति देखते हुए हिमाचल में निवेश करने को प्रेरित करते हैं। परन्तु साथ ही जब कनैक्टिविटी की बात हो, ट्रक यूनियन की समस्या हो, औद्योगिक निवेश के लिए जमीन लेने में ''धारा 118'' की पेचीदगियां आती हों, कच्चे माल व बाजार की परेशानियां हों, लगभग 20-22 सरकारी विभागों की अनुमतियां प्राप्त करने के लिए प्रयासों की बात हो, औद्योगिक बस्तियों में समुचित सामाजिक अधोसंरचना का विकसित न होना आदि कारणों से शायद उद्यमी यहां निवेश से पहले हर पहलू पर विचार अवश्य करता है। इस अधिवेशन में सरकार की ओर से आमंत्रित प्रतिनिधियों ने पिछली सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश के वित्तीय दिवालियेपन की ओर जाने, 75000 करोड़ के कर्ज के बोझ, वर्तमान में 11000 करोड़ की देनदारियों आदि का जिक्र भी किया गया, परंतु इन डराने वाले आंकड़ों के बावजूद मुख्यमंत्री ने सबको आशान्वित किया कि यद्यपि आने वाले समय में प्रदेश को पटरी पर लाने के लिए चुनौतियां बहुत बड़ी हैं, परन्तु उन्होंने फिर कहा कि छोटी सोच के साथ हम आगे नहीं बढ़ सकते। उनका मानना है कि आज ''सरवाइवल ऑफ दि फिटैस्ट'' का युग है, जो परिस्थितियों से लडऩा जानता है, वही अपना अस्तित्व बनाए रख सकता है। प्रदेश सरकार के मुखिया का यह कथन उद्यमियों में भी सकारात्मकता का संचार करेगा। उद्यमियों का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने हिमाचल की शक्ति ''पर्यटन'' को ग्रोथ एजेंडा में सबसे ऊपर रखा। अब तक नाममात्र का बजट हर साल हिमाचल में पर्यटन विकास के लिए दिया जाता था। अब यहां के अनछुए पर्यटक स्थलों की पहचान कर पर्यटन अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जाएगा, ''गगल एयरपोर्ट'' का विस्तारीकरण होगा, आने वाले दो-तीन वर्षों में हर जिला 'हैलीपोर्ट' से जुड़ेगा। कांगड़ा जिला को ''पर्यटन राजधानी'' के रूप में विकसित किया जाएगा, पौंग डैम जो अब तक सरकारी नियम-कानूनों के कारण उपेक्षित सा था, वहां नियमों में ढील देकर शिकारा, बोटिंग, जलखेल आदि को विकसित किया जाएगा। कांगड़ा में थीम पर्यटन, गोल्फ कोर्स, रोप-वे, अंतरराष्ट्रीय स्तर का चिडियाघर व साहसिक पर्यटन को बढावा दिया जाएगा। मकसद यह है कि पूरे हफ्ते चौबीसों घंटे पर्यटन गतिविधियां कैसे चलें ताकि पर्यटक यहां की सुविधाओं व नैसर्गिक सौंदर्य से अभिभूत हो बार-बार यहां आने को लालायित हो सके। एक अन्य महत्वपूर्ण एजेंडा प्रदेश में ''हरित क्रांति'' लाना है- अर्थात राज्य को एक ''ग्रीन राज्य'' के रूप में विकसित करना है, जिसमें ''ग्रीन हाइड्रोजन'' की एक अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर उद्यमियों को आश्वास्त किया कि अभी 'सपना' सा प्रतीत होने वाला यह विषय दो-तीन वर्षों में पूरा होगा। सरकार इस संबंध में इस क्षेत्र के बड़े-बड़े उद्यमियों के साथ समझौता करेगी। आगामी तीन वर्षों में 2500 परिवहन की बसें ई-वाहनों से बदली जाएंगी। 4-5 ''ग्रीन-कॉरीडोर'' बनाए जाएंगे, जगह-जगह सुलभ स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन बनेंगे। शायद इतना स्पष्ट एजेंडा '' ग्रीन राज्य'' बनाने का किसी और राज्य का नहीं है। निश्चित रूप से सरकार के इस प्रयास से 'पर्यटन विकास' और 'पर्यटन निवेश' को और पंख लगेंगे। मुख्यमंत्री ने अगला महत्वपूर्ण एजेंडा ''उद्यमियों'' को एक ''भयमुक्त निवेश प्रदेश'' देना बताया। अपने मांगपत्र में सीआईआई ने अन्य मसलों के अलावा एक अति संवेदनशील विषय मुख्यमंत्री के समक्ष रखा, वह है- सत्ता में प्रभावशाली व्यक्तियों के नाम पर उद्यमियों का ''शोषण'' व ''ज़बरन वसूली'', जिसे बहुत गंभीरता से लेते हुए उन्होंने उद्यमियों को अपने उद्बोधन में आश्वासन दिया कि यदि किसी उद्यमी के साथ इस प्रकार का वाक़्या पेश आता है तो उनके मोबाइल पर संदेश भेज दें, वे स्वयं उससे शीघ्र संपर्क साधेंगे और आरोप सही सिद्ध होने पर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, चाहे दोषी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, बख्शा नहीं जाएगा। उनका मानना है कि निवेश तभी आएगा, जब उद्यम, उद्यमी व उसके कर्मियों को प्रदेश में सुरक्षा का एहसास हो। सरकार की नीतियों व कार्य पद्धति के प्रति उद्यमी का विश्वास होना बहुत आवश्यक है। उद्यम लगेगा तो रोजगार सृजित होगा व टैक्स के रूप में सरकार की आय होगी। इसके लिए बहुत आवश्यक है कि निवेश के लिए आवश्यक उचित माहौल उपलब्ध करवाया जाए। यदि उद्यमी अपना समय पटवारी, तहसीलदार के कार्यालयों में व सरकारी अनुमतियां लेने में ही लगाएगा तो उसकी परियोजना समय पर कैसे लगेगी? उसकी परियोजना लागत भी बढ़ेगी और सरकार को जो आय होनी है, उसे मिलने में भी विलंब होगा, अतः प्रस्तावित नई ''निवेश नीति'' के अंतर्गत सरकार चाहती है- ''आओ, लगाओ, कमाओ और हिमाचल को भी खिलाओ''। मुख्यमंत्री की परिकल्पना है कि ''नई औद्योगिक नीति'' में उद्यमियों को और सरकार दोनों को अपना-अपना धर्म ईमानदारी से निभाने वाली भावना दिखेगी। उद्यमी का खून चूस कर सरकार को अपनी आय नहीं बढ़ानी है, बल्कि उसके साथ खड़े होकर प्राप्त लाभ का उचित अंश टैक्स के रूप में सरकार के कोष में जाना चाहिए। यह स्पष्ट किया गया कि सरकार की वर्तमान कमजोर माली हालत के दृष्टिगत ''आर्थिक प्रोत्साहनों'' के मुकाबले प्रक्रियाओं, नियमों का सरलीकरण किया जाएगा।




> मुख्यमंत्री के संबोधन में, जो वह कह रहे थे, उसे चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने का एक शिववास व प्रतिबद्धता स्पष्ट झलक रही थी, जिसकी वहां उपस्थित उद्यमियों ने मुक्तकण्ठ से सराहना की। हिमाचल के बारे में बात करने पर सामने आता है- यहां का शांत, स्वच्छ वातावरण, कसी हुई कानून व्यवस्था, जनता का कमोबेश कानून के प्रति आदर, सरप्लस व गुणवत्तायुक्त बिजली, सौहार्दपूर्ण लेबर मैनेजमेंट संबंध, प्रशासन तक सहज पहुंच आदि जो निवेशकों को और दूसरे बड़े राज्यों की स्थिति देखते हुए हिमाचल में निवेश करने को प्रेरित करते हैं। परन्तु साथ ही जब कनैक्टिविटी की बात हो, ट्रक यूनियन की समस्या हो, औद्योगिक निवेश के लिए जमीन लेने में ''धारा 118'' की पेचीदगियां आती हों, कच्चे माल व बाजार की परेशानियां हों, लगभग 20-22 सरकारी विभागों की अनुमतियां प्राप्त करने के लिए प्रयासों की बात हो, औद्योगिक बस्तियों में समुचित सामाजिक अधोसंरचना का विकसित न होना आदि कारणों से शायद उद्यमी यहां निवेश से पहले हर पहलू पर विचार अवश्य करता है।

## देश दुनीया से

# राहुल पर लगे आरोप मात्र चुनावी स्टंट

**आजादी** के बाद देश के संसदीय इतिहास में ऐसा पहला मौका आया जब सत्तारूढ़ दल ने संसद ठप की हो। संसद की यह कार्यवाही कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी से माफी मंगवाने की मांग को लेकर बाधित रही। संसद सत्र का प्रति मिनट खर्चा ढाई लाख रुपए आता है। अर्थात एक दिन भी यदि संसद की कार्यवाही ठप रहती है तो करोड़ों का नुकसान होता है। इसकी भरपाई सांसद या मंत्री नहीं करते, बल्कि देश के आम करदाताओं को इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। राहुल ने लंदन की कैमब्रिज यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में भारत में संस्थाओं के नियंत्रण में होने और अपने फोन की जासूसी किए जाने का आरोप लगाया। राहुल ने अपने ऊपर आपराधिक मामले दर्ज कराए जाने का मुद्दा उठाया। आरएसएस को एक फासीवादी संगठन और भारत में मीडिया और न्यायपालिका नियंत्रण में बताते हुए विदेशी हस्तक्षेप की मांग की। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस के नेता और सांसद राहुल गांधी ने विदेश में जाकर देश का अपमान किया है। गौरतलब है कि संसद की कार्यवाही का सीधा प्रसारण होता है। संसद में जो हुआ उसे पुरी दुनिया ने देखा। सवाल यह है कि जब केंद्र सरकार राहुल के बयान को इतना गंभीर मानती है तो उनके खिलाफ देश के अपमान और देशद्रोह का मुकदमा दर्ज क्यों नहीं कराती। इसका फैसला अदालत कर लेगी कि राहुल गांधी ने देश का अपमान किया है या नहीं। इससे भाजपा का बचना यह दर्शाता है कि देश के अपमान और देशद्रोह को सिर्फ चुनावी मुद्दा बनाया जा रहा है। हकीकत में इस मामले में भाजपा कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करना चाहती है। सवाल यह भी है कि भाजपा राहुल गांधी से तो चुनावी तरीके से निपट लेगी किन्तु वैश्विक संस्थाओं द्वारा विभिन्न मामलों में देश की हालत की जो तस्वीर बताई गई है, भाजपा उनसे कैसे निपटेगी। भाजपा ने ऐसी संस्थाओं से कभी माफी मांगने और उन देशों को चेतावनी देते हुए संबंधों में दरार पडऩे की बात कभी नहीं की। अलबत्ता केंद्र सरकार उन रिपोर्टों को भारत की छवि खराब करने वाले बताता हुए खारिज करती रही है। विगत वर्षों में संयुक्त राष्ट्र सहित विश्व स्तर की रैंकिंग प्रदान करने वाली विभिन्न संस्थाओं की रिपोर्ट में भारत की जो तस्वीर पेश की है, वह देश को शर्मसार करने वाली रही है। केंद्र की भाजपा सरकार विश्व में विभिन्न मामलों में जारी रिपोर्टों को खारिज तो कर सकती है, पर माफी नहीं मंगवा सकती, जिनके कारण भारत की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचा है। वैश्विक भूख सूचकांक 2022 में भारत छह पायदान नीचे खिसक कर अब 121 देशों में 107वें स्थान पर पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र के वार्षिक सूचकांक में वल्ड हैपीनेस इंडेक्स में शामिल कुल 146 देशों में भारत 136वें पायदान पर है। रिपोट्र्स विदआउट बॉडर्स की ओर से जारी वल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स 2021 में भारत 142वें स्थान पर बरकरार है। भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टालरेंस का दंभ भरने वाली सरकार की दृढ़ता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2021 के वैश्विक भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में 180 देशों में भारत का स्थान 85वां रहा। मानव विकास सूचकांक में पिछले वर्ष भारत 131वें स्थान पर था और वर्ष 2021-22 की रिपोर्ट में भारत का स्थान फिसलकर 191 देशों की सूची में 132वें स्थान पर पहुंच गया। इसी तरह भारत में पर्यावरण की स्थिति रिपोर्ट 2021 में सामने आया कि पिछले साल भारत का स्थान 115 था और अब वह दो स्थान और नीचे चला गया है। ग्लोबल पीस इंडेक्स-2022 में भारत को शांति के मामले में लो कैटेगरी में रखा गया है। इस रैंकिंग में भारत 3 स्टेप चढक़र अब 135वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा इंडेक्स-2021 में 113 देशों के बीच 71वां स्थान हासिल किया। विश्व न्याय परियोजना के कानून सूचकांक 2021 के नियम में भारत 139 देशों और क्षेत्राधिकारों में से 79वें स्थान पर है। विश्व में होने वाली सडक़ दुर्घटनाओं में 11 प्रतिशत मृत्यु भारत में होती हैं। जबकि दुनिया के वाहन का महज एक प्रतिशत ही हमारे यहां है। एनसीआरबी रिपोर्ट के मुताबिक साल 2021 में 73535 बच्चे गायब हो गए।

> विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों में जाहिर भारत की स्थिति से मुंह नहीं फेरा जा सकता। इन रिपोर्टों पर भारत की आलोचना को दबाया नहीं जा सकता। देशद्रोह कानून पर सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ा। इस मामले में सैकड़ों गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इसे पूरे विश्व में देखा गया कि कैसे भारत में आवाज बुलंद करने पर आपराधिक मुकदमे दर्ज किए जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि इस कानून की समीक्षा पूरी होने तक देशद्रोह का कोई नया केस दर्ज नहीं होगा। भारत का लोकतांत्रिक ढांचा इतना कमजोर नहीं है कि राहुल गांधी के बयान देने मात्र से दागदार हो जाए।

## नागरिक बोध

# राजस्थान में वीरांगनाओं के साथ बदसलूकी से सियासत गरमाई

**राजस्थान** में दस दिनों से ज्यादा समय से न्याय की गुहार लगाने वाली वीरांगनाओं को न्याय नही मिलता देख शहीदों की विधवाओं ने राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से इच्छामृत्यु की मांग की गई। उसके साथ ही सड़क जाम कर मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर विरोध किया गया। राजस्थान के इस घटनाक्रम को लेकर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथसिंह ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बातचीत कर वीरांगनाओं के साथ की गई बदसलूकी पर गहरा दुःख व्यक्त किया। राजस्थान में शहीदों की विधवाओं को न्याय नही मिलने पर राजस्थान में किरोड़ीमल की गिरफ्तारी पर उनके कार्यकर्ताओं ने दौसा हाईवे जाम कर दिया। राजस्थान में इन दिनों राजनीति गरमाई हुई है। लोकतांत्रिक तरिके धरना देकर न्याय की मांग कर रही विधवा महिलाओं के साथ तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है। अशोक गहलोत से नाराज लोगो ने उनका पुतला फूंका और कहा की आने वाले समय मे कांग्रेस को जनता सबक सिखाई। कांग्रेस मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास नाराज है। राजस्थान में इस वर्ष विधानसभा चुनाव होने वाले है। खाचरियावास से तीन हजार करोड़ की योजना छीनी गई है। प्रतापसिह और अशोक गहलोत के बीच घनिष्ट संबंध थे लेकिन बढ़ती दूरिया से नाराजगी बढ़ना जायज है। राजस्थान में मनमानी पर उतरी कांग्रेस को नए सिरे से विचार करना होगा। जनता को नाराज कर कांग्रेस अपनी मंजिल हासिल नही कर सकती है। वैसे भी कांग्रेस की पतली हालत पूर्वोतर में तीन राज्यो के चुनाव में देखी गई थी। कांग्रेस की बयानबाजी उसी पर भारी पड़ती है राहुल गांधी के विदेशी धरती पर सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधते हुए लोकतंत्र खतरे में बताने वाले राहुल और कांग्रेस को आपातकाल याद होगा।




# पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बैन हटने के बाद फेसबुक पर वापस लौटे, पहला पोस्ट किया– आई एम बैक

**वाशिंगटन।**
अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रतिबंध हटाए जाने के बाद फेसबुक पर वापस लौट आए हैं। ट्रंप ने शुक्रवार को पहला फेसबुक पोस्ट किया, आई एम बैक। दरअसल, छह जनवरी, 2021 को हुए कैपिटल हिल दंगे पर भड़काऊ पोस्ट को लेकर मेटा ने डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट को निलंबित कर दिया था। ट्रंप ने 12–सेकंड के एक वीडियो के साथ पोस्ट किया, मैं वापस आ गया हूं। यह 2016 के चुनाव जीतने के बाद उनका विजय भाषण की तरह प्रतीत होता है। इस वीडियो में ट्रंप ने 2024 के चुनाव के लिए अपने अभियान को भी डालने की कोशिश की। वीडियो में ट्रंप ने अपना प्रसिद्ध मेक अमेरिका ग्रेट अगेन का नारा डाला, जो उनके अंतिम सफल राष्ट्रपति अभियान के दौरान लोकप्रिय हुआ था इस साल जनवरी में मेटा ने उनके अकाउंट को दोबारा बहाल करने की घोषणा की थी और फरवरी में मेटा ने ट्रंप के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट को बहाल कर दिया था। बताया कि मेटा के नीति संचार निदेशक एंडी स्टोन ने इसकी पुष्टि की है।

**दो साल पहले फेसबुक ने डोनाल्ड ट्रंप को बैन कर दिया था** – अमेरिका की संसद पर 6 जनवरी 2021 को हुए हमले के बाद फेसबुक ने डोनाल्ड ट्रंप को बैन कर दिया था। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पोस्ट में दावा किया था कि 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर मतदान में धांधली हुई। इसके बाद ही फेसबुक ने हिंसा भड़काने के आरोप में डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट को निलंबित कर दिया था। ट्विटर ने भी डोनाल्ड ट्रंप पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन एलन मस्क के ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट को फिर से बहाल कर दिया गया था।

**यूट्यूब ने भी डोनाल्ड ट्रंप के खाते को बहाल किया** – यूट्यूब ने भी शुक्रवार को डोनाल्ड ट्रंप के खाते को बहाल कर दिया। इसके साथ ही यूट्यूब ऐसा करने वाला लेटेस्ट और अंतिम सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म बन गया है। यूट्यूब के अंदरूनी सूत्रों ने ट्विटर पर कहा, आज से डोनाल्ड जे ट्रंप का चैनल अब प्रतिबंधित नहीं है और वह नए कंटेंट अपलोड कर सकते हैं। यूट्यूब ने कहा कि हमने चुनावों से पहले प्रमुख राष्ट्रीय उम्मीदवारों से मतदाताओं को समान रूप से सुनने के अवसर को संतुलित करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका ने तुर्किये से स्वीडन की नाटो सदस्यता की जल्द पुष्टि करने को कहा, फिनलैंड को हरी झंडी



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका ने शुक्रवार को तुर्किये के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन की उस घोषणा का स्वागत किया जिसमें उन्होंने देश की संसद में फिनलैंड की नाटो सदस्यता की पुष्टि करने की प्रक्रिया शुरू करने लेकर कहा है। इसके अलावा तुर्की को सैन्य गठबंधन में स्वीडन के प्रवेश की शीघ्र पुष्टि करने के लिए भी अमेरिका ने प्रोत्साहित किया। व्हाइट हाउस के राष्टीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा, स्वीडन और फिनलैंड दोनों मजबूत, सक्षम भागीदार हैं जो नाटो के मूल्यों को साझा करते हैं और गठबंधन को मजबूत करेंगे और यूरोपीय सुरक्षा में योगदान देंगे। अमेरिका का मानना है कि दोनों देशों को जल्द से जल्द नाटो का सदस्य बनना चाहिए। रूस–यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध का अभी कोई परिणाम सामने नहीं नजर आ रहा है। इस बीच फिनलैंड जल्द ही नाटो की सदस्यता प्राप्त कर लेगा। इसके लिए तुर्किये के राष्टपति तैयप एर्दोगन ने अपनी सहमति दे दी है और फिनलैंड का नाटो सदस्यता आवेदन स्वीकार कर लिया। बता दें कि एर्दोगन की स्वीकृति के बिना, फिनलैंड इसमें शामिल नहीं हो पाएगा क्योंकि नाटो देशों को सर्वसम्मति से नए सदस्यों पर सहमत होना चाहिए। वहीं फिनलैंड के राष्टपति सौली निनिस्तो ने फिनलैंड की नाटो सदस्यता के आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने के फैसले का स्वागत किया। एर्दोगन ने निनिस्टो के साथ बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से कहा कि हमने अपनी संसद में नाटो में फिनलैंड की परिग्रहण प्रक्रिया की पुष्टि शुरू करने का फैसला किया है। निनिस्टो ने कहा कि उन्होंने इस फैसले का स्वागत किया और इसे फिनलैंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण कहा, फिनलैंड रूस के साथ लंबी सीमा साझा करता है। रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के जवाब में, स्वीडन और फिनलैंड ने नाटो समझौते में शामिल होने के लिए पिछले साल आवेदन किया लेकिन तुर्किये से अप्रत्याशित आपत्तियों का सामना करना पड़ा।

### चीन ने कोरोना वायरस से जुड़ा डाटा इंटरनेट पर जारी करने के बाद हटाया, डब्ल्यूएचओ ने पूछा- क्यों



**जिनेवा।** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोना वायरस की उत्पत्ति का खुलासा करने वाले वैज्ञानिक अनुसंधान को रोकने के लिए चीनी अधिकारियों को फटकार लगाई है। डब्ल्यूएचओ ने शुक्रवार को चीनी अधिकारियों से तीन साल पहले डेटा का खुलासा नहीं करने के कारणों के बारे में भी पूछा और कहा कि जनवरी में ऑनलाइन प्रकाशित होने के बाद फिर इन्हें क्यों हटाया गया इंटरनेट से डेटा गायब होने से पहले वायरस विशेषज्ञों की एक अंतरराष्टीय टीम ने शोध को डाउनलोड किया था और विश्लेषण करना शुरू कर दिया। टीम ने खुलासा किया कि डेटा से यह पता चलता है कि महामारी अवैध रूप से बिकने वाले रैकून कुत्तों से शुरू हो सकती है, उसके बाद उन्होंने चीन के वुहान हुआनान सीफूड होलसेल मार्केट में मनुष्यों को संक्रमित किया था। लेकिन टीम अंतिम परिणाम तक नहीं पहुंच सकी क्योंकि जब विशेषज्ञों ने अपने चीनी समकक्षों के साथ विश्लेषण पर सहयोग करने की पेशकश की, तो जीन अनुक्रमों को वैज्ञानिक डेटाबेस से हटा दिया गया। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधानोम गेब्रेयेसस ने कहा, ये आंकड़े तीन साल पहले साझा किए जा सकते थे और साझा किए जाने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि लापता सबूतों को अब अंतरराष्टीय समुदाय के साथ तुरंत साझा करने की जरूरत है। आंकड़ों की समीक्षा कर रही विशेषज्ञ टीम के अनुसार, शोध से इस बात के सबूत मिलते हैं कि कोरोना वायरस फैलाने के लिए जाने जाने वाले लोमड़ी जैसे जानवर रैकून कुत्ते वुहान बाजार में उसी स्थान पर डीएनए छोड़ गए थे जहां नए कोरोना वायरस के भी डीएनए मिले थे। कुछ विशेषज्ञों के अनुसार उस खोज से पता चलता है कि जानवर संक्रमित हो सकते हैं और मनुष्यों में वायरस को प्रेषित कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 2020 की शुरुआत में वुहान बाजार में जानवरों के पिंजरों, गाड़ियों और अन्य सतहों के स्वैब से बड़ी मात्रा में आनुवंशिक जानकारी ली गई थी।

### खैबर पख्तूनख्वा में आया साल का पहला पोलियो केस, प्रशासन ने दिए टीकाकरण अभियान तेज करने के निर्देश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में साल 2023 का पहला पोलियो का मामला सामने आया है। खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में तीन साल का एक बच्चा पोलियो का शिकार हुआ है। शनिवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यह मामला ऐसे समय में सामने आया है, जब फ्रांसीसी एजेंसी फॉर डेवलपमेंट (एफएडी) और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) इस बीमारी को खत्म करने के प्रयासों का विश्लेषण करने के लिए वहां पहुंचे थे।

## पुतिन के खिलाफ इंटरनेशनल कोर्ट का अरेस्ट वारंट

# यूक्रेनी बच्चों के अपहरण का अपराधी बताया ; लेकिन उनकी गिरफ्तारी मुश्किल

**हेग।**
इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कोर्ट ने कहा– पुतिन ने यूक्रेन में वॉर क्राइम किए हैं। वो यूक्रेनी बच्चों के अपहरण और डिपोर्टेशन के अपराध के लिए जिम्मेदार हैं। हालांकि, रूस ने युद्ध अपराधों के आरोपों से इनकार किया है।

रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा– कानूनी तौर पर रूस के लिए इस गिरफ्तारी वारंट का कोई मतलब नहीं है। क्योंकि रूस इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट की रोम स्टैट्यूट का हिस्सा नहीं है। दरअसल, 123 देशों ने कोर्ट की स्थापना वाले एक समझौते पर साइन किए थे। रूस ने हस्ताक्षर नहीं किए थे। इसी वजह से रूस आईसीसी के किसी फैसले को नहीं मानता।

**पुतिन को गिरफ्तार करना मुश्किल** – आईसीसी के पास किसी भी देश के लीडर को गिरफ्तार करने की शक्तियां नहीं हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उसके पास खुद का कोई पुलिस बल नहीं है। इंटरनेशनल लॉ के मुताबिक, आईसीसी किसी भी देश के लीडर को दोषी तो ठहरा सकता है, उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर सकता है लेकिन उनकी गिरफ्तारी के लिए दुनियाभर के देशों पर निर्भर रहता है। ऐसे में पुतिन की गिरफ्तारी के 2 ही तरीकों से हो सकती है। पहला– पुतिन को प्रत्यार्पित किया जाए, दूसरा– रूस के बाहर किसी अन्य देश में गिरफ्तार किया जाए, जोकि मुमकिन नहीं लगता है।

**आईसीसी ने कहा– पुतिन ने बच्चों का अपहरण होने से नहीं रोका** – आईसीसी ने कहा कि उसके पास यह मानने के लिए उचित आधार है कि पुतिन ने न सिर्फ इन अपराधों को अंजाम दिया, बल्कि इसमें दूसरों की भी मदद की। कोर्ट ने कहा– पुतिन ने बच्चों के अपहरण को रोकने के लिए अपने अधिकारों का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने बच्चों को डिपोर्ट करने वाले अन्य लोगों को रोका नहीं, कार्रवाई नहीं की। 24 फरवरी 2022 को पुतिन ने यूक्रेन पर हमला कर दिया था। इसके तुरंत बाद आईसीसी प्रॉसिक्यूटर करीम खान ने यूक्रेन में संभावित युद्ध अपराधों, मानवता के खिलाफ अपराधों और नरसंहार की जांच




शुरू की थी। दोनों देशों के बीच जंग अब भी जारी है।

**रूसी चाइल्ड राइट कमिशनर के खिलाफ भी वारंट जारी** – रिपोर्ट के मुताबिक, रूस की चाइल्ड राइट कमिशनर मारिया लवोवा–बेलोवा के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी गया है। जंग शुरू होने के बाद से कई बार रूसी सैनिकों पर यूक्रेनी बच्चों के अपहरण के आरोप लगे हैं। रूस ने इन आरोपों को खारिज किया है लेकिन कभी इस बात को नहीं नकारा कि बच्चों को रूस भेजा जा रहा है। मारिया लवोवा–बेलोवा ने हमेशा रूस के इस काम को देशभक्ति और मानवीय प्रयास बताया है। उनका कहना है कि रूसी परिवार जंग में बेघर हुए यूक्रेनी बच्चों को अडॉप्ट कर रहे हैं।

**वॉर क्राइम क्या है** – युद्ध के लिए भी कुछ नियम होते हैं, इन नियमों को जिनेवा कन्वेंशन, हेग कन्वेंशन और अन्य अंतरराष्ट्रीय कानूनों और समझौतों के तहत बनाया गया है।

वॉर क्राइम युद्ध के नियमों का उल्लंघन है, जिसके तहत जानबूझकर नागरिकों को मारना या जानबूझकर युद्ध बंदियों को मारना, यातना देना, बंधक बनाना, नागरिक संपत्ति को अनावश्यक रूप से नष्ट करना, युद्ध के दौरान यौन हिंसा, लूटपाट, सेना में बच्चों की भर्ती, नरसंहार आदि जैसे अपराध शामिल हैं।

सबसे पहले 20वीं सदी की शुरुआत में युद्ध के नियमों को बनाया गया था। इन नियमों को हेग कन्वेंशन 1899 और 1907 और 1864 से 1949 के दौरान जिनेवा कन्वेंशन के तहत हुई चार संधियों से तय किया गया था।

हेग कन्वेंशन जहां युद्ध के समय कुछ घातक हथियारों जैसे एंटी पर्सनेल लैंडमाइंस और केमिकल या बॉयोलॉजिकल वेपंस आदि के इस्तेमाल पर रोक लगाता है, तो वहीं जिनेवा कन्वेंशन युद्ध के दौरान किए जाने वाले वॉर क्राइम के नियम निर्धारित करता है।

## अमेरिका में प्रेग्नेंसी के दौरान 1,205 हजार मौतें

# ये 60 साल में सबसे ज्यादा, मरने वाली अश्वेत महिलाओं की संख्या दोगुनी



**वॉशिंगटन।**
अमेरिका में पिछले 60 सालों में मातृ मृत्यु दर बढ़ गई है। सेंटर फॉर डिसिज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की रिपोर्ट के मुताबिक, जन्म देने के दौरान 2021 में 1,205 माताओं ने दम तोड़ा। 2020 में ये आंकड़ा 861 था। वहीं, 2019 में गर्भावस्था के दौरान 754 माताओं की मौत हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि श्वेत महिलाओं की तुलना में अश्वेत महिलाओं की मौत का आंकड़ा दोगुना हुआ है। 2021 में श्वेत महिलाओं की मातृ मृत्यु दर 26.6 थी। वहीं, अश्वेत महिलाओं की मातृ मृत्यु दर 69.9 थी। ये श्वेत महिलाओं की तुलना में 2.6 गुना ज्यादा थी। रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैराइन जीन पियारे ने कहा– ये संकट है। दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश को इसे वास्तविकता के रूप में स्वीकार नहीं करना चाहिए। अमेरिकन कॉलेज ऑफ ओब्स्टेट्रिशियन एंड गायनेकोलॉजिस्ट के प्रेसिडेंट इफत अब्बासी होस्किन्स का कहना है कि कोरोना वायरस की वजह से प्रेगनेंसी के दौरान महिलाओं की मौत होने के आशंका बढ़ गई है।

**प्रेग्नेंसी में कोरोना होने पर डिलीवरी के दौरान मौत का खतरा 10 गुना ज्यादा** – प्रेग्नेंट महिलाओं में कोरोना संक्रमण डिलीवरी के दौरान जानलेवा हो सकता है। एक रिसर्च का जिक्र करते हुए बताया कि प्रेग्नेंसी के दौरान कोरोना होने पर डिलीवरी के समय मां की मौत का खतरा 10 गुना ज्यादा बढ़ जाता है और कई तरह की कॉम्प्लिकेशन हो सकती हैं। रिसर्च में कहा गया कि कोरोना पॉजिटिव महिलाओं में डिलीवरी के दौरान रेस्पिरेटरी फेल्योर, यानी वेंटिलेटर पर जाने का रिस्क भी 15 गुना और मौत का खतरा 10 गुना ज्यादा होता है। साथ ही कोरोना पॉजिटिव महिलाओं में नर्सिंग फैसिलिटी या फिर केयर सेंटर में भर्ती होने का खतरा तीन गुना ज्यादा रहता है। यूनाइटिड नेशन्स की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 20 सालों में मातृ मृत्यु दर में एक तिहाई की गिरावट के बावजूद गर्भावस्था की परेशानियों से हर 2 मिनट में एक महिला की मौत हो जाती है। 2020 में लगभग 70 प्रतिशत मौतें उप–सहारा अफ्रीका में हुईं, जहां यह दर ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की तुलना में 136 गुना अधिक है।

## जरदारी की पार्टी बोली- एटमी हथियार मांग रहा आईएमएफ : फाइनेंस मिनिस्टर बोले- न्यूक्लियर वेपन्स पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान की गठबंधन सरकार में शामिल पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने आरोप लगाया है कि इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड की नजर मुल्क के एटमी हथियारों और मिसाइलों पर है। आसिफ अली जरदारी की पार्टी के सांसद राजा रब्बानी के इस आरोप का जवाब फाइनेंस मिनिस्टर इशहाक डार ने दिया। कहा– मुल्क को हम पर भरोसा रखना चाहिए। हम अपने एटमी हथियारों और मिसाइल प्रोग्राम पर कोई समझौता नहीं करेंगे।

**सरकार में ही मतभेद** – पाकिस्तान डेमोक्रेटिक फ्रंट इस वक्त सत्ता में है। इसमें कुल 13 पार्टियां शामिल हैं। इनमें से एक है। इसके सांसद राजा रब्बानी ने गुरुवार को संसद में कहा– हमारे पास कई ऐसी रिपोर्ट्स आई हैं, जिनमें कहा गया है कि कर्ज की किश्त जारी नहीं कर रहा, क्योंकि उसकी नजर हमारे एटमी हथियारों और मिसाइल प्रोग्राम पर है। फाइनेंस मिनिस्टर को बताना चाहिए कि हकीकत क्या है। हमें इस बारे में जानकारी क्यों नहीं दी। इसके जवाब में इशहाक डार ने कहा– हम भी हैरान हैं कि तमाम बातें और शर्तें साफ हो जाने के बावजूद किश्त जारी क्यों नहीं कर रहा। फिर भी मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि हम एटमी हथियारों और मिसाइल प्रोग्राम पर कोई समझौता नहीं करेंगे। डार के बयान के बाद प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भी सोशल मीडिया पर कहा– पाकिस्तान किसी भी सूरत में अपने न्यूक्लियर एसेट्स या मिसाइल प्रोग्राम पर समझौता नहीं करेगा। अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश है, जिसका रक्षा बजट सबसे ज्यादा है। हालांकि 2022 में भारत ने अपने कुल जीडीपी का 2.4प्रतिशत पैसा रक्षा बजट पर खर्च किया है, जबकि पाकिस्तान अपने कुल जीडीपी का 3.74प्रतिशत रक्षा बजट पर खर्च करता है। 18 मई 1974 को भारत ने पहली बार परमाणु बम का सफल परीक्षण किया था। वहीं पाकिस्तान ने 28 मई 1998 को पहली बार परमाणु बम का परीक्षण किया था। इस वक्त पाकिस्तान के पास 165 परमाणु बम हैं, जबकि भारत के पास 160 परमाणु बम ही हैं। भारत ने साल 1999 में अपनी 'नो फर्स्ट यूज की परमाणु नीति घोषित की थी। इसके मुताबिक भारत कभी भी परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा।

# जापान–दक्षिण कोरिया ने इतिहास को भुलाकर सुरक्षा संबंध सुधारने पर हुए सहमत, कई मुद्दों पर की चर्चा

**टोक्यो ।**
जापान और दक्षिण कोरिया लंबे समय के बाद शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के बीच नियमित यात्राओं को दोबारा शुरू करने और व्यापार विवाद को हल करने के लिए कदम उठाने पर सहमत हो गए हैं। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने दो देशों की सुरक्षा और आर्थिक रिश्तों को पुनर्निर्माण के लिए इसे एक बड़ा कदम बताया, क्योंकि दोनों देशों में लंबे समय से शत्रुता रही है और वे इससे उबरने में जुटे हैं।

शिखर सम्मेलन में जापान के पीएम फुमियो किशिदा और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल के बीच दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए कई मुद्दों पर बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने अपने सुरक्षा संबंधों का नवीनीकरण किया। यून और किशिदा ने कहा कि दोनों देश चीन के साथ त्रिपक्षीय संचार प्रक्रिया को दोबारा शुरू करने पर सहमत हुए हैं।

**जापानी नौकाओं का पीछा कर उसकी सीमा में घुसे 2 चीनी जहाज, तनाव** – जापान के एनएचके वर्ल्ड ने बताया कि पूर्वी चीन सागर में मछली पकड़ने वाली दो जापानी नौकाओं का पीछा करते हुए दो चीनी जहाजों ने शुक्रवार को सेनकाकू द्वीप के पास जापानी समुद्र में प्रवेश किया है। चीनी जहाजों ने कथित तौर पर शुक्रवार को सुबह 4:20 और 4:50 के बीच ताइशो द्वीप के प्रादेशिक जल में प्रवेश किया। इसे लेकर दोनों देशों के बीच एक बार फिर तनाव गहराया है। तट रक्षक अधिकारियों ने कहा कि जहाज, दो अन्य चीनी जहाजों के साथ, पहले जापान के क्षेत्रीय जल के बाहरी क्षेत्र में मंडरा रहे थे। एनएचके वर्ल्ड के मुताबिक, यही चीनी जहाज गुरुवार को जापानी



जलक्षेत्र में भी घुसे थे। तीन चीनी जहाजों ने गुरुवार को ऊत्सुरी द्वीप क्षेत्र के प्रादेशिक जल में प्रवेश किया।

**चीन ने कहा– ताइवान की आजादी के लिए कोई जगह नहीं** – उधर, चीन के रक्षा प्रवक्ता ने बताया, चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ताइवान की स्वतंत्रता और अलगाववादी गतिविधियों के लिए किसी भी तरह की कोई जगह नहीं छोड़ेगी। प्रवक्ता तान केफेई ने कहा, चीनी सेना अपने देश की राष्ट्रीय संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता की दृढ़ता से रक्षा करेगी। केफेई ने अमेरिका द्वारा हाल ही में ताइवान स्ट्रेट में तनाव बढ़ाने वाली गतिविधियों को लेकर यह टिप्पणी की। बता दें कि ताइवान क्षेत्र पर चीन अपना इलाका होने का दावा करता रहा है। स्कॉटलैंड की एक मां को अपने बेटे की मौत के 48 वर्ष बाद उसके अवशेष मिले हैं। वह चार दशक से अधिक समय से यह पता लगाने के लिए संघर्ष कर रही थी कि उसके बेटे के शव के साथ क्या हुआ। एडिनबरा की रहने वाली लीडिया रीड (74) को 1975 में उसके बेटे की मौत के बाद उसके ताबूत में कोई मानव अवशेष नहीं मिला था।

# अमेरिका से लड़ने के लिए उत्तर कोरिया के आठ लाख लोग सेना में भर्ती होने को तैयार, इनमें ज्यादातर छात्र

**प्योंगयांग।**
दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास को रोकने के लिए उत्तर कोरिया हर रोज नए पैंतरे अपना रहा है। आईसीबीएम लॉन्च करने के एक दिन बाद ही उत्तर कोरिया ने बड़ा दावा किया है। कहा है कि उत्तर कोरिया के आठ लाख लोग अमेरिका के खिलाफ युद्ध के लिए खुद सेना में भर्ती होना चाहते हैं। इसमें बड़ी संख्या में छात्र और मजदूर वर्ग भी शामिल है।

**एक दिन पहले ही उत्तर कोरिया ने लॉन्च किया था आईसीबीएम** – इससे पहले गुरुवार को उत्तर कोरिया ने ह्वासोंग–17 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उत्तर कोरिया ने आईसीबीएम को गुरुवार को कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच समुद्र में गिरा दिया था। उत्तर कोरिया ने ये तब किया जब दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए टोक्यो जाने वाले थे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के तहत उत्तर कोरिया की बैलिस्टिक मिसाइलों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और लॉन्च ने सियोल, वाशिंगटन और टोक्यो में सरकारों से निंदा की है। उधर, उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने इस तनाव के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया



को जिम्मेदार ठहराया।

**आईसीबीएम को उत्तर कोरिया ने बताया था चेतावनी** – उत्तर कोरिया ने कहा है कि गुरुवार को उसके द्वारा अंतरमहाद्विपीय बैलिस्टिक मिसाइल ह्वसोंगफो–17 का परीक्षण अमेरिका और दक्षिण कोरिया को एक सख्त चेतावनी देने के लिए किया गया। उत्तर कोरिया ने एक बार फिर से अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच चल रहे युद्ध अभ्यास को उकसावे वाली गतिविधि बताई। कहा है कि दोनों देश बड़े पैमाने पर आक्रामक युद्धाभ्यास का आयोजन कर उसे उकसा रहे हैं। बता दें कि उत्तर कोरिया ने ह्वसोंगफो–17 नाम की आईसीबीएम मिसाइल का परीक्षण किया है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के उन्मादी, उकसावे वाली एवं आक्रामक युद्धाभ्यास के जरिए कोरियाई प्रायद्वीप में अत्यधिक अस्थाई सुरक्षा का माहौल बनाया जा रहा है। इससे हालात काफी खराब हो गए हैं। यह डीपीआरके के खिलाफ है। इसे देखते हुए वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के सेंट्रल मिलिट्री कमीशन ने 16 मार्च को आईसीबीएम ह्वासोंगफो–17 का परीक्षण किया।

**एक महीने में तीसरी बार हथियार का परीक्षण** – उत्तर कोरिया कोरिया ने एक महीने के अंदर तीसरी बार किसी हथियार का परीक्षण किया है। इसके पहले फरवरी में भी आईसीबीएम हथियार का परीक्षण किया था है। इस मिसाइल के परीक्षण पर दक्षिण कोरियाई सेना का भी बयान आया है।

### नित्यानंद ने 30 अमेरिकी शहरों से धोखाधड़ी की: सबके साथ सिस्टर सिटी एग्रीमेंट साइन किया, जबकि कैलासा कोई देश ही नहीं

**वॉशिंगटन।** भारत के भगोड़े स्वामी नित्यानंद के कथित देश कैलासा ने 30 अमेरिकी शहरों के साथ धोखाधड़ी की है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कैलासा ने इन शहरों के साथ सिस्टर सिटी एग्रीमेंट साइन किया था। इस कल्चरल एग्रीमेंट के तहत ये शहर और कैलासा एक दूसरे के विकास में मदद करते। इसमें धोखाधड़ी ये है कैलासा नाम का कोई देश दुनिया में है ही नहीं। ओहायो के डेटन से लेकर वर्जीनिया के रिचमंड और फ्लोरिडा के बुएना पार्क तक कई शहरों का नाम इस लिस्ट में शामिल है। सभी शहरों के साथ हुए समझौते के बारे में लिखा है। बता दें कि नित्यानंद ने 2019 में दावा किया था उसने कैलासा नाम का देश बसाया है। कुछ दिनों पहले ही अमेरिकी राज्य न्यूजर्सी के शहर नेवार्क ने कैलासा के साथ सिस्टर सिटी एग्रीमेंट खत्म किया था। नेवार्क और फर्जी देश 'यूनाइटिड स्टेट्स ऑफ कैलासा' के बीच 12 जनवरी को समझौता हुआ था। यह सेरेमनी नेवार्क के सिटी हॉल में हुई थी। लेकिन जब नेवार्क को कैलासा की असलियत के बारे में पता चला तो उन्होंने तुरंत अपना समझौता रद्द कर दिया। नेवार्क की प्रेस सचिव सुजैन गैरोफलो ने एग्रीमेंट पर पछतावा जताया। उन्होंने कहा– जैसे ही हमें कैलासा की परिस्थितियों के बारे में पता चला हमने एग्रीमेंट खत्म कर दिया। ये एग्रीमेंट धोखे से किया गया था।

## राजस्थानी युवा समिति के आंदोलन का असर

# जल्द मिलेगा राजस्थानी को राजभाषा का दर्जा

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थानी युवा समिति की राजस्थानी को राजभाषा बनाने की लड़ाई एक पायदान ऊपर चढ़ी जब राजस्थान के इतिहास में पहली बार विधानसभा में अनुच्छेद 345 को लेकर उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाया गया। इस प्रश्न का जवाब शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने विधानसभा में देते हुए कहा कि राजस्थानी भाषा को राजस्थान की द्वितीय राजभाषा घोषित करने के संबंध में भाषा राज्यमंत्री ने एक समिति के गठन का अनुमोदन किया है। उन्होंने बताया कि यह समिति छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के मॉडल का अध्ययन कर वहां की तर्ज पर राजस्थानी भाषा को मान्यता देने के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। राजस्थानी युवा समिति के राष्ट्रीय सलाहकार राजवीर सिंह चलकोई ने कहा कि अब जब विधानसभा के इतिहास में पहली बार अनुच्छेद 345 को आधार बनाकर राजस्थानी को राजभाषा का दर्जा देने की मांग उठी और सकारात्मक नतीजा आने की आस जगी है तो इस पूरी मेहनत का श्रेय राजस्थानी युवा समिति ने अपने एक लाख से अधिक युवा सदस्यों एवं करोड़ों राजस्थानियो को दिया है। जागरुकता और जनचेतना की इस कड़ी में ही समिति के राजवीर सिंह चलकोई 23 और 24 मॉर्च को उदयपुर में होने वाले *भाषा का मेला* कार्यक्रम में भी राजस्थानी भाषा पर सेशन लेंगे। गौरतलब है कि राजस्थानी युवा समिति इस मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रही है। पूरे राज्य के हर जिले और संभाग में राजस्थानी को राजभाषा बनाने के लिए *हेलो मायड़ भासा रौड़* कार्यक्रम कर समिति ने लाखों युवाओं को इस आंदोलन से जोड़ा है। युवाओं को जोड़ने के लिए नवाचार कर राजस्थानी के मुद्दे को युवा साथियों तक पहुंचाया। प्रवासी भारतीय दिवस के दिन शहीद स्मारक पर सभा एवं कैंडल मार्च में राजस्थान के सभी विश्वविद्यालयों के युवा छात्रनेताओं की हुंकार हो या गोविंददेव को ज्ञापन देने के बहाने सरकार के मंत्री महेश जोशी को घेरना, रक्तदान शिविर करके युवाओं को जागरूक करना हो या कश्मीर से कन्याकुमारी तक युवा समिति के सदस्य का राजस्थानी मांगे राजभाषा का झंडा लेकर बाइक पर निकलकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाली यात्रा या लगातार विधायको से मिलकर राजस्थानी को राजभाषा बनाने के लिए समर्थन जुटाना हो राजस्थानी युवा समिति ने लगातार माहौल बनाया है। संस्थापक हिमान्शु किरण शर्मा ने बताया की इस विधानसभा सत्र में ही ये काम हो सके इस लिये पूरी टीम 25 दिन जयपुर में डेरे डालकर बैठी रही पर जब मुख्यमंत्री वादा करके भी मिलने का टाइम नही दे रहे थे तब इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने के लिए समिति ने उपनेता प्रतिपक्ष से गुहार लगाई। राजेंद्र राठौड़ ने इस मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए ड्राफ्ट तैयार करने की बात कही और उसके बाद ध्यानाकर्षण प्रस्ताव बनाया गया। साथ ही इस विषय की गंभीरता समझाने के लिए राजस्थान युवा समिति निरंतर उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के संपर्क में रही। संस्थापक हिमान्शु किरण शर्मा भी राजस्थान दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में राजस्थानी के लिए बात करेंगे। समिति अध्यक्ष अरुण राजपुरोहित और सचिव अरविंद जोशी ने बताया कि समिति लगातार केंद्र सरकार के मंत्रियों से भी संपर्क में है और 8वीं अनुसूची में जोड़ने के लिए भी माहौल तैयार कर रही है। सह सचिव अविनाश पुरोहित ने बताया कि लोग सोशल मीडिया पर हजारो की तादाद में रोज इस मांग को उठाते है। जयपुर प्रभारी शुभम रेवाड़ ने बताया आगे राजस्थनी युवा समिति पूरे राजस्थान में राजस्थानी के लिए संघर्ष करने वाले लोगों एवं समितियों को एक मंच पर लाने की अति महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है। उपाध्यक्ष प्रवीण मकवाणा ने बताया कि राजस्थान में फैले युवा समिति के सदस्यों की तरफ से समिति के पदाधिकारी उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का आभार प्रकट करेंगे।

## कोटकपूरा गोलीकांड का फैसला 9 मिनट में लिया

**फरीदकोट।** पंजाब में बरगाड़ी बेअदबी कांड से जुड़े कोटकपूरा गोलीकांड का फैसला 9 मिनट में लिया गया था। यह खुलासा फरीदकोट अदालत द्वारा 28 पेजों के जनतक किए गए फैसले में किया गया है। वकील जसवंत सिंह जस ने बताया कि अदालत द्वारा जो 28 पेज का फैसला जनतक किया गया है, उसमें 24 फरवरी को एसआईटी द्वारा दायर 7 हजार पेजों की रिपोर्ट व अन्य विभिन्न जांच रिपोर्ट को आधार माना गया है। उन्होंने कहा कि एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट में बताया है कि 14 अक्टूबर 2015 को कोटकपूरा में संगत पर गोली चलाने का फैसला मात्र 9 मिनट में लिया गया था। उन्होंने बताया कि एसआईटी की जांच रिपोर्ट के अनुसार, जिस समय पंजाब बेअबदी की आग में झुलस रहा था, उस समय तत्कालीन उप-मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल गुरुग्राम के एक होटल में आराम कर रहे थे और सुखबीर सिंह बादल ने पंजाब को बचाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में तमाम साक्ष्य प्रस्तुत किए है। इन्हीं सबूतों के आधार पर अदालत ने सुखबीर सिंह बादल की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज किया है।

## कैबिनेट मंत्री ने किया साढ़े नौ करोड़ की 63 परियोजनाओं का उद्घाटन

### क्षेत्र के विकास के लिए जारी रहेंगे उनके प्रयास : देवेंद्र

**फतेहाबाद ( हिंस )।** प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि ग्रामीण विकास को लेकर उनके प्रयास निरन्तर जारी रहेंगे। कैबिनेट मंत्री ने शनिवार को टोहाना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर नौ करोड़ 56 लाख रुपए की लागत से बने मनरेगा के 63 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने शनिवार को गांव जांडली कलां, चंद्रावल, जांडली खुर्द, नाढोड़ी, घोटडू, धौलू, दिगोह, लहरियां, डूल्ट, टिब्बी, ढाणी डूल्ट, भट्टू, ढाणी सांचला एवं ढाणी भोजराज का दौरा कर मनरेगा के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने आम नागरिकों की जनसमस्याएं को भी सुना एवं संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निवारण करने के निर्देश दिए देते हुए कहा कि जनता के कार्यों के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुलें है। कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने गांवों के विकास के लिए 11 सौ करोड़ रुपए देने काम किया। उस पैसे को सभी ग्रामवासी, सरपंच एवं पंच मिलकर गांवों के विकास पर लगाने का काम करे। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत लगभग 5 से 6 करोड़ रुपए के एस्टीमेट बन कर तैयार हो चुके जल्द ही यह ग्रांट भी उपलब्ध करवा दी जाएगी। आम नागरिकों की जो भी मूलभूत सुविधाएं हैं, उनको नागरिकों के घर द्वार तक लाने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार टोहाना विधानसभा क्षेत्र वासियों ने भारी बहुमत से विजयी बनाकर विधानसभा में भेजने का कार्य किया है, उसी तरह टोहाना विधानसभा को पूरे हरियाणा प्रदेश में नंबर वन बनाना है। उन्होंने कहा कि लोगों से जो वायदे किए हैए वे पूरे किए जा रहे हैं। काफी लंबे समय से गांवों में विकास कार्य अधूरे पड़े थे, उनको पूरा किया जा रहा है। इस मौके पर चैयरमैन महेन्द्र जांडली, चैयरमैन सुरेन्द्र कुमार, मनोज बबली, विनोद बबली, बीडीपीओ नरेंद्र सिंह, एबीपीओ संदीप जांगड़ा, नत्थूरामए सभी गांवों के सरपंच एवं पंच सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री दे चुके चयन की बधाई

# अब दर-दर की ठोकरें खा रहे शॉर्टलिस्टेड टीचर्स

**हिसार ( हिंस )।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत टीजीटी/पीजीटी को पिछले वर्ष दो दिसंबर को शॉर्टलिस्टेड हुए कैंडिडेट्स को साढ़े तीन माह बीतने के बाद भी अभी तक ज्वाइनिंग लैटर नहीं मिला है। हरियाणा भर से इन अध्यापकों की संख्या 2069 है वहीं अकेले हिसार में लगभग 250 कैंडिडेट्स हैं। इनमें शामिल रीमन, सुषमा, सतीश, अल्पना, अमित, मनीष, सुरेन्द्र व अन्य ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत दो दिसंबर 2022 को सभी 2069 सदस्यों को टीजीटी/पीजीटी के पास शॉर्टलिस्टेड मैसेज भेजे थे और जल्दी ही ज्वाइनिंग की बात बोली थी। इसको 100 दिन से अधिक का समय बीत चुका है परंतु इन कैंडिडेट्स को ज्वाइंगिंग नहीं दी गई। इन कैंडिडेट्स ने प्राइवेट स्कूलों से भी रिजाइन कर दिया है। नए सत्र से प्राइवेट स्कूल वाले इन्हें अपने स्कूल में भी नहीं ले रहे। हालात यह है कि न तो इन्हें प्राइवेट स्कूल वाले रख रहे हैं और न ही ज्वाइनिंग लैटर मिल रहा है। इन अध्यापकों ने बताया कि वे कई बार पंचकुला हरियाणा कौशल रोजगार निगम के दफ्तर के भी चक्कर लगा चुके हैं। इन कैंडिडेट्स ने 12 मार्च को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के हिसार जीजेयू में आयोजित जनता दरबार के दौरान भी अपनी समस्या रखी थी। उस समय मुख्यमंत्री के आदेश पर कैंडिडेट्स से पत्र व मोबाइल नंबर लिये गये थे किंतु सप्ताह बीतने पर भी कोई संपर्क नहीं किया गया। बता दें कि एक कैंडिडेट जिसका नाम अल्पना गांव बुगाना (हिसार) है, भी जनता दरबार में आई जिसको खुद सीएम ने दो दिसंबर को फोन करके टीचर जॉब की बधाई दी थी, वो जब सीएम से मिली तो सीएम ने उनकी समस्या का समाधान का आश्वासन दिया था परंतु आज तक इन कैंडिडेट्स की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। हिसार के सैंकड़ों प्रभावित अध्यापकों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उन्हें तुरंत ज्वाइनिंग लैटर दिए जाएं ताकि वे अपनी ड्यूटी कर सकें।

## हज आवेदकों को कल तक लगेगी कोविड वैक्सीन की डोज

**जयपुर ( हिंस )।** हज यात्रा- 2023 के आवेदन पत्र ऑनलाइन भरे जाने के लिए आवेदक को कोविड-19 का टीका लगा होना आवश्यक है। राज्य के जिन हज आवेदकों ने कोविड-19 का टीका नहीं लगवाया है, उन्हें सोमवार (20 मार्च) तक वैक्सीन लगवाना अनिवार्य है। राजस्थान स्टेट हज कमेटी अध्यक्ष अमीनुद्दीन कागजी ने बताया कि हज यात्रा- 2023 के आवेदन पत्र ऑनलाइन भरे जाने के लिए आवेदक को कोविड-19 का टीका लगा होना अनिवार्य है। राज्य के जिन हज आवेदकों ने कोविड-19 का टीका नहीं लगवाया है उन्हें 20 मार्च 2023 तक राजकीय अवकाश को छोड़कर प्रात: 10 बजे से सायं 03 बजे तक हज हाउस, रामगढ मोड, करबला जयपुर में कोवैक्सीन के टीके लगाए जाएंगे। टीकाकरण कार्यक्रम 14 मार्च से शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि 15 से 17 आयु वर्ग के आवेदकों को वैक्सीन की प्रथम खुराक एवं द्वितीय खुराक एवं 18 वर्ष से अधिक आयु के आवेदकों को प्रथम एवं द्वितीय खुराक एवं प्रीकॉशन खुराक के लिए शिविर आयोजित किया गया है।

## ग्रामीणों व प्रशासन में सिरे नहीं चढ़ी बातचीत, किया राष्ट्रीय राजमार्ग जाम

**हिसार ( हिंस )।** जिले के बिचपड़ी गांव निवासी रिटायर्ड इंस्पेक्टर रघुबीर सिंह के सुसाइड मामले में ग्रामीणों व प्रशासन के बीच बातचीत सिरे नहीं चढ़ पाई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ग्रामीण अड़ गए और उन्होंने हिसार-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक रेलवे पुलिस के उच्च अधिकारी और सभी आरोपी पुलिस कर्मचारियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक वे जाम नहीं खोलेंगे। ग्रामीणों के जाम के चलते मौके भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। हिसार जिला परिषद के पूर्व चैयरमैन राजेंद्र सूरा ने इस अवसर पर कहा कि जब तक रेलवे पुलिस की उच्च अधिकारी व अन्य पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन खत्म नहीं होगा और न ही रघुबीर का दाह संस्कार होगा। इससे पहले ग्रामीणों ने सुबह 14 गांवों की पंचायत



बुलाई। हिसार पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों के रुख को देखते हुए डीएसपी कप्तान सिंह व एसडीएम अश्वीर नैन को बातचीत के लिए भेजा। प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों व परिजनों से बातचीत की लेकिन सिरे नहीं चढ़ पाई। ग्रामीणों ने पंचायत के बाद फैसला लिया कि प्रशासनिक अधिकारियों ने हाथ खड़े कर दिए हैं कि यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है, क्योंकि मामला रेलवे का है। ऐसे में वे इस पर कारवाई नहीं कर सकते। अधिकारियों ने कहा कि जांच बैठा देंगे, जो दोषी होगा, उनके खिलाफ कारवाई होगी परंतु ग्रामीणों ने कहा कि उनका फैसला यही है कि सभी के खिलाफ केस दर्ज हो। इसलिए प्रशासन को तीन बजे का अल्टीमेटम दिया गया। तीन बजे तक जब प्रशासन की ओर से कार्रवाई का ठोस आश्वासन नहीं मिला तो ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। मृतक रघुबीर सिंह रेलवे में इंस्पेक्टर थे और 31 जनवरी को ही सेवानिवृत हुए थे। शुक्रवार सुबह उन्होंने हिसार में रेल के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया था। शव के पास मिले सुसाइड नोट में रेलवे पुलिस के उच्च अधिकारी समेत छह लोगों के नाम लिखे हुए हैं। रघुबीर के परिजनों ने कल पोस्टमार्टम के बाद उसका शव नहीं उठाया और कहा कि जब तक रेलवे पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं होता, तब तक वे दाह संस्कार नहीं करेंगे।

## धर्मांतरण के संदेह पर विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ता पहुंचे, हंगामा

**जोधपुर ( हिंस )।** शहर के सरदारपुरा स्थित रेजीडेंसी रोड स्थित एक चर्च हॉल पर धर्मांतरण की आशंका में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंगदल के कार्यकर्ता शनिवार सुबह पहुंचे। यहां पर काफी देर तक हंगामा हुआ। बाद में सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। इस बारे में एक परिवाद सरदारपुरा थाने में दिया है। इस बारे में अब पुलिस की तरफ से जांच की जा रही है। सुबह दस बजे विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल को सूचना मिली कि रेजीडेंसी रोड स्थित सेंट एंड्रूज हॉल में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। चर्च के लोगों द्वारा गरीब असहायों को हारी बीमारी के नाम पर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। एकबारगी काफी हंगामा हुआ। बाद में पुलिस भी सूचना पर पहुंच गई। बताया गया कि 250-300 लोगों को वहां इकट्ठा थे। उन्हें रोगों को मुक्त करने, अन्य धर्म की बुराई करने आदि के साथ अपने धर्म का प्रचार किया जा रहा था। विहिप विधानमंत्री राजेश दवे, प्रांत प्रमुख अनिल कुमार सहित काफी कार्यकर्ता एकत्र हो गए। सरदारपुरा थानाधिकारी सोमकरण ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलने पर वहां पहुंची थी। वहां से लोगबाग जा चुके थे। अब इन लोगों ने परिवाद दिया है और धर्मांतरण का अंदेशा जताया है। परिवाद को जांच में रखा गया है।

## सीमावर्ती इलाके में लगाए खालिस्तान के झंडे, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**सिरसा।** सिरसा के डबवाली स्थित आदर्श रेलवे स्टेशन मंडी डबवाली से बठिंडा की ओर जाने वाले ट्रैक पर स्थित पंजाब क्षेत्र के गांव पथराला के पास किसी अज्ञात लोगों द्वारा खालिस्तान का झंडा लगाने का मामला सामने आया है। इसके साथ ही रेलवे ट्रैक उखाड़ने के भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। मिली जानकारी अनुसार रेलवे ट्रैक पर 31/4 संख्या पटिका के समीप खालिस्तान का झंडा लगा हुआ मिला है। फिलहाल बठिंडा जीआरपी कार्रवाई कर रही है। इससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



हालांकि अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। पंजाब के क्षेत्र की घटना है, इसलिए पुलिस और प्रशासन इस पर नजर जमाए हुए है। यहां पर ऐसी कोई एक्टिविटी नहीं है। खालिस्तान का झंडा रेलवे ट्रैक के समीप लगाने की सूचना मिली है। बठिंडा जीआरपी कार्रवाई कर रही हैं।

## संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 20 मार्च को दिल्ली कूच की तैयारी



**यमुनानगर ( हिंस )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के संगठन में शनिवार को जिला यमुनानगर के गांव तेजली के सैकड़ों युवाओं ने साथ जुड़कर यूनियन को मजबूत करने का बीड़ा उठाया और किसान व मजदूर की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान 20 मार्च को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर दिल्ली कूच को लेकर न्यौता देने आज गांव तेजली पहुंचे। जहां कार्यक्रम में किसान नेता राजीव तेजली को जगाधरी ब्लॉक का अध्यक्ष, बिट्टु सांगवान को जिला महासचिव, जितेंद्र सांगवान को युवा अध्यक्ष, दीपक तेजली युवा सचिव, सचिन सांगवान युवा उपाध्यक्ष, प्रवीण कुमार युवा जिला सचिव बनाये गए। प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने सभी पदाधिकारियों को पटका डालकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आंदोलन के समय सरकार द्वारा किए गए संयुक्त किसान मोर्चा के साथ हुए फैसले, आज तक भी लागू नहीं किया गया है। इसके लिए एक बड़े आंदोलन की तैयारी करें और देश में किसान और मजदूर के अधिकारों की रक्षा के लिए 20 मार्च को दिल्ली रामलीला मैदान में पहुंचे। भाकियू जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने कहा कि किसानों के आंदोलन में गांव तेजली की हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका रही है और यह हमारे लिए आज एक मजबूत अवसर है कि हम सब एक झंडे के नीचे टिकैत की नीतियों को लेकर किसानों के लिए संघर्ष करेंगे।

## सांसद दीया और विधायक सिंघवी बोले, किसानों को मुआवजा दे राज्य सरकार

**उदयपुर/राजसमंद ( हिंस )।** बेमौसम बारिश ने किसानों की फसलों को चौपट कर दिया है। कई किसानों की फसल पूरी बर्बाद हो गई है। वे त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। राजसमंद की सांसद दीया कुमारी और छबड़ा विधायक प्रताप सिंह सिंघवी ने राज्य सरकार से किसानों को मुआवजा देने की आवाज उठाई है। सांसद दीया कुमारी ने कहा कि हाल ही में हुई बेमौसम बारिश से फसलों को काफी नुकसान हुआ है, धरती पुत्रों की मेहनत पर प्राकृतिक आपदा से वज्रपात हुआ है। ऐसे में किसान बहुत दुखी है। उन्होंने कहा की लोकसभा क्षेत्र की अन्य विधानसभाओं राजसमंद, कुंभलगढ़, भीम, नाथद्वारा, ब्यावर और जैतारण में भी बारिश से हुए नुकसान की जानकारी एकत्र करवाई जा रही है। सांसद दीया कुमारी ने मेड़ता और डेगाना विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान उपस्थित अधिकारियों को तुरंत गिरदावरी कर सही रिपोर्ट सरकार को भेजने के लिए निर्देशित किया है। इधर, छबड़ा विधायक व पूर्व मंत्री प्रताप सिंह सिंघवी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर छबड़ा - छीपाबड़ौद विधानसभा क्षेत्र में रबी की फसलों में हुए नुकसान का सर्वे करवाकर मुआवजा दिलवाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दिनांक 17 मार्च शुक्रवार की रात्रि को तहसील छबड़ा की ग्राम पंचायत गोड़ियामेहर, तीतरखेड़ी, कड़ैयाहाट, बापचा, भूलोन, फलिया और तहसील छीपाबड़ौद की ग्राम पंचायत ढोलम, अजनावर, राई, बिलेड़ी, कुम्भाखेड़ी, हरनावदाशाहजी इत्यादी ग्राम पंचायतों में बेमौसम हुई भारी बारिश, तेज आंधी, ओलावृष्टि के कारण धनियां, चना, अफीम, गेंहु, सरसों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई। सिंघवी ने कहा कि इसी माह 4 व 5 मार्च को भी भारी बारिश के कारण किसानों की फसलों में काफी नुकसान हुआ था, किसान अभी उस नुकसान से उबरा भी नहीं कि 17 मार्च को हुई बरसात व ओलावृष्टि ने पूरी फसलों को ही नष्ट कर दिया। फसलें नष्ट होने से किसानों के सामने जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया। गरीब किसानों ने महंगाई के दौर में कर्जा लेकर व महंगी दरों पर खाद बीज खरीद कर दिन-रात कड़ी मेहनत कर फसल तैयार की थी, लेकिन बेमौसम की मार के कारण किसानों की पूरी मेहनत पर पानी फिर गया।

## राजस्थान के नौ जिलों में मिले 24 नए कोरोना पॉजिटिव

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान में अब कोरोना के नए संक्रमित लगातार बढ़ रहे हैं। प्रदेश में शनिवार को नौ जिलों में 24 नए पॉजिटिव सामने आए। प्रदेश में शनिवार को 15 संक्रमितों के रिकवर होने के बाद सक्रिय मामले बढ़कर 100 रह गए। चिकित्सा विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में शनिवार को 2424 सैम्पल्स की जांच के दौरान भीलवाड़ा में सर्वाधिक सात नए संक्रमित सामने आए। इसके बाद उदयपुर में पांच, जोधपुर में तीन, जयपुर, बीकानेर व अलवर में दो-दो तथा अजमेर, हनुमानगढ़ व कोटा में एक-एक नया संक्रमित मिला। लगातार बढ़ रहे नए संक्रमितों ने अब चिकित्सा विभाग के साथ प्रशासनिक मशीनरी को चिंतित कर दिया है।


**NOTICE**

Pursuant to the advertisement dated 24.02.2023, the undersigned has been pleased to publish the **Accepted List** of candidates and a **Rejected List** of candidates along with their reason for rejection, in connection with direct recruitment to the post of **Driver (Contractual)** under the establishment of the District & Sessions Judge, SivaSagar.

1. **The List of Accepted candidates** who have applied for the post of "Driver (Contractual)" for the establishment of the District & Sessions Judge, Sivasagar has been uploaded in the official website of Sivasagar District Judiciary as **Annexure-I**.
2. **The List of Rejected candidates** who have applied for the post of "Driver (Contractual)" for the establishment of the District & Sessions Judge, Sivasagar has been uploaded in the official website of Sivasagar District Judiciary as **Annexure-II**.
3. The **date of Driving /Skill Test** and the **date of Viva-Voce/ Interview** for the aforementioned post will be notified later. Candidates are requested to visit the official website (www.sivasagarjudiciary.gov.in) of the Sivasagar District Judiciary frequently in this regard.
4. The Candidates are directed to visit the official website of Sivasagar District Judiciary for viewing the Accepted and Rejected list of candidates.
5. No further communication will be made in this regard.

Inform all concerned accordingly.

Sd/-
District & Sessions Judge,
Sivasagar.

-- Janasanyog /D/23716/ 22



**No. MCH/HMS/2023/291/36**

**NOTICE INVITING FOR e-TENDER**

Sealed e-Tenders are invited from the intending and experienced agencies for selection of suitable Agency (s) for providing Cleaning & Sanitation Services to Guwahati Medical College Hospital (s) under HMS, Assam Guwahati-32 on outsourcing basis.

The e-tenders must be uploaded in two parts (i) Technical bid (ii) Financial bid separately. And also submit the hard copy of the technical bid in the drop box. No need to submit hard copy of the Financial bid in the drop box.

The Technical Bid to be submitted with affixing Court Fee Stamp Rs.8.25 (Rupees Eight Twenty Five Paise) only (for local bidders) or IPO of Rs. 10/- (Rupees Ten) only (in case of bidders from outside of the State of Assam) in favour of the **"Member Secretary, Hospital Management Society, Gauhati Medical College Hospital, Guwahati-781032".**

**important details of the E-Tender:**

I. Date of publication & download: 18/03/2023 (05:00 pm onwards).
II. Date of Pre Bid meeting: 21/03/2023 at 03:00 PM.
III. Bid Submission Start Date: 27/03/2023 at 11:00 AM.
IV. Bid submission End Date: 10/04/2023 at 02:00 P.M.
V. Bid Opening: 10/04/2023 at 03:00 P.M.
VI. Tender Fees: Rs. 5,000/- (Rupees Five Thousand Only) (Through online mode only)
VII. EMD : Rs. 10,00,000/- (Rupees Ten Lakhs Only) (Through online mode only)

All other relevant information and the detailed Bid Documents are available on website www.assamtenders.gov.in.

The Superintendent cum Member Secretary, GMCH reserves the right to reject all or any tender without assigning any reason and is not bound to accept the lowest rate.

Superintendent cum Member Secretary,
HMS, Gauhati Medical College Hospital,
Guwahati-32

-- Janasanyog /C/23227/22



# इरेडा को आईपीओ लाने की कैबिनेट से मिली मंजूरी, सरकार बेचेगी अपनी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।**

रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर की कंपनियों को वित्त सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्थापित सरकारी कंपनी भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी को एक बार फिर प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आइपीओ) लाने की मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस बारे में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। रिन्यूएबल एनर्जी और एनर्जी एफिशिएंसी प्रोजेक्ट्स को फाइनेंस करने वाली इस कंपनी में सरकारी की हिस्सेदारी है। केंद्र ने शुक्रवार को सरकार की हिस्सेदारी की आंशिक बिक्री और धन जुटाने के लिए नए इक्विटी शेयरों द्वारा आईपीओ के माध्यम से स्टॉक एक्सचेंजों पर इरेडा को सूचीबद्ध करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) लिस्टिंग प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगा। रिपोर्ट के अनुसार इरेडा आगामी वित्तीय वर्ष (2023-24) में कैपिटल मार्केट में उतरेगा। इरेडा को इससे पहले वर्ष 2017 में भी आईपीओ लाने की इजाजत दी गई थी। सरकार की तरफ से बताया गया है कि मार्च, 2022 में इरेडा में 1500 करोड़ रुपये के निवेश का फैसला किया गया था। इससे कंपनी के पूंजी ढांचे में बदलाव आया है जिसकी वजह से इसके लिए आईपीओ लाना जरूरी हो गया है। सरकार का यह निर्णय जून 2017 में भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (आईआरईडीए) को आईपीओ के माध्यम से बुक-बिल्डिंग के आधार पर जनता के लिए 10 रुपये के 13.90 करोड़ नए इक्विटी शेयर जारी करने की अनुमति देने के सीसीईए के पहले के फैसले का स्थान लेगा। बुक बिल्डिंग वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक वित्तीय संस्थान उस मूल्य का निर्धारण करता है जिस पर प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) में शेयरों को बेचा जाना चाहिए। आईपीओ सरकार के निवेश की वैल्यू को अनलॉक करने में मदद करेगा और जनता को नेशनल असेट्स में हिस्सेदारी हासिल करने और इससे कमाई करने का अवसर देगा। इसके अलावा, यह इरेडा को सरकारी खजाने पर निर्भर हुए बिना विकास योजनाओं को पूरा करने के लिए अपनी पूंजी की आवश्यकता का एक हिस्सा बढ़ाने में मदद करेगा। बता दें कि इरेडा वर्तमान में भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाली मिनी- कैटेगिरी की कंपनी है, जिसे 1987 में स्थापित किया गया था और यह भारत में रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) और एनर्जी एफिशिएंसी (ईई) प्रोजेक्ट्स के लिए फाइनेंस का काम करती है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### विदेशी मुद्रा भंडार में 2.397 अरब डॉलर की कमी, तीन महीने से अधिक समय के निचले स्तर पर पहुंचा

**मुंबई/नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 मार्च को समाप्त सप्ताह में 2.397 अरब डॉलर घटकर 560



अरब डॉलर रह गया।यह विदेशी मुद्रा भंडार का दिसंबर, 2022 के शुरुआती सप्ताह के बाद तीन महीने से अधिक समय का निचला स्तर है। इससे पहले लगातार पांच सप्ताह तक गिरावट के बाद तीन मार्च वाले सप्ताह में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी दर्ज की गईथी।इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में 1.46 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गईथी। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी मुद्रा भंडार में महत्वपूर्णयोगदान देने वाली विदेशी मुद्रा संपत्ति (एफसीए) 10 मार्च वाले सप्ताह में करीब 2.2 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 494.86 अरब डॉलर रह गई। आंकड़ों के मुताबिक, इस अवधि में देश के स्वर्ण भंडार और एसडीआर में भी गिरावट रही।सोने का भंडार 11 करोड़ डॉलर की कमी के साथ41.92 अरब डॉलर रह गया।वहीं, एसडीआर 5.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.12 अरब डॉलर रह गया। देश में विशेष स्टील के मूल्यवर्धित उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार दोबारा उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को लाने पर विचार कर रही है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को बताया, पीएलआई का पहला चरण जारी है। इसकी अभी शुरुआत है। सिंधिया ने कहा, हमारे मंत्रालय ने पहले ही पीएलआई के दूसरे चरण की तैयारी शुरू कर दी है।

### इस हफ्ते सोने-चांदी में शानदार तेजी: 58 हजार के पार निकला सोना, चांदी भी 67 हजार के करीब पहुंची



**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में शानदार तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सर्राफा बाजार में इस हफ्ते की शुरुआत, यानी 13 मार्च को सोना 56,748 रुपए पर था जो अब 18 मार्च को 58,220 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,472 रुपए बढ़ी है। अनिश्चितता वाले महौल में दुनियाभर के निवेशक सुरक्षित निवेश के लिए सोने का रुख कर रहे हैं। इसके चलते एमसीएक्स (वायदा बाजार) पर शुक्रवार को सोना पहली बार 59,420 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंचा। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, सोने में 2020 से शुरू सुपर साइकिल अब भी जारी है। इस साल सोना 62,000 तक पहुंचने का अनुमान था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में ये 64,000 तक पहुंच सकता है। सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट अनुज गुप्ता कहते हैं कि शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के कारण सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 65 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। बीते हफ्ते की बढ़त के बाद सर्राफा बाजार में सोना अपने ऑलटाइम हाई के करीब पहुंच गया है। पिछले महीने 2 फरवरी को सोना ऑल टाइम हाई पर था। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, तब सोना 58 हजार 882 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। इस हफ्ते चांदी में 3 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। इस हफ्ते की शुरुआत में ये 63,430 रुपए पर थी जो अब 66,773 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 3,343 रुपए बढ़ी है।

### टाटा ग्रुप नहीं खरीदेगी बिसलेरी: डील को लेकर टाटा कंज्यूमर ने बातचीत बंद की, भारत की सबसे बड़ी पैकेज्ड वाटर कंपनी है बिसलेरी

**नई दिल्ली।** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने बोतलबंद पानी बेचने वाली कंपनी बिसलेरी को खरीदने के लिए



बातचीत को बंद कर दिया है। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। एक रिपोर्ट पब्लिश की थी जिसमें कहा गया था कि बिसलेरी की टाटा ग्रुप के साथ डील पर बातचीत चल रही है। 32प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ बिसलेरी 20,000 करोड़ रुपए के पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर सेगमेंट में लीडर है। बीते दिनों ब्लूमबर्ग ने भी इस डील को लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि वैल्यूएशन को लेकर टाटा कंज्यूमर और बिसलेरी के बीच डील पर बातचीत रुक गई है।

### अडाणी ग्रुप की अब 2 कंपनियों पर बीएसई-एनएसई का एक्शन

# ग्रीन एनर्जी और एनडीटीवी को लॉन्ग टर्म एएसएम फ्रेमवर्क के पहले स्टेज में डाला

**नई दिल्ली।**

अडाणी ग्रुप की अब दो कंपनियों को स्टॉक एक्सचेंजों बीएसई और एनएसई ने लॉन्ग टर्म एडिशनल सर्विलांस मेजर्स फ्रेमवर्क के पहले स्टेज में डाल दिया है। स्टॉक एक्सचेंजों के मुताबिक, सोमवार (18 मार्च) से अडाणी ग्रीन एनर्जी और एनडीटीवी लॉन्ग टर्म एएसएम फ्रेमवर्क के पहले स्टेज में चले जाएंगे। अभी ये दोनों स्टॉक्स लॉन्ग टर्म एएसएम फ्रेमवर्क के दूसरे स्टेज में थे। बीएसई और एनएसई ने सर्कुलर में कहा है कि 20 मार्च से अडाणी ग्रीन एनर्जी और एनडीटीवी को लॉन्ग टर्म एएसएम फ्रेमवर्क स्टेज से स्टेज में डाल दिया जाएगा। वहीं पिछले हफ्ते अडाणी ग्रीन एनर्जी और एनडीटीवी को स्टेज में डाला गया था। एएसएम फ्रेमवर्क के तहत शेयरों को शॉर्टलिस्ट करने के पैरामीटर्स में हाई-लो वेरिएशन, क्लाइंट कंसनट्रेशन, प्राइस बैंड हिट्स की संख्या, क्लोज टू क्लोज प्राइस वेरिएशन और रेश्यो शामिल हैं। बीएसई और एनएसई ने कहा कि अडाणी ग्रीन एनर्जी और एनडीटीवी ने लॉन्ग टर्म एडिशनल सर्विलांस मेजर्स के तहत शामिल किए जाने वाले मानदंडों को पूरा किया है। एक्सचेंज ने कहा, 22 मार्च 2023 से 21 मार्च 2023 तक सभी ओपन पोजीशंस पर मार्जिन की दर 100प्रतिशत लागू होगी। नई पोजीशंस 22 मार्च 2023 से बनाई जाएंगी। साथ ही 20 मार्च 2023 से लोअर प्राइस बैंड लागू होगा।




**क्या होता है शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म एएसएम फ्रेमवर्क** - शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म एएसएम एक तरह की निगरानी होती है। जिसमें मार्केट के रेगुलेटर सेबी और मार्केट एक्सचेंज बीएसई-एनएसई एडिशनल सर्विलांस में डाले गए स्टॉक्स पर नजर रखते हैं। इसका मकसद निवेशकों के हितों की रक्षा करना होता है। जब किसी शेयर में मैनिपुलेशन या ज्यादा ट्रेडिंग होने से कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव दिखता है, तो उन शेयरों को एएसएम में डाल दिया जाता है। एक दिन पहले ग्रुप की 3 कंपनियों को एनएसई ने एएसएम फ्रेमवर्क से किया बाहर एक दिन पहले एनएसई ने अडाणी ग्रुप की 3 कंपनियों को 17 मार्च से शॉर्ट-टर्म एएसएम फ्रेमवर्क से बाहर किया। एनएसई ने 8 मार्च को अडाणी एंटरप्राइजेज, पावर और विल्मर को शॉर्ट-टर्म एएसएम फ्रेमवर्क में रखा था। लगातार जबरदस्त तेजी आने के चलते एनएसई ने तीनों शेयरों पर नजर रखने के लिए उन्हें एएसएम फ्रेमवर्क में रखा था। तब अडाणी एंटरप्राइजेज को दूसरी बार एएसएम फ्रेमवर्क में रखा गया था।

शुक्रवार को अडाणी ग्रीन एनर्जी 5.00प्रतिशत बढ़कर 816 रुपए पर बंद हुआ शेयर बाजार के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार (17 मार्च) को अडाणी ग्रीन एनर्जी 5.00प्रतिशत बढ़कर 816 रुपए पर बंद हुआ। एनडीटीवी 1.08प्रतिशत गिरकर 206 रुपए पर आ गया है। वहीं ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर करीब 1.64प्रतिशत चढ़कर 1,874 रुपए पर बंद हुआ। वहीं अडाणी विल्मर 1.63प्रतिशत बढ़कर 427 रुपए और अडाणी पावर 0.55प्रतिशत की तेजी के साथ 199 रुपए पर बंद हुआ। फरवरी में भी अडाणी एंटरप्राइजेज को एएसएम में डाला गया था हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद एनएसई ने पिछले महीने 6 फरवरी को अडाणी ग्रुप के स्टॉक्स में हाई वोलैटिलिटी के चलते पहली बार अडाणी एंटरप्राइजेज को अंबुजा सीमेंट्स और अडाणी पोर्ट्स के साथ शॉर्ट टर्म एएसएम में डाल था। करीब एक महीने बाद 8 मार्च को एनएसई ने अडाणी एंटरप्राइजेज शॉर्ट-टर्म एएसएम फ्रेमवर्क से बाहर निकाल दिया था। हालांकि, एनएसई ने अडाणी एंटरप्राइजेज से पहले ही अंबुजा सीमेंट्स और अडाणी पोर्ट्स को इस फ्रेमवर्क से बाहर कर दिया था। 24 जनवरी को अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद से अडाणी ग्रुप के शेयरों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल था। हिंडनबर्ग ने अडाणी ग्रुप की कंपनियों पर स्टॉक मैनिपुलेशन और अकाउंटिंग फ्रॉड का आरोप लगाया था। हालांकि, अडाणी ग्रुप ने हिंडनबर्ग के सभी आरोपों को गलत बताया है।

### फोनपे को वॉलमार्ट से 20 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त फंड मिला

**नई दिल्ली** । वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच फोनपे ने कहा कि उसने 12 अरब डॉलर के निवेश या वित्तपोषण से पहले के मूल्यांकन पर वॉलमार्ट से अतिरिक्त 20 करोड़ डॉलर (लगभग 1,649 करोड़ रुपए) की प्राथमिक पूंजी जुटाई है। पिछले वर्ष अपना मुख्यालय भारत स्थानांतरित करने के बाद से फोनपे एक अरब डॉलर तक की पूंजी जुटाने की कवायद कर रही है। यह नया वित्तपोषण भी उसी का हिस्सा है। फोनपे ने कहा कि इस वित्तपोषण के साथ कंपनी विभिन्न वैश्विक निवेशकों से 65 करोड़ डॉलर (लगभग 5,360 करोड़ रुपए) जुटा चुकी है। निवेश या वित्तपोषण से पहले का 12 अरब डॉलर का मूल्यांकन वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फोनपे को देश की सबसे मूल्यवान वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनी बनाता है। बयान में कहा गया कि कंपनी को और निवेश मिलने की उम्मीद है जिनके बारे में घोषणा आने वाले समय में की जाएगी।

### एयरपोर्ट पर अब लंबी कतारों से मिलेगी राहत

# इमिग्रेशन काउंटरों पर वेटिंग पीरियड में कटौती करेगी सरकार



**नई दिल्ली।**

भारत में फ्लाइट्स से ट्रेवल करने वाले यात्रियों को जल्द ही एयरपोर्ट्स पर इमिग्रेशन की लंबी लाइनों से राहत मिल सकती है। अभी दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट्स पर यात्रियों को इमिग्रेशन की लंबी लाइनों की समस्या का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ रहा है। यूनियन होम मिनिस्ट्री ने गुरुवार को इस मुद्दे पर एक बैठक की। क्योंकि इंटरनेशनल ट्रैवल करने वाले पैसेंजर्स सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट शेयर कर इमिग्रेशन में आने वाली समस्याओं की शिकायत कर रहे हैं। यात्रियों के अकाउंट्स के अनुसार, इमिग्रेशन प्रोसेस में ज्यादा समय मानव रहित काउंटरों के कारण लगता है। पिछले साल के आखिरी में एयरपोर्ट के सूत्रों ने कहा था कि भारत ने तब यहां आने वाले विदेशियों के बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट) लेना शुरू किया था, लेकिन तब इमिग्रेशन सॉफ्टवेयर को अपडेट किया जाना बाकी था।

**इमिग्रेशन काउंटरों पर लंबी कतारें देखी जा रही** - पिछले साल के अंत से दूसरे सबसे व्यस्त इंडियन एयरपोर्ट, मुंबई में इमिग्रेशन काउंटरों पर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। वहीं देश के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट, दिल्ली के हाल ही में यह समस्या देखने को मिली है।

**जल्द से जल्द हल होगें इमिग्रेशन के मुद्दे** - ट्रैवल इंडस्ट्री के इंटरनल सोर्स इस गर्मी में इंटरनेशनल ट्रैवल में ग्रोथ की उम्मीद कर रहे हैं। वे आशा करते हैं कि होम मिनिस्ट्री के हस्तक्षेप के बाद प्रभावित एयरपोर्ट्स पर इमिग्रेशन के मुद्दे जल्द से जल्द हल हो जाएंगे। इमिग्रेशन और सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स एयरपोर्ट्स पर 2 प्रमुख एजेंसियो के अधीन हैं। केंद्रीय गृह सचिव एके भल्ला ने गुरुवार को दिल्ली एयरपोर्ट्स पर इमिग्रेशन से संबंधित मुद्दों की समीक्षा की। जिसमें मुख्य रूप से टर्मिनल 3 पर ज्यादा फोकस किया गया, जहां इमिग्रेशन में आइडियल वेटिंग टाइम से ज्यादा समय लग रहा है। बैठक में सभी स्टेकहोल्डर्स ने हिस्सा लिया, जिसमें दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड , ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी और सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स के अधिकारी भी शामिल थे।

## ट्विटर के बाद फेसबुक-इंस्टा ने शुरू की पेड सर्विस: ब्लू टिक के लिए मोबाइल यूजर को हर महीने 1,237 और वेब पर 989 देना होंगे

**नई दिल्ली।**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर के बाद मेटा ने भी इंस्टाग्राम और फेसबुक पर ब्लू टिक सर्विस शुरू कर दी है। इससे कोई भी इंस्टाग्राम और फेसबुक यूजर अब अपनी प्रोफाइल पर ब्लू टिक लगवा सकता है, इसके लिए उसे कुछ फीस चार्ज के रूप में पे करना होगा। वेब पर साइनअप करने वाले यूजर को सिर्फ फेसबुक पर ब्लू टिक मिलेगा, जबकि मोबाइल ऐप यूजर को फेसबुक और इंस्टाग्राम दोनों के लिए ब्लू टिक मिलेगा। ये ब्लू टिक एक वेरिफिकेशन बैज है जो इंडिकेट करता है कि अकाउंट ऑथेंटिक है और किसी पब्लिक फिगर, सेलिब्रिटी या ब्रांड से संबंधित है। कंपनी फिलहाल ये सर्विस अमेरिका में शुरू की है, जल्द ही ये सर्विस दूसरे देशों में भी शूरू की जाएगी। यूजर वेब पर साइन अप करते हैं तो इस सर्विस के लिए कीमत 11.99 डॉलर प्रतिमाह ( 989 रुपए) है और या मोबाइल ऐप से साइनअप करने पर 14.99 डॉलर प्रतिमाह (1237 रुपए) देना होगा है। मैक्रोइकोनॉमिक डाउनटर्न, कॉम्पिटिशन और कम विज्ञापन के कारण रेवेन्यू में गिरावट आई है। जुकरबर्ग ने





मेटावर्स के लिए बड़ा इन्वेस्टमेंट किया है। वो इसकी भरपाई करना चाहते हैं। ब्लू टिक की सर्विस सबसे पहले ट्विटर ने शुरू की थी, जो सिर्फ पॉपुलर लोगों के लिए रिजर्व्ड थी। इंस्टाग्राम ने पहले मीडिया ऑर्गेनाइजेशन में काम करने वाले लोगों, इन्फ्लूएंसर्स, सेलेब्रिटीज और पॉलिटिशियंस को उनके नाम के आगे ब्लू टिक लगाने की अनुमति दी थी। अब इसे कोई भी यूजर खरीद सकता है। इंस्टाग्राम पर ब्लू टिक खरीदने के लिए, यूजर की उम्र 18 साल होनी चाहिए, उसे अपना फोटो सबमिट करना होगा और एक वेरिफिकेशन प्रोसेस से गुजरना होगा।

## ग्लोबल बैंकिंग संकट के बीच आरबीआई गवर्नर की चेतावनी: बैलेंसशीट के संतुलन पर ध्यान दें भारतीय बैंक, इसकी वजह से अमेरिका में संकट आया

**नई दिल्ली।**

दुनियाभर के बैकों में चल रहे संकट को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांता दास ने शुक्रवार को बड़ा बयान दिया है। दास ने भारतीय बैंकिंग सेक्टर को चेतावनी देते हुए कहा कि, वे अपनी बैलेंसशीट के संतुलन पर ध्यान दें, ताकि एसेट-लायबिलिटी का संतुलन न गड़बड़ाए। एक सार्वजनिक समारोह में आरबीआई गवर्नर ने कहा कि, बैलेंसशीट के असंतुलन की वजह से ही अमेरिका के बैंकिंग सेक्टर में संकट आया है। बता दें कि अमेरिका में बैंकिंग सेक्टर क्राइसिस थमने का नाम नहीं ले रहा है। सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के बाद अब फर्स्ट रिपब्लिक बैंक पर भी बंद होने का खतरा मंडराने लगा है। हालांकि, फर्स्ट रिपब्लिक बैंक को डूबने से



बचाने के लिए अमेरिका के 11 बैंक आगे आए हैं। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांता दास प्राइवेट डिजिटल करेंसीज के मुखर आलोचक रहे हैं। उन्होंने कहा कि, अमेरिका के बैंकिंग सेक्टर में आया संकट ये दिखाता है कि प्राइवेट क्रिप्टोकरेंसी, इकोनॉमी के लिए कितना बड़ा खतरा पैदा कर देती हैं। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि, घरेलू फाइनेंशियल सेक्टर स्थिर है और महंगाई का सबसे बुरा दौर बीत चुका है। ने कहा, हमें डरने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि बाहरी देशों से लिया गया कर्ज मैनेजेबल है और इस वजह से डॉलर में आई मजबूती से हमारे लिए कोई खतरा नहीं है। आरबीआई गवर्नर दास का भारत की जी20 अध्यक्षता पर फोकस रहा। उन्होंने कहा कि, दुनिया की इन 20 सबसे बड़ी इकोनॉमीज को साथ मिलकर उन देशों की मदद करनी चाहिए, जिन पर स्‍ डॉलर में आई मजबूती का बुरा असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि, क्लाइमेट चेंज फाइनेंसिंग के लिए भी हमें साथ आकर, सबसे ज्यादा प्रभावित देशों की युद्धस्तर पर मदद करनी चाहिए।

अमेरिका के दो बड़े बैंकों के दिवालिया होने का असर भारतीय बैंकों पर नहीं होगा। अमेरिकी इन्वेस्टमेंट कंपनी जेफरीज और फाइनेंशियल सर्विसेस फर्म मैक्केरी ने ऐसा भरोसा जताया है। इनका कहना है कि स्थानीय डिपॉजिट पर निर्भरता, सरकारी बॉन्ड में निवेश और पर्याप्त नकदी के चलते भारतीय बैंक मजबूत स्थिति में हैं। कुछ महीनों से भारतीय बैंक विदेशी बैंकों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# अगर किसी से गलती हुई है तो बख्शा नहीं जाना चाहिए, अदाणी-हिंडनबर्ग प्रकरण पर बोले गृहमंत्री

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की विपक्ष की मांग पर शुक्रवार को अपनी चुप्पी तोड़ी। एक कार्यक्रम में बोलते हुए शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही मामले का संज्ञान लिया है और एक जांच समिति का गठन किया है।

### अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग ने लगाए थे गड़बड़ी के आरोप

अमेरिका स्थित शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले समूह के खिलाफ धोखाधड़ी लेनदेन और शेयर मूल्य में हेरफेर सहित कई आरोप लगाए जाने के बाद अदाणी समूह के शेयरों में गिरावट आई थी, हालांकि समूह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को झूठा बताते हुए खारिज कर दिया था। इस मामले में अदाणी समूह ने कहा है कि वह सभी कानूनों और नियामकीय जरूरतों का पालन करता है।

### शाह बोले- अगर किसी के पास सबूत है तो न्यायालय के सामने पेश किया जाना चाहिए



केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमारी सरकार को इस मामले में कोई भ्रम नहीं है। हमारा कहना है कि उच्चतम न्यायालय ने इसकी जांच के लिए एक समिति गठित की है और लोगों को न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा करना चाहिए। शाह ने कहा कि अगर किसी के पास सबूत है तो उसे उच्चतम न्यायालय की समिति के समक्ष पेश करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि अगर कुछ गलत हुआ है तो किसी को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए और सभी को न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने कहा, फिर भी, अगर आपको लगता है कि रिपोर्ट सही नहीं है, तो किसी को इस मामले को उठाना चाहिए या इसका विरोध करना चाहिए। सेबी और उच्चतम न्यायालय दोनों समानांतर जांच करेंगे और सेबी पहले ही उच्चतम न्यायालय को बता चुका है कि वह मामले की जांच कर रहा है। शाह ने कहा कि अगर विपक्ष बातचीत के लिए आता है तो संसद में मौजूदा गतिरोध को दूर किया जा सकता है और अगर विपक्ष दो कदम आगे बढ़ता है तो सरकार भी दो कदम आगे बढ़ेगी।

### शाह ने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा, सिर्फ संवाददाता सम्मेलन करने से कुछ नहीं होगा

शाह ने यह भी कहा कि कुछ मुद्दे राजनीति से ऊपर हैं और यहां तक कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी विदेशी जमीन पर घरेलू राजनीति पर चर्चा करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों को अध्यक्ष के समक्ष बैठने दीजिए और चर्चा करने दीजिए। उन्हें दो कदम आगे आना चाहिए और हम दो कदम आगे बढ़ेंगे। इसके बाद संसद चलनी शुरू हो जाएगी। लेकिन आप सिर्फ संवाददाता सम्मेलन करें और कुछ न करें, यह ऐसे नहीं हो सकता।

### संसदीय प्रणाली में पक्ष और विपक्ष के बीच संवाद जरूरी

गृह मंत्री ने कहा कि संसदीय प्रणाली केवल सत्ता पक्ष या केवल विपक्ष से नहीं चल सकती क्योंकि दोनों को एक दूसरे से बात करनी होती है। शाह ने कहा कि भाजपा नीत राजग 2024 में फिर से सरकार बनाएगा और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। शाह ने यह भी कहा कि जब से मोदी सरकार सत्ता में आई है, तीन हॉटस्पॉट - जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल से संबंधित मुद्दों को बहुत हद तक हल कर लिया गया है।

### सर्जिकल स्ट्राइक के बाद से किसी विदेशी ताकत ने आंतरिक मामलों में नहीं किया हस्तक्षेप

गृह मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के अंदर आतंकवादियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक के बाद किसी भी विदेशी ताकत ने देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की हिम्मत नहीं की। यह पूछे जाने पर कि 2024 के आम चुनावों में राजग को कितनी सीटें मिलेंगी मंत्री ने कहा कि यह 2019 से अधिक होगा। 2019 के आम चुनावों में भाजपा को 303 सीटें मिलीं थी और एनडीए ने कुल 543 लोकसभा क्षेत्रों में से 350 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की थी।

# जेल में बंद ठगी के आरोपी सुकेश पर फिल्म बनाएंगे आनंद कुमार

## डायरेक्टर बोले- सुकेश अगर नहीं बताएगा तो ठगे गए लोगों से लेंगे जानकारी




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड में कई लोगों की असल जिंदगी की कुछ झलक दिखाने के लिए फिल्में और वेब सीरीज बनी हैं। संजू से लेकर स्कैम 1992 तक ऐसी कई कहानियां मौजूद हैं। अब फिल्ममेकर आनंद कुमार 200 करोड़ की ठगी के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर पर फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं। इसके लिए उन्होंने तिहाड़ जेल के एसपी दीपक शर्मा से मुलाकात भी की और इस केस से जुड़ी कुछ जानकारी लेने की कोशिश की, जिससे फिल्म की कहानी पूरी हो सके। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आनंद कुमार ने कहा कि प्रोजेक्ट अभी शुरूआती स्टेज पर है। जिस तरह की रिसर्च होगी, उसके अनुसार यह तय होगा कि सुकेश चंद्रशेखर की कहानी को फिल्म के तौर पर दिखाना है या वेब सीरीज के तौर पर। आनंद कुमार ने कहा कि उनके राइटर्स अगले महीने दिल्ली में होंगे और इन्वेस्टिगेटिंग टीम के साथ केस से जुड़ी जानकारी लेंगे। जिला गाजियाबाद के डायरेक्टर आनंद कुमार ने कहा कि चाहे फिल्म बने या वेब सीरीज, वह इसे बायोपिक का नाम नहीं दे सकते। इसकी वजह बताते हुए उन्होंने कहा कि बायोपिक महान लोगों की बनती है। वह कॉनमैन है, मुझे उसे अमर नहीं करना। उन्होंने आगे कि सुकेश को 10-12 भाषाओं की जानकारी है। लोगों को ठगने की उसकी कला भी अनोखी है। मैं इस बात को दिखाना चाहता हूं कि वह कैसे इसकी प्लानिंग करता था और लोगों को ठगता था। मैं दिखाना चाहता हूं कि वह ऐसी ठगी के लिए लगभग एक साल पहले प्लानिंग करता था। भारतीय सिनेमा में ऐसी शख्सियतों को पहले कभी नहीं देखा गया। आनंद कुमार ने कहा कि वह इसके लिए पिछले छह महीने से रिसर्च कर रहे हैं। उन्होंने अभी तक सुकेश से मुलाकात नहीं की है, लेकिन अगर वह नहीं बताएगा तो सिक्के का दूसरा पहलू भी है मेरे पास। मैं उन लोगों से बात कर सकता हूं, जिनसे इसने ठगी की है।

# बेटे वायु को पढ़ाती नजर आईं सोनम कपूर

## -सोशल मीडिया पर शेयर कीं सुंदर-सुंदर तस्वीरें




**(मुंबई)** बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर इन दिनों अपने बेटे के साथ समय बीता रही हैं। फिल्मों से भी अभी फिलहाल के लिए सोनम ने दूरी बना ली है। मां बनने के बाद वह अपना पूरा समय बेटे को दे रही हैं। मुंबई में परिवार के साथ समय बिताने के बाद एक्ट्रेस लंदन घूम रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वह अपने परिवार वालों के साथ समय बिताती नजर आ रही हैं। सोनम कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह अपने पति आनंद आहुजा और बेटे के साथ नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने एक नहीं बल्कि कई सारी तस्वीरें अपने फैंस के साथ साझा की हैं। पहली तस्वीर में सोनम अपने परिवार के साथ नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में सोनम के पति आनंद बेटे वायु पर प्यार लुटाते नजर आ रहे हैं। अगली तस्वीर में सोनम अपने बेटे वायु के साथ पोज दे रही हैं। सोनम कपूर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस द्वारा शेयर की गई तस्वीरों को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। एक तस्वीर में सोनम अपने बेटे वायु को द पेपर डॉल्स नाम की किताब पढ़ाती नजर आ रही हैं। अनिल कपूर की लाड़ली के द्वारा शेयर की गई इन तस्वीरों को लोगों का काफी प्यार मिल रहा है। सिर्फ फैंस ही नहीं, बल्कि कई बॉलीवुड सेलिब्रिटी भी इन तस्वीरों पर अपनी प्रतिक्रिया दिखाई देते हुए नजर आ रहे हैं। करीना कपूर ने कमेंट करते हुए लिखा कि जूलिया डोनाल्डसन द्वारा लिखी गई किताब द पेपर डॉल्स एकदम बेस्ट है। सोनम के पति ने कमेंट करते हुए लिखा कि इस फीलिंग को कैसे बयां करूं। सोनम कपूर तुम्हारे लिए सराहना और तुम्हारा जादू। सोनम कपूर के जीजा और रिया कपूर के पति करण बूलानी ने कमेंट करते हुए हर्ट वाला इमोजी शेयर किया है। इन दिनों सोनम ज्यादा से ज्यादा समय अपने बेटे वायु के साथ बिता रही हैं। आए दिन एक्ट्रेस लाड़ले की तस्वीरें फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर करती ही रहती हैं।

# कुंडली भाग्य को अब कई एक्टर कर देंगे अलविदा, इमोशनल होकर शेयर किए दिल छूने वाला वीडियो



**मुंबई (ईएमएस)।** टेलीविजन का लॉन्ग रनिंग शो कुंडली भाग्य अब जल्द ही 20 साल का लीप लेने जा रहा है। एकता कपूर के शो में इस बड़े लीप के बाद कई बदलाव आने वाले हैं। एक तरफ जहां शो के कई मुख्य कलाकार शो को अलविदा कह देंगे, तो वहीं कई नए चेहरे अब इस शो में नजर आएंगे। कुंडली भाग्य में शो में विलेन पृथ्वी की भूमिका निभा चुके संजय गगनानी इस शो को अलविदा कहने जा रहे हैं। उनके अलावा धीरज धूपर को शो में रिप्लेस करने वाले शक्ति अरोड़ा भी इस शो को अलविदा कहने जा रहे हैं। अब हाल ही में कुंडली भाग्य के लीप आने से पहले सेट पर ये एक्टर काफी इमोशनल हो गया।

शो में शक्ति अरोड़ा ने लीप से पहले अपने आखिरी दिनों की शूटिंग की। बीते महीने ही ये खबर आई थी कि वह इस शो को अलविदा कहने वाले हैं। अब शो में करण लूथरिया का किरदार निभाने वाले एक्टर ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो प्यारा सा वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि मुझे इतनी खूबसूरत यादें देने के लिए मेरी कुंडली भाग्य की टीम आपका धन्यवाद। इतनी टैलेंटेड टीम के साथ काम करने का अनुभव बहुत ही शानदार रहा। मैं जिनका शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, वह लिस्ट बहुत ही लंबी है, लेकिन आप उसे देखें और एन्जॉय करें। शक्ति अरोड़ा ने एकता कपूर से लेकर अपने शो के डायरेक्टर साहिल शर्मा, अंजुम फकीह सहित पूरी स्टारकास्ट के लिए खास मैसेज लिखा, लेकिन उन्होंने जो मैसेज श्रद्धा आर्या के लिए लिखा कि उसने फैंस का दिल छू लिया। श्रद्धा आर्या की तारीफ करते हुए शक्ति ने लिखा कि श्रद्धा आर्या इतनी अच्छी सह-कलाकार होने के लिए आपका धन्यवाद। आपने मुझे लिखना सिखाया और एक अच्छा सीन देने में मेरी मदद की। शक्ति अरोड़ा के अचानक शो छोड़ने से फैंस काफी इमोशनल हो गए हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि हम आपको बहुत याद करेंगे, आपके बिना ये शो बिल्कुल अधूरा है। दूसरे यूजर ने लिखा कि अर्जुन सूर्यवंशी के रूप में शानदार परफॉर्मेंस देने के लिए आपका धन्यवाद, एक ऐसा आदमी जो एंग्री यंग मैन है और अपना बदला लेना चाहता है, लेकिन फिर भी उसके दिल में एक सॉफ्ट कॉर्नर है। हम इन पलों को हमेशा याद रखेंगे और सराहेंगे। अन्य यूजर ने लिखा कि करण का किरदार निभाने के लिए शक्ति अरोड़ा आपका धन्यवाद। आपने हमें अपनी परफॉर्मेंस से हैरान किया है और मेरा दिल जीत लिया है। श्रद्धा के साथ आपकी केमिस्ट्री मैजिकल है।

# भीड़ सोशल मीडिया पर जारी है बहस

फिल्म भीड का ट्रेलर रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर जमकर बहस चल रही है। ग्रामीण भारत में एक पुलिस वाले के रूप में आशुतोष राणा यहाँ सामने आए है। पंकज कपूर के जबरदस्त किरदार का प्रोमो दर्शकों को उस दिन में वापस ले जाता है जब अराजकता ने सभी के लिए चीजों को बर्बाद कर दिया था। फिल्म में आशुतोष राणा एक ऐसे पुलिस अधिकारी है जो कानून के साथ खड़े है और यह सुनिश्चित करते है कि कोई नियम नहीं तोड़ा जाए और चीजों का व्यवस्थित रूप से पालन किया जाए। हालाँकि, जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते हैं, हम पुलिसकर्मी को अपने व्यक्तिगत मोर्चे पर लड़ाई लड़ते हुए देखते हैं जहाँ वह इस बात से अनजान होता है कि आगे क्या होगा।यह फिल्म 24 मार्च 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बनारस मीडिया वर्क्स के तहत निर्मित, अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी फिल्म भीड़ में राजकुमार राव, पंकज कपूर, भूमि पेडनेकर, आशुतोष राणा और दीया मिर्जा जैसे उल्लेखनीय कलाकार हैं।

# डिंपल ने रणबीर को मारे 15-20 बार थप्पड़



हाल ही में रिलीज हुई फिल्म तू झूठी मैं मक्कार में अनुभवी अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने रणबीर कपूर को एक दृश्य को फिल्माते समय लगभग 15-20 बार थप्पड़ मारा। फिल्म में एक सीन है जिसमें डिंपल रणबीर को थप्पड़ मारती है लेकिन मजे की बात यह है कि उस खास शॉट में 15-20 रीटेक लगे।डिंपल कपाड़िया फिल्म में रणबीर की मां की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म के निर्देशक लव रंजन ने दूसरे टेक में सटीक शॉट लिया, लेकिन टीम को चिढ़ाने के लिए उन्होंने बार-बार एक और टेक कहा। फिर सब ने डिंपल कपाड़िया से पूछा कि क्या वह वास्तव में रणबीर को थप्पड़ मार रही थी। पता चला कि रणबीर की टाइमिंग इतनी परफेक्ट थी कि वह सही समय पर थप्पड़ को डक कर रहे थे। इस पर डिंपल कपाड़िया ने करारा जवाब देते हुए कहा, वह ऋषि कपूर के बेटे हैं और वह अपनी टाइमिंग को अच्छी तरह जानते हैं।

# ऑस्कर में अक्सर गलत फिल्में भेजता है भारत : एआर रहमान



**मुंबई (ईएमएस)।** संगीत की दुनिया के सबसे बड़े नामों में से एक एआर रहमान हैं। एकेडमी अवॉर्ड विनर संगीतकार की दिल छू लेने वाले सॉन्ग और म्यूजिक के अनूठे ब्रांड के कारण जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उन्होंने एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि भारत अक्सर ऑस्कर में गलत फिल्में भेजता है। इस वजह से वे नॉमिनेशन हासिल नहीं कर पाए। उन्होंने ये भी कहा कि इसमें सफल होने के लिए वेस्टर्न ऑडियंस के स्वाद को समझने की जरूरत है। एआर का मानना है कि ऑस्कर में अक्सर गलत फिल्में भेजी जाती हैं। नतीजतन, वे नॉमिनेशन और जीत हासिल करने में असमर्थ हैं। उन्हें ये भी लगता है कि स्थिति को बेहतर ढंग से समझने के लिए खुद को पश्चिम के स्थान पर रखने की जरूरत है। रहमान का कहना हे कि कभी कभी मैं देखता हूं कि हमारी फिल्में ऑस्कर तक जाती हैं, लेकिन वे इसे हासिल नहीं कर पाती हैं। ऑस्कर के लिए गलत फिल्में भेजी जा रही हैं। हमें खुद को दूसरे के स्थान पर रखकर समझना चाहिए कि यहां क्या हो रहा है। मुझे ये देखने के लिए अपनी जगह पर रहना होगा कि वे क्या कर रहे हैं। एआर रहमान का ये बयान तब सामने आया है, जब आरआरआर फिल्म के गाने नाटू नाटू ने बेस्ट ऑरिजनल सॉन्ग के लिए ऑस्कर जीता है। इसे एमएम कीरवानी ने कंपोज किया है और इसे चंद्रबोस ने लिखा है। मेकर्स ने खुद इसे अलग से एंट्री में भेजा था। भारत की तरफ से छेलो शो मूवी को भेजा गया था, जो फाइनल नॉमिनेशन में बाहर हो गई थी।

# नूपुर पॉप कौन के साथ करेगी ओटीटी पर डेब्यू






सिंगर-एक्ट्रेस नूपुर सेनन पॉप कौन के साथ ओटीटी पर डेब्यू करने जा रही हैं। अपने किरदार को लेकर सेनन ने कहा कि पीहू का किरदार ही असली प्रेरक शक्ति है। नूपुर ने कहा कि कॉमेडी शो में उसका करेक्टर एक फेमिनिस्ट है, और यह उनके अपने वैल्यू सिस्टम को दशार्ता है। शो का नाम हटकर है और इसका आधार फिल्म में कुणाल के किरदार के पिता को ढूंढना है। मेरा किरदार पीहू है। मैं कुणाल की प्रेमिका की भूमिका निभा रही हूं। उनके रिश्ते को खूबसूरती से उकेरा गया है। उन्होंने कहा, शादी के मुकाम तक पहुंचने के लिए वे सभी बाधाओं से गुजरते हैं। जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी, मुझे यह किरदार बहुत पसंद आया। वह उनमें से हूं, जो हर चीज में लॉजिक ढूंढती हैं। वह एक फेमिनिस्ट हैं जो एक ऐसा पहलू है जो मेरी अपनी वैल्यू सिस्टम को दशार्ता है। वह बहुत सारे सवाल पूछती है और अपनी राय रखने से कभी पीछे नहीं हटती है। लेकिन उस करेक्टर में एक ऐसा पहलू था जिस पर उन्हें वास्तव में काम करना है।

# आरआरआर का जापान में 20वां सप्ताह, 202 सिनेमाघरों में जारी

## गोल्डन ग्लोब व ऑस्कर के श्रेय के साथ आरआरआर ने रचा इतिहास



**मुंबई (ईएमएस)।** एसएस राजामौली की आरआरआर ने फिर से अपने शानदार प्रदर्शन के साथ भारतीय सिनेमा में गौरव हासिल किया है। गोल्डन ग्लोब और ऑस्कर के श्रेय के साथ इस फिल्म ने इतिहास रचा है और कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। समाचारों के अनुसार आरआरआर अभी भी जापान में 200 से अधिक स्क्रीन्स पर चल रही है। टीम के अनुसार आरआरआर वर्तमान में जापान में अपने 20वें सप्ताह में है और बॉक्स ऑफिस पर इसके धीमे होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। यह वास्तव में देश में एक भारतीय फिल्म के लिए बहुत बड़ा मील का पत्थर है। जापान में रजनीकांत की फिल्म मुथु के बाद आरआरआर दूसरी ऐसी फिल्म है जिसने जापानी बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कारोबार करते हुए स्वयं को वहां पर प्रदर्शित हुई भारतीय फिल्म के कारोबार में पहली पायदान पर पहुंचाया है। पिछले 30 सालों से भारतीय फिल्मों में मुथु ही ऐसी फिल्म रही थी, जिसने जापान में सर्वाधिक कारोबार किया था।

आरआरआर के नातू नातू ने लेडी गागा और रिहाना की पसंद को पछाड़ते हुए सर्वश्रेष्ठ मूल गीत के लिए ऑस्कर जीता। यह सम्मान पाने वाली यह पहली भारतीय फिल्म है। 95वें अकादमी पुरस्कार और गोल्डन ग्लोब्स 2023 में आरआरआर की उपलब्धियों के बारे में पूरी दुनिया में बात करने के साथ, फिल्म चुपचाप जापान में अपने 20वें सप्ताह में प्रवेश कर गई। आरआरआर के आधिकारिक ट्विटर हैंडल ने बताया कि पीरियड एक्शन ड्रामा अभी भी जापान में 200 से अधिक सिनेमाघरों में चल रहा है। उनके ट्वीट में लिखा था कि इस ट्वीट की व्यस्तता और प्रशंसा दशार्ती है कि कैसे आरआरआर धीरे-धीरे जापान की जड़ों में हर गुजरते दिन के साथ प्रवेश कर रहा है। खुशी है कि फिल्म असाधारण रूप से उच्च दर्शकों को आकर्षित कर रही है और वर्तमान में अपने 20वें सप्ताह में 202 सिनेमाघरों में चल रही है ! लव यू जापान। आरआरआर जापान में 21 अक्टूबर को रिलीज हुई और अभी भी सफलतापूर्वक चल रही है। एसएस राजामौली, जूनियर एनटीआर और राम चरण फिल्म के प्रचार के लिए जापान गए। आरआरआर दो तेलुगु क्रांतिकारियों अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम के जीवन पर आधारित एक काल्पनिक ऐतिहासिक ड्रामा है। इन किरदारों में जूनियर एनटीआर और रामचरण दिखाई दिए। फिल्म ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कई पुरस्कार जीते और भाषा के बावजूद प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित किया।

# मिनी ड्रेस में बेहद हॉट लग रही हैले बीबर



हाल ही में एक्ट्रेस हैले बीबर ने अपनी कुछ स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें फैंस खूब लाइक कर रहे हैं। हैले बीबर स्काइब्लू कलर की मिनी ड्रेस में बेहद हॉट लग रही हैं। ड्रेस के स्ट्रीप्स में एक्ट्रेस धड़ल्ले से अपनी बैक फ्लॉन्ट कर रही हैं। इस लुक को उन्होंने न्यूड मेकअप, डार्क लिपस्टिक और खुले बालों से कंप्लीट किया है। हॉटनेस का पारा बढ़ाते हुए हैले सोफे पर कातिलाना अंदाज में पोज दे रही हैं। काम की बात करें तो हैली बीबर को आखिरी बार टीवी सीरीज डवे में देखा गया था, जिसमें उनके किरदार को खूब पसंद किया गया था। एक्ट्रेस हैले बीबर सोशल मीडिया की दुनिया में काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी बोल्ड अवतार की तस्वीरें अक्सर फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं।

## सूडोकु नवताल- 6374

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6373 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्दजाल- 7121

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुं | क | ल | व | ग | ब | ना | क | बें | ग | क |
| ब | वि | ल | मुं | चे | जी | ग | द | ह | ला | ड़ |
| ई | स | ल | ल | र्म | छ | पु | आ | दि | ख | क |
| क | स | ज | य | पु | र | र | प | ल | ल्ली | क |
| क | क | दो | ग | ला | द | र | तू | ग | झ | क |
| दि | क | ल | प | बा | झ | पू | ना | ण | घ | को |
| ती | इ | ल | दा | सं | प | ल | श | बें | ला | ल |
| क | ता | म | ई | धा | ब | क | फ | ग | श | का |
| क | ह | चे | न्न | ई | क | स | री | लो | प | ता |
| अ | र | ल | प | व | जी | र्त | ऐ | र | प | रु |
| क | चे | ल | प | है | द | रा | बा | द | प | क |

*शब्द जाल में 10 बड़े शहरों के नाम ढूंढिए. शहरों के नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

दिल्ली, मुंबई, जयपुर, बेंगलोर, चेन्नई, कोलकाता, अहमदाबाद, नागपुर, पूना, हैदराबाद.

### शब्दजाल - 7120 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| या | द | गा | र | ग | ब | ज | क | प | ल | क |
| दें | वि | ल | क | या | दों | का | मौ | स | म | ड़ |
| क | स | या | ल | र्म | छ | स | या | दी | ख | क |
| क | या | ल | र | क | वी | स | र | ल | श | क |
| क | री | दो | ग | क | ज | र | ग | ग | झ | क |
| जी | जिं | ल | प | नु | स | उ | द्दा | ण | घ | या |
| ती | दा | ल | श | सं | प | म | र | कौ | ला | दों |
| क | बा | या | र | मे | रा | क | फ | ना | श | की |
| क | द | ल | प | न | क | स | रा | औ | प | क |
| क | र | ल | प | व | जी | या | ऐ | ओ | प | स |
| क | क | ल | प | या | द | स | व्य | ब | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6074

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | 6 | | 4 |
| | 26 | 4 | 34 | 2 | 34 | 1 |
| 1 | | 7 | | 5 | | |
| 7 | 35 | | 36 | | 28 | 2 |
| | | 3 | | 1 | | 6 |
| | 31 | 5 | 35 | | 33 | |
| | 4 | 2 | | 7 | 1 | 5 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6073 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 5 | 29 | 7 | 37 | 1 | 31 | 3 |
| 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 3 | 27 | 6 | 41 | 7 | 33 | 2 |
| 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 29 | 5 | 27 | 4 | 30 | 1 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# कश्मीर में बेटियों के फुटबाल में आने से बदलेगी तस्वीर, 28 टीमों का टूर्नामेंट शुरू

**श्रीनगर।**
कश्मीरी अभिभावकों को अपनी बेटियों को फुटबाल अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीम के कोच प्रेम थापा का मानना है कि घाटी की फुटबाल टीमों रियल कश्मीर और कश्मीर एफसी ने राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। फुटबाल के लिए राज्य में अच्छा ढांचा है ऐसे में महिलाओं के भी इस खेल में आगे बढ़ने की अपार संभावना है। कश्मीर में लड़कियों के लिए भी एक फुटबाल क्लब होना चाहिए। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम और कश्मीर यूनिवर्सिटी में इस समय अखिल भारतीय पुलिस फुटबाल टूर्नामेंट चल रहा है। यहां दर्शकों में टूर्नामेंट को लेकर काफी उत्साह भी नजर आ रहा है।

**लड़कियों के लिए अलग से हो क्लब** – थापा ने कहा कि लड़कियों के लिए फुटबाल का पेशेवर क्लब होने से वे देश के अन्य हिस्सों में जाकर टूर्नामेंट खेल सकेंगी जिस तरह से लड़कों के लिए अकादमियां होती हैं। मणिपुर पुलिस महिला टीम की कप्तान ओनम बेमबेम देवी ने कहा कि घाटी में फुटबाल को बढ़ावा मिलना चाहिए। चीजें बदल सकती हैं अगर यहां नियमित रूप से भारतीय पुलिस फुटबाल चैंपियनशिप हो। कश्मीर में लड़कियों के लिए फुटबाल संस्कृति की जरूरत है। लड़कियों को महिला फुटबाल के मैचों को देखने के लिए स्टेडियम में आना चाहिए। कई महिलाएं पहले राष्ट्रीय टीम के लिए खेल चुकी हैं। युवा लड़कियों को उनसे प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़कर खेल को अपनाना चाहिए। सीआरपीएफ की खिलाड़ी निशा का कहना है कि अभिभावकों को लड़कियों को उसी तरह खेल के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए जैसे वो लड़कों को करते हैं। मैं हरियाणा से हूं, पहले वहां लड़कियों को उतना बढ़ावा नहीं मिलता था लेकिन अब बहुत सारी लड़कियां खेलों में राज्य और देश का नाम रोशन कर रही हैं। जम्मू एवं कश्मीर में पुलिस उप महानिरीक्षक सैयद स्लीट शाह का कहना है कि महिलाओं को सभी क्षेत्रों में खेलों सहित सभी क्षेत्रों में अवसर मिलने चाहिएं। खेलों में महिलाएं हमेशा प्रेरक के रूप में होती हैं और उनमें काफी आत्मविश्वास नजर आता है।

## न्यूज ब्रीफ

### सेना में जाने वाली पहली महिला मुक्केबाज जैस्मिन 83 सेकंड में जीतीं, श्रुति को मिली हार



**नई दिल्ली** । सेना में जाने वाली देश की पहली महिला मुक्केबाज हरियाणा की जैस्मिन ने विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में धमाकेदार आगाज किया है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली इस मुक्केबाज ने 60 भार वर्ग में महज 83 सेकंड के अंदर तंजानिया की मुक्केबाज न्यामबेगा एंबोस को पछाड़ दिया। जैस्मिन ने बाउट की शुरुआत से ही इतने मुक्के बरसाए कि रेफरी को पहले दौर में ही मुकाबला रोकना पड़ा। वहीं हरियाणा की ही शशि चोपड़ा ने 63 भार वर्ग में जीत से शुरुआत की है। उन्होंने कीनिया की मवांगी वांजिरू को 5-0 से पराजित किया, लेकिन चैंपियनशिप में देश को पहली हार का सामना करना पड़ा जब 70 भार वर्ग में चीन की झोउ पेन ने श्रुति यादव को 0-5 से परास्त किया। जैस्मिन ने हाल ही में सेना में ज्वाइनिंग की और उन्होंने आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट पुणे में ट्रेनिंग भी शुरू कर दी है। जैस्मिन के माथे से अभी पसीना भी नहीं निकला था कि रेफरी को मुकाबला रोकना पड़ा। मुकाबला शुरू होते ही जैस्मिन के मुक्कों के आगे दो बार मुकाबला रोककर गिनती गिननी पड़ी। तीसरे मौके पर रेफरी ने बाउट ही रोक दी। जैस्मिन के पास अन्य संस्थानों में नौकरी करने के मौके थे, लेकिन उन्होंने सेना को चुना। जैस्मिन बताती हैं कि उनके दादा जी सेना में थे। उन्होंने दादा जी के जरिए बचपन से देखा कि सेना का अनुशासन क्या होता है।

### माइकल ब्रेसवेल बैंगलोर में शामिलः चोटिल जैक्स की जगह एक करोड़ रुपए के बेस प्राइस में टीम से जुड़े

**नई दिल्ली** । न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के आलराउंडर माइकल ब्रेसवेल रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम में



शामिल हो गए हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक्स चोट की वजह से आईपीएल 2023 से बाहर हो चुके है, उनकी जगह बैंगलोर ने ब्रेसवेल को टीम में शामिल किया है। टाटा इंडियन प्रीमियर लीग ने अपनी वेबसाइट पर यह घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति में कहा गया, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक्स की जगह न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल को साइन किया है। वह एक करोड़ रुपये के बेस प्राइस में आरसीबी से जुड़ेंगे। दिसंबर में हुए ऑक्शन में माइकल ब्रेसवेल को कोई खरीदार नहीं मिला था। उनका बेस प्राइस एक करोड़ रुपये था। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का यह आलराउंडर पहले कभी आईपीएल में नहीं खेला है। माइकल ब्रेसवेल ने साल 2022 में न्यूजीलैंड के लिए अपना टी-20 डेब्यू किया था। 16 मुकाबलों में उन्होंने 113 रन बनाने के साथ-साथ 21 विकेट भी अपने नाम किए है। इसके साथ ही 19 वनडे मैचों में उन्होंने 510 रन के अलावा 15 विकेट लिए है। वहीं सात टेस्ट मैचों में 259 रन और 19 विकेट झटके है। चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हुए जैक्स को फ्रेंचाइजी ने 3.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। जैक्स बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान चोटिल हो गए थे। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे में फिल्डिंग करते हुए मसल इंजरी हुई थी। उनका इस हफ्ते की शुरुआत में स्कैन हुआ था और एक्सपर्ट की सलाह के बाद उन्होंने आईपीएल के पूरे सीजन से हटने का फैसला किया। आईपीएल का नया सीजन 31 मार्च से शुरू हो रहा है। इस सीजन का पहला मुकाबला गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच खेला जाएगा।

### भूकंप में घर उजड़ा, परिवार को टेंट में छोड़ तुर्किये के लिए पदक जीतने पहुंचीं राबिया

**नई दिल्ली** । तुर्किये की राबिया के दिलो-दिमाग में वह काली बर्फीली रात पूरी तरह घर कर चुकी है। मालात्या



शहर स्थित उनके घर का कमरा हिला तो वह कुछ ही सेकंड में बाहर निकल आईं। उनके पैर में जूते भी नहीं थे और बाहर कड़ाके की सर्दी के साथ बर्फ पड़ रही थी। चारों ओर चिल्लाने की आवाजें आ रही थीं। राबियां बताती हैं कि उन्होंने और उनके परिवार ने किसी तरह जान तो बचा ली, लेकिन हालात मौत से भी बदतर थे। 10 दिन तक उन्हें कार में सोना पड़ा। तब जाकर उन्हें रहने के लिए टेंट नसीब हुआ। अभी भी वह और उनका परिवार टेंट में रह रहे हैं। वह टेंट में ही रहकर यहां खेलने पहुंची हैं। वह अपने देश के लिए यहां पदक जीतना चाहती हैं। उन्हें उनके देश का झंडा प्रेरणा देता है। राबिया विश्व चैंपियनशिप में 50 भार वर्ग में खेल रही हैं। उन्हें विश्व चैंपियनशिप के लिए सिर्फ 10 दिन तैयारियों का मौका मिला है। राबिया कहती हैं कि उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें अपना घर मिल जाएगा। टेंट में कठिन परिस्थितियों में रहने के बावजूद वह अपने को इस चैंपियनशिप में खेलने से नहीं रोक पाई हैं।

## यूपी ने रोका मुंबई का विजय रथ

# 5 विकेट से हराया, एक्लेस्टन ने सिक्स जमाकर जिताया ; मैक्ग्रा-हेरिस की उपयोगी पारियां

**मुंबई।**
विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस का विजय रथ टूट गया है। टीम को यूपी वॉरियर्ज ने 5 विकेट से हराया। यह यूपी की तीसरी जीत है। इस जीत के साथ ही यूपी ने अपने प्लेऑफ में प्रवेश करने की दावेदारी और मजबूत कर ली है। टीम पॉइंट टेबल पर तीसरे नंबर पर कायम है। अब टीम के खाते में 6 अंक हैं। मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में शनिवार के पहले मुकाबले में यूपी ने टॉस जीता और मुंबई को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की टीम 20 ओवर में 127 रनों पर ऑलआउट हो गई। यूपी की बल्लेबाजों ने 128 रनों का टारगेट 3 बॉल रहते 5 विकेट खोकर चेज कर लिया। सोफी एक्लेस्टन ने सिक्स जमाकर टीम को जीत दिलाई।

### मैक्ग्रा-हेरिस की अहम साझेदारी -

टीम की जीत का श्रेय ताहलिया मैक्ग्रा (38) और ग्रेस हेरिस (39) की उपयोगी पारियों को गया। दोनों के बीच 34 बॉल पर 44 रनों की उपयोगी साझेदारी हुई। दीप्ति शर्मा ने 13 और किरण नवगिरे ने 12 रन बनाए। इससे पहले गेंदबाजी में सोफी एक्लेस्टन ने मुंबई के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई।

### ऐसे गिरे यूपी के विकेट...

पहला : हेली मैथ्यूज ने दूसरे ओवर की पहली बॉल पर हरमनप्रीत कौर के हाथों कैच कराया। दूसरा : छठे ओवर की पहली बॉल पर वॉन्ग ने हीली को आउट कर दिया। तीसरा : सातवें ओवर की पहली बॉल पर ब्रंट ने किरण नवगिरे को यास्तिका के हाथों कैच कराया चौथा : 12वें ओवर की 5वीं बॉल पर अमीलिया केर ने मैक्ग्रा को कैच एंड बोल्ड किया। पांचवां: ग्रेस हेरिस को 16वें ओवर की चौथी बॉल पर अमीलिया केर ने वॉन्ग के हाथों कैच कराया।

### मुंबई के बॉलर्स के नाम रहा पावर प्ले

यूपी की पारी का पावर प्ले मुंबई के गेंदबाजों के



नाम रहा। इसमें यूपी की दो बल्लेबाज पवेलियन लौट गईं। टीम ने 6 ओवर के खेल में 27 रन बनाए। यूपी का टॉप ऑर्डर फ्लॉप रहा। उसकी टॉप-3 बल्लेबाज 21 रन ही जोड़ पाईं। ओपनर देविका वैद्य एक, कप्तान एलीसा हीली 8 और किरण नवगिरे 12 रन बनाकर आउट हुईं।

### मुंबई 127 रन पर ऑलआउट, एक्लेस्टन को तीन विकेट

मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में यूपी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी को चुना। टॉस हारकर खेलने उतरी मुंबई की टीम ने 20 ओवर में 10 विकेट पर 127 रन बनाए। ओपनर हेली मैथ्यूज ने तीन छक्कों से सजी 35 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर 25 रन बनाकर आउट हुईं। आखिरी में इजाबेल वॉन्ग ने 32 रन जोड़े। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सकीं। यूपी की सोफी एक्लेस्टन ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। दीप्ति शर्मा और राजेश्वरी गायकवाड़ को दो-दो विकेट मिले।

### ऐसे गिरे मुंबई के विकेट...

पहला: 5वें ओवर की 5वीं बॉल पर अंजलि ने यास्तिका को बोल्ड कर दिया। दूसरा : सोफी एक्लेस्टन ने आठवें ओवर की तीसरी बॉल पर नैटली सीवर ब्रंट को आउट कर दिया। तीसरा : 11वें ओवर की चौथी बॉल पर एक्लेस्टन ने हेली मैथ्यूज को विकेटकीपर एलीसा हीली के हाथों कैच कराया। चौथा : 13वें ओवर की आखिरी बॉल पर राजेश्वरी ने अमीलिया केर को पार्श्वी के हाथों कैच कराया। पांचवां : 14वें ओवर की दूसरी बॉल पर दीप्ति शर्मा ने हरमनप्रीत को सिमरन के हाथों कैच कराया। कौर बड़ा हिट करना चाहती थीं। छठा : कप्तान एलीसा हीली ने सोफी एक्लेस्टन की बॉल पर अमनजोत कौर को स्टंपिंग कर दिया। सातवां : 17वें ओवर की आखिरी बॉल पर राजेश्वरी गायकवाड़ ने हुमायरा काजी को बोल्ड कर दिया। आठवां: 18वें ओवर की 5वीं बॉल पर दीप्ति शर्मा ने धरा गुज्जर को बोल्ड कर दिया। नौवां : 20वें ओवर की चौथी बॉल पर वॉन्ग रन आउट हो गईं। दसवां : पारी की आखिरी बॉल पर साइका इशाक भी रन आउट हो गईं।

### पावर प्ले में यूपी की बॉलर्स हावी

पावर प्ले के खेल में यूपी की गेंदबाज हावी रही। पहले 6 ओवर्स में मुंबई की बल्लेबाज महज 31 रन ही जोड़ सकीं। इतना ही नहीं, ओपनर यास्तिका भाटिया 7 रन बनाकर पवेलियन भी लौट गईं।

### यूपी में एक बदलाव- डेब्यू मैच खेल रही हैं पार्श्वी चोपड़ा

कप्तान एलिसा हीली ने यूपी की टीम में एक बदलाव किया है। पार्श्वी चोपड़ा को प्लेइंग में मौका दिया गया है। वे लीग में पहला मैच खेल रही हैं।

### देखिए प्लेइंग-11...

**यूपी वॉरियर्ज:** एलिसा हीली (कप्तान), देविका वैद्य, किरण नवगिरे, ताहलिया मैक्ग्रा, ग्रेस हेरिस, दीप्ति शर्मा, पार्श्वी चोपड़ा, सिमरन शेख, सोफी एक्लेस्टन, अंजलि सर्वनी और राजेश्वरी गायकवाड़।

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हेली मैथ्यूज, नैटली सीवर ब्रंट, अमीलिया केर, हुमायरा काजी, धरा गुज्जर, इजाबेल वॉन्ग, अमनजोत कौर, जींतिमनी कलिता और साइका इशाक।

## काउंटी क्रिकेट खेलेंगे अर्शदीप सिंह

# केंट ने 5 मैचों के लिए बुलाया, जून और जुलाई में होंगे सभी मुकाबले



**मुंबई।**
टीम इंडिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह काउंटी चैंपियनशिप में खेलेंगे। वे जून और जुलाई में केंट के लिए 5 मुकाबलों में खेलते हुए नजर आएंगे। अर्शदीप सरे, वारविकशायर, नॉर्थम्पटनशायर, एसेक्स और नॉटिंघमशायर के खिलाफ खेलेंगे। केंट टीम ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर यह घोषणा की। केंट ने लिखा, केंट क्रिकेट को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह जून और जुलाई के बीच काउंटी चैंपियनशिप के पांच मैचों में टीम के लिए उपलब्ध रहेंगे। अर्शदीप ने कहा कि उन्होंने भारत के मौजूदा पुरुष कोच राहुल द्रविड़ से केंट के बारे में अच्छी बातें सुनी हैं। द्रविड़ साल 2000 में क्लब के लिए खेले थे। अर्शदीप ने कहा, मैं इंग्लैंड में रेड-बॉल क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हूं और प्रथम श्रेणी के खेल में सुधार करना जारी रखूंगा। राहुल द्रविड़ ने मुझे पहले ही बता दिया है कि इस क्लब का इतिहास शानदार है। केंट के क्रिकेट निदेशक पॉल डाउटन ने कहा, हम इस समर पांच मैचों के लिए अर्शदीप सिंह जैसे शानदार खिलाड़ी के साथ जुड़कर खुश हैं। वह सीमित ओवरों के क्रिकेट में वर्ल्ड क्लास हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि वह काउंटी क्रिकेट में लाल गेंद के साथ अपने उस कौशल का उपयोग करने में सक्षम होंगे। 24 साल के अर्शदीप ने पिछले साल जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ अपना टी-20 डेब्यू किया था। अब तक 26 टी-20 मैचों 8.39 की इकॉनमी से उन्होंने 41 विकेट लिए हैं। उन्होंने नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में डेब्यू किया था। अर्शदीप ने अब तक तीन वनडे खेले है और तीनों ही न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले। उन्होंने सीमित ओवरों में टीम इंडिया के लिए अब तक कुल 29 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, लेकिन टेस्ट टीम में डेब्यू नहीं कर सके हैं।

# जोकोविच मियामी ओपन में नहीं खेलेंगेः कोरोना वैक्सीन नहीं लगाने पर अमेरिका में नहीं मिली एंट्री

**फ्लोरिडा।**
वर्ल्ड नंबर-1 पुरुष टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच अमेरिका के फ्लोरिडा में होने वाले टूर्नामेंट मियामी ओपन में नहीं खेलेंगे। इसकी पुष्टि आयोजकों ने की। दरअसल, जोकोविच ने कोरोना वैक्सीन का टीका नहीं लगवाया है, जिसकी वजह से उन्हें अमेरिका में एंट्री नहीं मिल रही है। इससे पहले जोकोविच ने कैलिफोर्निया में 6 मार्च से 19 मार्च के बीच होने वाले इंडियन वेल्स से भी अपना नाम वापस ले लिया था। अमेरिकी नीतियों के मुताबिक बिना कोरोना वैक्सीन लगवाए व्यक्ति को एंट्री नहीं दी जाती है।

जोकोविच ने अमेरिकी अधिकारियों से स्पेशल प्रवेश देने के लिए अनुरोध किया था, लेकिन उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया। मियामी ओपन 21 मार्च से 2 अप्रैल तक होना है। मियामी ओपन टूर्नामेंट के निदेशक जेम्स ब्लेक ने कहा, मियामी ओपना दुनिया के प्रमुख टूर्नामेंट में से एक है, हम चाहते हैं कि इस टूर्नामेंट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खेलें। हमने वो सब किया, जो हम कर सकते हैं। हमने सरकार से भी बात करने की कोशिश की। पर जोकोविच को परमीशन नहीं मिल पाई।

सर्बियाई स्टार पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ओपन और नहीं खेल पाए थे। पिछले साल की शुरुआत में कोरोना वैक्सीन का सर्टिफिकेट नहीं होने के



कारण उन्हें ऑस्ट्रेलिया ओपन के बीच से ही वापस भेज दिया गया था। वैक्सीन नहीं लेने की वजह से ही वे स्ओपन भी नहीं खेल पाए थे।

### जोकोविच जीत चुके हैं 22 ग्रैंड स्लैम

जोकोविच संयुक्त रूप से राफेल नडाल के साथ 22 ग्रैंड स्लैम जीतकर सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले टेनिस खिलाड़ी हैं। इन दोनों के बाद रोजर फेडरर 20 ग्रैंड स्लैम जीतकर दूसरे नंबर पर हैं।

### दुबई ओपन में जोकोविच को मेदवेदेव से मिली थी हार

जोकोविच को पिछले हफ्ते सीजन की पहली हार का सामना करना पड़ा। दुबई ओपन के सेमीफाइनल में उन्हें डेनियल मेदवेदेव ने सीधे सेटों में हराया था।

# विमेंस प्रीमियर लीग में गुजरात और बेंगलुरु का मुकाबला : प्लेऑफ के लिए दोनों को चाहिए जीत

**मुंबई।**
विमेंस प्रीमियर लीग में गुजरात जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबला खेला जाएगा। दोनों ही टीमों को प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए मुकाबला जीतना जरूरी है। गुजरात ने 6 में से 2 मुकाबले जीते हैं, वहीं बेंगलुरु को एक ही मुकाबले में जीत नसीब हुई। ऐसे में प्लेऑफ की रेस का यह मुकाबला बहुत इंटरेस्टिंग हो सकता है।

### गुजरात ने टेबल टॉपर दिल्ली को हराया

गुजरात जायंट्स की शुरुआत टूर्नामेंट में कुछ खास नहीं रही, टीम को मुंबई के खिलाफ 143 रन से हार मिली। टीम को फिर अगले 4 में से 3 मुकाबलों में भी हार मिली। एकमात्र जीत भी बेंगलुरु के खिलाफ आई थी। लेकिन पिछले मुकाबले में टीम ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 11 रन की रोमांचक जीत दर्ज की। दिल्ली पर जीत के बाद टीम 4 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर है। मैच जीतने पर टीम 2 पॉइंट और लेकर 6 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच सकती है।

### बेंगलुरु को 2 मैचों में 2 जीत चाहिए




रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत टूर्नामेंट में गुजरात से भी ज्यादा खराब रही। टीम ने लगातार पांच मुकाबले हारे। टीम को एकमात्र जीत भी पिछले मुकाबले में यूपी के खिलाफ मिली, जब टीम की अनकैप्ड खिलाड़ी कनिका आहूजा ने रिचा घोष के साथ अहम पार्टनरशिप की और टीम को जीत की दहलीज पार कराई। बेंगलुरु इस वक्त 6 मैचों में एक जीत के बाद 2 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में आखिरी स्थान पर है। मैच जीतने पर टीम 4 अंकों के साथ गुजरात और यूपी की बराबरी कर लेगी। साथ ही अपने प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को भी कायम रखेगी। अगर टीम अपने बचे हुए आखिरी दोनों मुकाबले जीत गई तो 6 पॉइंट लेकर तीसरे स्थान पर ग्रुप स्टेज फिनिश कर सकती है। इससे टीम के एलिमिनेटर खेलने की उम्मीदें भी बनी रहेंगी।

## स्टेडियम में गूंजा सचिन...सचिन...

# जडेजा का हैरान करने वाला कैच, कोहली नाटू-नाटू पर थिरके

**मुंबई।**
भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहले वनडे में 5 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया 3 वनडे की सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। दूसरा वनडे विशाखापट्टन में खेला जाएगा। पहले मैच की पहली पारी में डाइविंग कैच लेने वाले भारत के रवींद्र जडेजा प्लेयर ऑफ द मैच रहे। एक्टर रजनीकांत ने बैठकर मैच देखा, स्टेडियम में सचिन...सचिन...का शोर गूंजा और मोहम्मद सिराज ने फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के अंदाज में सेलिब्रेशन किया। मैच के ऐसे ही टॉप मोमेंट्स इस खबर में हम जानेंगे।

**जडेजा का शानदार डाइविंग कैच** - पहली पारी में ऑस्ट्रेलियाई ओपनर मिचेल मार्श ने 81 रनों की आतिशी पारी खेली। रवींद्र जडेजा ने उन्हें हार्दिक पंड्या के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद जडेजा ने मार्नस लाबुशेन का शानदार डाइविंग कैच पकड़ा। 23वें ओवर की चौथी बॉल कुलदीप यादव ने ऑफ स्टंप पर शॉर्ट ऑफ गुड लेंथ फेंकी। लाबुशेन ने कट किया, जडेजा शॉर्ट थर्ड मैन से बैकवर्ड पॉइंट की ओर दौड़े और 10 फीट दूर डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया। लाबुशेन को 15 रन के स्कोर पर ही पवेलियन लौटना पड़ा। जडेजा ने इसके बाद ग्लेन मैक्सवेल का विकेट भी लिया। फिर दूसरी पारी में केएल राहुल के साथ 108 रनों की नाबाद पार्टनरशिप कर टीम इंडिया को जीत भी दिलाई। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया।

**रजनीकांत, शरद पवार, फडणवीस ने देखा मैच** - भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मैच देखने के लिए कई पूर्व



क्रिकेटर और बॉलीवुड के सितारे पहुंचे। इनमें एक्टर रजनीकांत और अजय देवगन भी शामिल रहे। इनके अलावा उद्योगपति आनंद महिंद्रा, देवेंद्र फडणवीस, पूर्व आईसीसी चेयरमैन शरद पवार और पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन भी पहुंचे थे। सभी ने लॉन्ज में बैठकर मैच का लुत्फ उठाया।


**सिराज का रोनाल्डो अंदाज में सेलिब्रेशन** - मोहम्मद सिराज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 29 रन देकर 3 विकेट लिए। ओपनर ट्रेविस हेड को बोल्ड करने के बाद उन्होंने सीन एबॉट और एडम जांपा के विकेट भी लिए। ऑस्ट्रेलियाई पारी में आखिरी विकेट लेने के बाद उन्होंने हवा में जंप किया। उनका सेलिब्रेशन पुर्तगाल के फेमस फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह रहा। सिराज अक्सर विकेट लेने के बाद इसी तरह सेलिब्रेट करते नजर आते हैं।

**स्टेडियम में गूंजा सचिन...सचिन** - सचिन तेंदुलकर मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते थे। उनके नाम पर वानखेड़े स्टेडियम में स्टैंड भी बना है। मैच के दौरान एक मोमेंट ऐसा भी था, जब स्टेडियम में बैठे दर्शक सचिन...सचिन... का नारा लगा रहे थे। दर्शकों से भरे स्टेडियम में सचिन के अलावा विराट कोहली, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के नाम के नारे भी लगे।

**विराट का नाटू-नाटू डांस** - मैच की पहली पारी में फील्डिंग के दौरान भारत के विराट कोहली ऑस्कर विनिंग गाने नाटू-नाटू के डांस स्टेप करते नजर आए। पहले पावरप्ले के दौरान विराट स्लिप में खड़े थे, उस दौरान स्टेडियम में नाटू-नाटू गाना बजने लगा, इस पर विराट डांस करने लगे थे। विराट मैच में बैट से कुछ खास नहीं कर सके और 9 बॉल में 4 रन बनाकर अपने वनडे करियर में पहली बार मिचेल स्टार्क का शिकार हुए।

**लगातार गेंदों में आउट हुए कोहली-सूर्या** - 189 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही। टीम ने दूसरे ही ओवर में ईशान किशन का विकेट गंवा दिया। उनके बाद पांचवें ओवर में मिचेल स्टार्क ने विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव को भी पवेलियन भेज दिया।

# युरिन रोकने के भी होते हैं फायदे



**आपने** ये तो सुना होगा कि पेशाब रोकने के नुकसान के बारे में तो सुना होगा, लेकिन क्या आपने कभी पेशाब रोककर रखने के फायदे के बारे में सुना है? जी हां, शोधकर्ता आइरिस ब्लैंडों-गितलिं के अनुसार पेशाब रोकने से इच्छा शक्ति बढ़ती है। विज्ञान के अनुसार भी ये ट्रिक काम करती है।

## क्या कहता है शोध


पेशाब पर हुए एक अनुसंधान से पता चलता है कि पेशाब को रोककर रखना आपकी इच्छा शक्ति को बढ़ाने में सहायक हो सकता है। कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, फुलरटन में साइकोलॉजी की एसोसिएट प्रोफेसर, आइरिस ब्लैंडों-गितलिं के अनुसार इसका संबंध इंपल्स कंट्रोल (आवेग नियंत्रण) से है। प्रोफेसर, आइरिस ब्लैंडों-गितलिं ने ब्लैडर (मूत्राशय) के भरे होने पर दिमाग को होने वाले फायदे पर अनुसंधान किया जिसमें पता चला कि मूत्राशय के भरे होने पर न सिर्फ इच्छा शक्ति बढ़ती है बल्कि अधिक विश्वसनीय तरीके से झूठ बोला जा सकता है।

## आवेगों से लड़ने में मदद मिलती है

प्रोफेसर आइरिस कहती हैं कि ऐसा नहीं है कि पेशाब करने से दिमाग का कोई हिस्सा सक्रिय हो जाता है, लेकिन आपको लगता है कि आप आत्म संयम को ट्रिगर कर रहे हैं, जिससे आपको अन्य प्रकार के आवेगों से लड़ने में मदद मिलती है। आवेग को कम प्रभावी करने वाला यह प्रभाव आपको बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकता है। पेशाब से संबंधित एक और शोध में डच शोधकर्ताओं ने पाया कि भ्रामक मानसिक परीक्षण के दौरान जिन लोगों ने पेशाब किया उनकी तुलना में, पेशाब रोककर रखने वाले लोगों नें ज्यादा स्कोर पाया।

शोध में पाया गया कि जिन लोगों ने पेशाब को रोककर रखा वे प्रश्नों पर ज्यादा बेहतर तरीके से फोकस कर पाए। बल्कि उन्हें लेजर जैसा फोकस मिला। ब्लैंडों-गितलिं कहती हैं कि इस शोध में उन्होंने लोगों को तब तक पेशाब जानें तक रोका, जब तक कि उन्हें ऐसा करने की इच्छा हो रही थीं। लोगों को तब नहीं रोका गया जबकि वे पेशान रोक ही न पा रहे हों। तो पेशाब को बहुत ज्यादा देर तक नहीं रोकना चाहिए। हालांकि वहीं दूसरी ओर कई शोध और विशेषज्ञ ज्यादा देर तक पेशाब रोककर रखने के गंभीर नुकसानों को साबित कर चुके हैं। ऐसा करने से यूरेन ट्रेक्ट इंफेक्शन हो सकता है।

# जमीन से निकाला 300 साल पुराना जहाज



**वर्जीनिया** के ओल्ड टाउन अलेक्जेंड्रिया में एक नए होटल के कन्सट्रक्शन साइट पर जब खुदाई की गई, तो वहां से करीब 300 साल पुराना एक जहाज के अवशेष बाहर निकले हैं। बताया जा रहा है कि यह जहाज साल 1775 से 1798 के बीच में कभी डूब गया होगा। द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, पुरातत्व वैज्ञानिकों ने 220 एस यूनियन स्ट्रीट से एक जहाज का आंशिक हिस्सा प्राप्त किया है। यह शहर के पोटोमैक रिवर वाटरफ्रंट के अहम रीडैवलैपमेंट का हिस्सा है।

यह वन ब्लॉक साइट पर है, जहां वर्कर्स ने दो महीने पहले 1755 की एक वेयरहाउस की नींव खोजी थी। जिसे शहर की पहली सार्वजनिक बिल्डिंग माना जा रहा है। कंस्ट्रक्शन के समय ऐतिहासिक सबूतों पर निगरानी रखने वाली फर्म, थंडरवर्ल्ड आर्कियॉलॉजी के फील्ड डायरेक्टर डैन बैकी ने बताया कि यह काफी दुर्लभ है। यह लगभग कभी नहीं होता है। पिछले 15 सालों से मैं यह काम कर रहा हूं। मैंने कभी भी एक ऐसे शहरी माहौल में इस तरह का संरक्षण नहीं देखा, जहां बहुत ज्यादा बाधाएं हों। नेवल आकियोलॉजिस्ट्स भी साइट पर स्टाफ से मिल गए। वे इस जहाज के हर हिस्से की जांच कर रहे हैं। इसकी संरचना से पता लगाया जा रहा है कि आखिर यह कहां से चला था और क्या लेकर जा रहा था? आम जनता को मंगलवार से सुबह के 10 बजे से लेकर दोपहर तक इस खोज को देखने के लिए बुलाया गया है। इसके बाद इसे इस जगह से हटा लिया जाएगा।

# इस व्यक्ति ने सालभर खाया सिर्फ पिज्जा



**एक** व्यक्ति ने वर्ष 2015 के पहले दिन एक अजीब संकल्प लिया। उसने सालभर तक सिर्फ पिज्जा खाने का संकल्प लिया। यह व्यक्ति है केल फीनी। केल ने जनवरी 2015 में नव वर्ष का संकल्प लिया कि वे रोजाना सिर्फ पिज्जा ही खाएंगे। साथ ही चैरिटी के लिए पैसे जमा करने का संकल्प लिया था। संकल्प लेने के बाद केल ने रोजाना हर 24 घंटे में एक बार पिज्जा की एक स्लाइस खाते हुए रिकॉर्डिंग की। साथ ही केल ने रोज पिज्जा खाने के नतीजे इंस्टाग्राम पेज तस्वीर डालकर पोस्ट की। केल टमाटर और चीज स्नैक के 365 पिज्जा खाने के बाद भी बीमार नहीं पड़ा। इतना ही नहीं उसने चैरिटी के लिए पैसे भी जमा किए। गो फंड मी पेज पर उसने 6 लाख 80 हजार रूपए जमा किए। केले ने ऑटिज्म स्पीक्स को अपनी पसंद की चैरिटी के रूप में चुना।

## लैपटॉप की स्क्रीन को साफ करने से पहले जरा ध्यान दें

अगर आप अपने लैपटॉप या फिर कंप्यूटर को साफ करने की सोच रहें है तो जरा संभल कर ऐसा न हो कही आप की जरा सी चूक की वजह से लैपटॉप या फिर कंप्यूटर की स्क्रीन का भारी नुकसान हो। अक्सर देखा गया है ग्लास या फिर स्क्रीन को साफ करने के लिए पेट्रोल, केमिकल या फिर साधारण पानी का प्रयोग किया जाता है। इसके प्रयोग से स्क्रीन में स्क्रैच के साथ उसकी चमक भी चली जाती है। लैपटॉप या फिर पीसी की स्क्रीन को साफ करने के लिए प्रयोग किया जाने वाला कपड़ा काफी सॉफ्ट और साफ होना चाहिए।

## पेट के कैंसर से बचा सकता है बैंगनी आलू



बैंगनी आलू को अपने भोजन में शामिल कर आप पेट के कैंसर से बच सकते हैं। बैंगनी आलू पेट के कैंसर के लिए जिम्मेदार स्टेम कोशिकाओं को नष्ट कर देते हैं तथा इस घातक बीमारी को फैलने से रोकते हैं। अमेरिका की पेन्सिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में खाद्य विज्ञान के सहायक प्रोफेसर जयराम वानामाला ने बताया कि कैंसर का मुकाबला करने के लिए स्टेम कोशिकाओं पर हमला करना एक प्रभावी तरीका है।

आदतन

# झूठ बोलने की बीमारी



**आज** अधिकतर लोग यही कहते मिल जाएंगे कि झूठ बोलने में हर्ज ही क्या है। झूठ की शान तब और बढ़ जाती है जब यह कहा जाता है कि कोई काम यदि झूठ बोलने से बनता हो या किसी की जान बचती हो तो झूठ बोलने में कोई हर्ज नहीं। मगर झूठ का मामला यहीं नहीं रुकता। आज यह कारोबार है, जीवनशैली है। हमें अपने इर्दगिर्द तमाम ऐसे लोग मिल जाएंगे जो सुबह से शाम तक कई बार झूठ बोलते हैं। उनके लिए यह सामान्य बात है और यह इस हद तक जा पहुंचता है कि इसमें उन्हें मजा आने लगता है।

अपने झूठ के सहारे किसी दूसरे को चकित या भ्रमित करना उनके लिए ओलंपिक में भाग लेने से कम नहीं है। बहरहाल, ऐसे लोग अपनी इस आदत या शौक के बारे में चाहे जो सोचें लेकिन मनोचिकित्सकों की निगाह में यह एक बीमारी है। उनकी सलाह है कि लोग सावधान हो जाएं। हो सकता है कि सामने वाले पैथोलॉजिकल लायर यानी झूठ बोलने के शिकार हों। ऐसे व्यक्ति अपने हिस्टीरिकल व्यक्तित्व की वजह से चाह कर भी सच नहीं बोल पाते। वे रोजमर्रा के जीवन में बिना हानि-लाभ के भी झूठ बोलते हैं। वे अपनी बात शुरू ही झूठ से करते हैं।

दूसरे, कुछ लोग अपनी ही बात को झूठ साबित करने पर तुले रहते हैं। वे सुबह कुछ कहते हैं और शाम को कुछ और। मगर ऐसे लोगों का झूठ समाज को नुकसान नहीं पहुंचाता। हां, इससे उनसे घर वाले व नजदीक के दूसरे लोग जरूर परेशान होते हैं। घर के माहौल, अतिरिक्त दबाव, भय या आनंद के लिए भी कई दफा बच्चों को झूठ बोलने की आदत पड़ जाती है। वे बात-बात में झूठ बोलते हैं। बड़े होकर यही बच्चों बिना बात साधारण-सी घटना को बढ़ा-चढ़ाकर बताने की आदत पाल लेते हैं। धीरे-धीरे यह झूठ उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाता है और उन्हें अपने झूठ बोलने का अहसास ही नहीं रह जाता। रोजमर्रा से जुड़ी घटनाओं को लें और देखें कि आप झूठ पकड़ने में कितने होशियार हैं।

वे अपने भाई या बेटे से पूछें कि क्या तुम सिगरेट पीते हो या कोई महिला अपने पति से पूछे कि तुम रोजाना देर से क्यों घर आते हों? क्या तुम्हारे ऑफिस में काम बढ़ गया है या तुम मुझसे कुछ छिपा रहे हो? जो भी उत्तर मिलेगा, उससे यह जाना जा सकता है कि वे झूठ बोल रहे हैं या झूठ। सच का पता लगाने के लिए किसी खास प्रशिक्षण की जरूरत नहीं होती। न ही सामने वाले को कोई अपराधी मानने की जरूरत है। बस उनकी आवाज पर ध्यान दें क्योंकि आवाज के सहारे यह पता लगाया जा सकता है कि झूठ बोला जा रहा है या सच। झूठ बोलते हुए आवाज में परिवर्तन आने के वैज्ञानिक प्रमाण मौजूद हैं। यह बात दूसरी है कि हम उस पर ध्यान नहीं देते, खासकर तब जब बोलने वाला थोड़ा चालाक हो। इसलिए प्रश्न पूछने के बाद बोलने वाले की आवाज पर ध्यान देना चाहिए। झूठ बोलते ही बोलने वाले की सामान्य व्यवहार में परिवर्तन आ जाता है।

या तो वह जरूरत से ज्यादा संयमित दिखने की कोशिश करेगा या हाथों का सहज चलना एकाएक बंद हो जाएगा। धोखाधड़ी के मामलों पर अध्ययन कर रहे विशेषज्ञों ने माना है कि मनुष्य में सच-झूठ में अंतर करने की क्षमता निहायत कमजोर होती है। लंबे समय तक शोधकर्ता यही तर्क देते रहे कि झूठ बोलने वाले नजरें मिलाने से कतराते हैं। सच न बोलने वाले सामान्य लोगों से ज्यादा नजरें मिलाकर और दम से बात करते हैं। झूठ बोलने वाला ऐसा इसलिए करता है ताकि अपने चारों तरफ सच का वातावरण तैयार कर सके और यही वह स्थिति है जहां हम धोखा खा जाते हैं।

अब तक शोधकर्ताओं ने झूठ बोलने वाले के बारे में यही कहा है कि झूठ बोलने वाला प्रश्न पूछे जाने पर रुक-रुक कर और सोच-सोचकर बोलता है। उसका वाक्य-विन्यास छोटा होता है। उसकी भाषा में गलतियां होती हैं और पूरी बातचीत के दौरान स्थिर-सा रहता है।

## झूठ बोलने वाले को कैसे पहचानें

- झूठ बोलने वाला व्यर्थ की बातों को बढ़ा-चढ़ाकर बताता है।
- इस तरह की सोच वाले हमेशा अपने आपको दूसरों से बेहतर साबित करने में लगे रहते हैं। अगर किसी व्यक्ति को सही-गलत सिखाना चाहेंगे तो वह उलट कर आपको गलत साबित करने की कोशिश करेगा। प्यार और अच्छे मकसद से समझाने पर भी आपकी बात नहीं मानेगा। वह बहस करने लगेगा। वह अपने आप में किसी भी तरह की कमी से इनकार कर देता है।
- इस तरह का व्यक्ति अपने आसपास एक सच्चाई का घेरा बनाकर रखता है लेकिन, वह सच का महत्व नहीं समझता। अगर उसे झूठा बोलोगे तो वह या तो कन्नी काट लेगा या फिर सामने वाले व्यक्ति को बुरा-भला कहकर खुद को सच्च साबित करने में लगा रहेगा। वह जब अपनी बात साबित नहीं कर पाता तो ऐसे दर्शाता है जैसे कुछ भी नहीं हुआ है और सब मिलकर बात का बतंगड़ बना रहे हैं।
- इस तरह के व्यक्ति क्योंकि सच में विश्वास नहीं करते इसलिए वफादार भी नहीं होते। वह व्यक्ति हर समय अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हैं तथा किसी भी परिस्थिति में अपने जैसे व्यक्ति ढूंढ़ते हैं।
- अगर ऐसे व्यक्ति का झूठ पकड़ा जाता है तो वह सहानुभूति अर्जित करने के लिए अपने आपको बीमार दिखाते हैं तथा अपने आपको किसी भयंकर बीमारी से ग्रस्त बताकर सहानुभूति लेना चाहते हैं। यह उस स्थिति से बचने का हथियार होता है।
- यह व्यक्ति हमेशा अपनी बातों पर टिककर नहीं रह पाता। पल-पल में वाक्य बदलता है, पर ऐसे लोगों की मैमोरी जबरदस्त होती है। वे एक साथ कई झूठ बोलते हैं और यह याद भी रखते हैं कि कहां क्या बोला था। इससे उनका झूठ जल्दी पकड़ा नहीं जाता।






## यह है इलाज

आदतन झूठ बोलने वाले को किसी अच्छे मनोचिकित्सक और मनोवैज्ञानिक की सलाह लेकर कुछ सेशन लेने चाहिए।

**साइकोथैरेपी:** यह एक लम्बी प्रक्रिया है। इसमें रोगी को मनोवैज्ञानिक बल दें। रोगी का ध्यान दूसरी तरफ लगाने की कोशिश करें। नकारात्मक व नैराश्यपूर्ण बातें, मानसिक परेशानियों का कारण बनती हैं। रचनात्मक गतिविधियों में अपनी सक्रियता बढ़ाकर इससे बचा जा सकता है। यह अनुसंधान से साबित हो चुका है। मधुर संगीत आपके तनाव को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। भजन या फिर शास्त्रीय संगीत का आनंद लें।

**संज्ञानात्मक व्यवहारात्मक थैरेपी:** यह आपके नकारात्मक विचारों को दूर करने में सहायक होती है। इसके अलावा, जीवन के प्रति आपका सकारात्मक रवैया बनता है।

# कब्ज से निजात के लिए करें योगमुद्रासन



**कहा** जाता है कि बीमारियों की शुरुआत पेट से होती है। अगर पेट कब्जियत से मुक्त हो तो उसकी कार्यप्रणाली सुचारु होती है और जब पेट की कार्यप्रणाली सुचारु होती है तो तमाम बीमारियां अपने-आप दूर रहती हैं। स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है कि पेट को दुरुस्त रखा जाए और इस दृष्टि से योगमुद्रासन का नियमित अभ्यास एक अच्छा उपाय हो सकता है। चूंकि योगमुद्रासन रीढ़ से जुड़ी नसों की कार्यप्रणाली को भी सही करता है, इसीलिए योग की साधनाओं की उपयोगिता बहुत महत्वपूर्ण है।

## आसन की विधि

- टांगों को सामने फैला कर बिल्कुल सीधा बैठें।
- अब दाएं घुटने को मोड़कर पांव को बायीं जांघ पर इस तरह रखें कि एड़ी घुटनों के मूल से सटी हो।
- अब बायीं टांग को भी घुटनों से मोड़कर पांव को दाईं जांघ पर वैसे ही रखें जैसे पहले दायें पांव को बाईं पर रख चुके हों।
- वस्तुत- यह पद्मासन है। जो योगमुद्रासन की साधना के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है। अगर पद्मासन मैं बैठना आपके लिए संभव न हो तो आप अपनी सुविधानुसार अर्ध पद्मासन में भी बैठ सकते हैं। इसके लिए आपको घुटने तो दोनों मोड़ने होंगे, लेकिन जांघ पर एक ही पांव रखना होगा। दूसरा पांव आप एक पैर के नीचे रख सकते हैं।
- अब आप अपनी आंखें बंद कर लें। गहरी सांस लें और शरीर को ढ़ीला छोड़ दें।
- दोनों हाथों को पीठ की तरफ पीछे ले जाएं और एक हाथ की कलाई को दूसरे हाथ से पकड़ लें।
- सांस को धीरे-धीरे बाहर की तरफ छोड़ते हुए आगे की तरफ इस तरह झुके कि ललाट फर्श की तरफ हो।
- शरीर को फिर से ढ़ीला छोड़ दें और सामान्य ढंग से सांस लें। जितनी देर तक आसानी से संभव हो इसी मुद्रा में बनी रहें।
- इसके बाद सांस को अंदर की ओर खींचते हुए वापस पहले जैसी अवस्था में आ जाएं।
- बैठने के लिए पद्मासन की मुद्रा में पांवों को आपस में अदल-बदल कर यानी बाएं की जगह दाएं और दाएं की जगह बाएं पैर को रखकर इसी प्रक्रिया को दुहराएं।

**इस आसन से लाभ:** यह पेट की मांसपेशियों का मसाज करता है। इससे पेट के विभिन्न हिस्सों में होने वाली छोटी-बड़ी बीमारियों का उपचार भी हो जाता है। खास तौर से कब्जियत और अपच के मामले में यह अत्यंत लाभकारी साबित होता है। रीढ़ की हड्डी को भी यह पोषण देता है। रीढ़ से जुड़ी हुई नसों में लोच उत्पन्न करके यह उनकी कार्यप्रणाली को अधिक सुचारु बनाता है और स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

**सावधानियां:** अगर आपकी आंखों, हृदय या पीठ में लंबे समय से कोई गंभीर रोग हो तो इस आसन का अभ्यास न करें। अगर किसी तरह का ऑपरेशन या प्रसव हुआ हो तो भी कुछ दिन रुक कर स्वास्थ्य सामान्य हो जाने के बाद ही इसका अभ्यास करना चाहिए।

**कुछ खास बातें:** आसन करते हुए अगर आप पर्याप्त समय तक इसका अभ्यास न कर सकें तो थोड़े-थोड़े समय के लिए दो-तीन बार इसका अभ्यास कर सकती हैं। इस आसन का अभ्यास या तो सुबह नाश्ते के पहले कर लें या फिर दोपहर के भोजन के कम से कम चार घंटे बाद शाम को करें। योगमुद्रासन के बाद कोई ऐसा आसन भी करना चाहिए जिसमें पीठ पीछे की ओर मोड़ी जाती हो।

# अपने बच्चों की आंखों पर भी दें ध्यान

**आंखें** प्रकृति की नियामत हैं। इन्हें सहेज कर रखना हम सबका कर्तव्य है। बचपन से ही बच्चों को सिखाया जाना चाहिए कि आंखों की उचित देखभाल करना कितना जरूरी है।



## क्या करें

- बच्चे की पढ़ाई वाले स्थान पर उचित प्रकाश का होना आवश्यक है।
- जब बच्चा पढ़ रहा हो तो माता-पिता इस बात पर ध्यान दें कि पुस्तक पर प्रकाश पड़ना चाहिए न कि पुस्तक पर अपनी परछाई।
- कुछ भी खाने से पूर्व बच्चों को सिखाएं कि अपने हाथों को अच्छी तरह धोने के बाद ही भोजन ग्रहण करें।
- बच्चों के नाखूनों को समय-समय पर काटते रहें।
- बच्चों को संतुलित आहार दें। आहार में सूप, मौसमी, हरी सब्जियां, फल, दूध, दही आदि दें।
- बच्चों को कम से कम 8 घंटे की नींद लेने दें।
- सूर्य की तेज किरणों से बच्चों को बचा कर रखें। अधिक गर्मी में उन्हें बाहर न भेजें और न ही खेलने दें।
- बच्चों को समझाएं कि बैठ कर पढ़ाई करें और टी.वी. भी बैठकर देखें। पुस्तक उचित दूरी पर रखें और आंखों के बीच उचित दूरी बना कर रखें।
- टी.वी. देखते समय बीच-बीच में आंखों को आराम दे।
- बच्चों को तेज हवा में बाहर जाने से रोकें।
- बच्चों को आंखों के हल्के-फुल्के व्यायाम सिखाएं। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए दोनों हथेलियों से आंखों को ढ़ंक कर नेत्रों को चारों ओर धीरे-धीरे घुमाएं।
- बच्चों की कब्ज पर ध्यान दें। कब्ज भी आंखों पर कुप्रभाव डालती है।
- बच्चों को नहलाते समय ध्यान दें कि साबुन वाला पानी या झाग आंखों में न जाए।
- लगातार सिरदर्द की शिकायत होने पर बच्चों की आंखों का चेकअप करवाएं।




## क्या न करें

- गंदे पानी से आंखों को न धोने दें।
- दूसरों के रूमाल, तौलिए और ऐनक का प्रयोग न करने दें।
- कम रोशनी में बच्चों को न पढ़ने दें।
- बच्चों को गंदे हाथ आंखों पर न मलने दें।
- बगैर चिकित्सक से परामर्श लिए कोई भी दवा आंखों में न डालें।
- गर्म पानी का शावर सीधा चेहरे पर न डालने दें।
- तेज रसायनयुक्त साबुन, शैम्पू का प्रयोग न करने दें।

## रेसिपी

### कड़ाला करी



**सामग्री**

1 कप काला चना, रातभर भिगोकर छाने हुए, 1 टेबल-स्पून खड़ा धनिया, 1 टी-स्पून सौंफ, 5 सूखी लाल मिर्च (पान्डी), टुकड़ो में तोड़ी हुई, 3/4 कप कसा हुआ नारियल, 1 1/2 टेबल-स्पून तेल, 1/2 कप बारीक कटा हुआ प्याज, 1 कप बारीक कटे हुए टमाटर,1/4 टी-स्पून हल्दी पाउडर, नमक स्वादअनुसार, 1/2 टी-स्पून सरसो, 1 सूखी कश्मीरी लाल मिर्च, टुकड़ो में तोड़ी हुई, 5 कड़ी पत्ता

**विधि**

खड़ा धनिया, सौंफ और पान्डी लाल मिर्च को एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में मिलाकर मध्यम आंच पर 3 मिनट के लिए भुन लें। मिश्रण को पुरी तरह ठंडा होने दें। ठंडा करने के बाद, नारियल और लगभग 1/2 कप पानी के साथ मिक्सर में पीसकर मुलायम मिश्रण बना लें। चना, नमक और 2 कप पानी को एक प्रैशर कुकर में मिलाकर, 4 सीटी तक प्रैशर कुक कर लें। ढ़क्कन खोलने से पूर्व सारी भाप निकलने दें। एक तरफ रख दें। एक गहरी नॉन-स्टिक कढ़ाई में 1 टेबल-स्पून तेल गरम करें, प्याज डालकर मध्यम आंच पर 3-4 मिनट तक भून लें। टमाटर डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच-बीच मे हिलाते हुए, मध्यम आंच पर 4 मिनट तक पका ले। तैयार पेस्ट और हल्दी पाउडर पालकर अच्छी तरह मिला ले और मध्यम आंच पर, बीच-बीच मे हिलाते हुए 4 मिनट तक पका लें। पके हुए चने के पानी के साथ चना और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर, बीच-बीच मे हिलाते हुए 6 से 8 मिनट तक पका लें।

### उसल



**सामग्री**

1 कप मिले-जुले अंकुरित दानें (मूंग, चना, मटकी आदि), 2 टी-स्पून तेल, 1 टी-स्पून जीरा, 1/4 टी-स्पून हींग, 1/2 कप कटा हुआ प्याज, 1 कप कटे हुए टमाटर, 3 टेबल-स्पून तैयार सूखी लहसुन की चटनी, 1/2 टी-स्पून हल्दी पाउडर, नमक स्वादअनुसार, सजाने के लिए, 1/4 कप बारीक कटा हुआ प्याज, 2 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया, परोसने के लिए, लेमन वेज

**विधि**

एक प्रैशर कुकर में तेल गरम करें और जीरा और हींग डालें। जब बीज चटकने लगे, प्याज डालकर, मध्यम आंच पर 1 मिनट तक भुन लें। टमाटर डालकर, मध्यम आंच पर 2 मिनट के लिए, बीच-बीच में हिलाते हुए पका लें। सूखी लहसुन की चटनी डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच में एक बार हिलाते हुए, मध्यम आंच पर 1 मिनट तक पका लें। मिले-जुले अंकुरित दानें, हल्दी पाउडर, नमक और 11/2 कप पानी डालकर अच्छी तरह मिला लें और 3 सिटी तक प्रैशर कुक कर लें। ढ़क्कन खोलने से पुर्व सारी भाप निकलने दें। प्याज और धनिया से सजाकर, लेमन वेजस् के साथ गरमा गरम परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**